# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार, 24 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 128 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## तृतीय नवदुर्गा : माता चंद्रघंटा

**वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखरम।**
**सिंहारूढा चंद्रघंटा यशस्वनीम।।**



मां दुर्गा की तृतीय शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि विग्रह के तीसरे दिन इनकी पूजन किया जाता है। मां का यह स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसीलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्ज्वल है। इनके दसों हाथों में खड्ग, बाण आदि शस्त्र सुशोभित रहते हैं। नवरात्र की तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजद नेता की संदिग्ध मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के उताकी में राष्ट्रीय जनता दल के नेता जयशंकर ठाकुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उनका शव गांव में ही एक कुएं के पास मिला है। जयशंकर ठाकुर के शरीर पर कई जगह जलने के निशान हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पूरे मामले में पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल पर जांच के लिए डॉग स्क्वॉड को भी भेजा गया है। पुलिस की टीम कैंप कर रही है।

### पत्नी ने दरवाजा नहीं खोला तो लगाई फांसी

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के दुलसुलमा पंचायत के हुडमुड गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 28 वर्षीय सुरेंद्र सिंह उर्फ बडकु सिंह ने एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर सतबरवा थाना के एएसआई अमित उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा गया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।

### तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** पचंबा थाना क्षेत्र के चैताडीह स्थित मातृ-शिशु इकाई केंद्र के पास एक गड्ढेनुमा तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पसराबहियार निवासी 50 वर्षीय मुर्तज़ा अंसारी के रूप में हुई है। मुर्तज़ा रोजाना की तरह सुबह नाश्ता कर ड्यूटी के लिए निकले थे। वह तालाब में नहाने उतरे और गहराई में चले गए। वहां से वह बाहर नहीं निकल पाए।

### प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** खरसावां जिले के आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया फ़ेज-2 में स्थित अंजनी प्लास्ट इंडस्ट्रीज में मंगलवार सुबह आग लग गई। प्लास्टिक ग्लास और अन्य प्लास्टिक उत्पादों का निर्माण करने वाली इस फैक्ट्री में सुबह 9 बजे आग लगी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पूरा फैक्ट्री परिसर इसकी चपेट में आ गया। धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। आदित्यपुर फायर स्टेशन से पांच दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों ने भी बाल्टी और पाइप से आग बुझाने में मदद की। पांच घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।


### ट्रक चालक ने होमगार्ड के दो जवानों को रौंदा

जमुई(नबिटा ब्यूरो)। जिले के चकाई-चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के माधोपुर बाजार के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। रात्रि गश्ती के दौरान सड़क किनारे खड़ी पुलिस गश्ती वाहन को गिट्टी लदे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक होमगार्ड जवान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि पुलिस वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# जमीन घोटाला व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कई स्थानों पर इडी का छापा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**रांची।** राजधानी रांची में मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर बड़ी कार्रवाई की। टीम ने कांके स्थित कांके रिसॉर्ट, कडरू, अशोक नगर और सुखदेव नगर इलाके में एक साथ छापेमारी की। सुबह-सुबह कई वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे ईडी अधिकारियों ने संबंधित परिसरों को घेरकर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू कर दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग मौके पर हो रही गतिविधियों को देखते रहे। वहीं अधिकारियों ने रिसॉर्ट और अन्य ठिकानों से जमीन से जुड़े कागजात खंगाले।



सूत्रों के अनुसार ईडी की कार्रवाई कांके प्रखंड के चामा मौजा की विवादित जमीन से जुड़ी है। यह जमीन सीएनटी एक्ट के तहत आदिवासी प्रकृति की बताई जाती है, जिसे कथित रूप से फर्जी दस्तावेज बनाकर जनरल कर खरीद-बिक्री की गई। जुलाई 2024 में भी ईडी ने इस जमीन का सत्यापन किया था और अंचल कार्यालय तथा कांके रिसॉर्ट पहुंचकर दस्तावेज जांचे थे। उस समय आम लोगों से भी बयान लिए गए थे। इस बहुचर्चित जमीन घोटाले में जमीन माफिया कमलेश कुमार सिंह और कांके रिसॉर्ट के मालिक बीके सिंह सहित कई आरोपित नामजद हैं। जांच एजेंसी का मानना है कि अवैध तरीके से जमीन की खरीद-बिक्री कर मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए इसे वैध बनाने की कोशिश की गई। मिली जानकारी के अनुसार इस छापेमारी के दौरान ईडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे हैं। शुरुआती जांच में कुछ अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ईडी टीम जमीन कारोबारियों, बिल्डरों और आरोपितों से जुड़े लेन-देन की पड़ताल कर रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस घोटाले से जुड़े कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

# पांच लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर।** उत्तर प्रदेश एटीएस की टीम ने झारखंड के मोस्ट वांटेड नक्सली नगीना को गिरफ्तार किया है। नगीना पर झारखंड के पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में कई नक्सल घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। झारखंड में नगीना पर पांच लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। दरअसल 14 सितंबर को पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के सिलदिली इलाके में सुरक्षाबल एवं टीएसपीसी के नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में नगीना बच निकला था। इस मुठभेड़ में पांच लाख का दूसरा इनामी नक्सली मुखदेव यादव मारा गया था। 3 सितंबर को पलामू के मनातू थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दो जवान शहीद हुए थे। इस घटना का मास्टरमाइंड सब जोनल कमांडर नगीना है। सिलफिली मुठभेड़ में नगीना उत्तर प्रदेश के लखनऊ के इलाके में भाग गया था। उत्तर प्रदेश में भी नगीना पर नक्सली एवं अन्य अपराधी घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। उत्तर प्रदेश एटीएस भी नगीना को लंबे वक्त से तलाश कर रही थी। पलामू के छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। विस्तृत जानकारी इकट्ठा की जा रही है। दरअसल नगीना टीएसपीसी में जोनल कमांडर है। नगीना टीएसपीसी के सुप्रीमो शशिकांत गंझू का काफी नजदीक माना जाता है। टीएसपीसी में वह हर वक्त एके-47 लेकर चलता है। पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में नगीना पर 25 से अधिक नक्सल हमले को अंजाम देने का आरोप है।

# धनबाद स्टेशन पर दो लोगों के पास से 41 लाख रुपये बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** रेलवे द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सतर्क और मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर चलाए गए चेकिंग अभियान में आरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। धनबाद स्टेशन के साउथ साइड लगेज स्कैनर के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों के पिट्ठू बैग से 41 लाख 22 हजार 400 नगद बरामद किया है। वरीय सुरक्षा आयुक्त अनुराग मीणा ने बताया कि आरपीएफ और सीआइबी की टीम ने कार्रवाई कर दोनों को हिरासत में लिया और बरामद रुपए को आयकर विभाग को सुपुर्द कर दिया है। दोनों हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की पहचान रोहतास जिले के सूर्यपुरा निवासी हरेंद्र प्रसाद (50) और संतोष कुमार खरवार (45) के रूप में हुई है। दोनों व्यक्ति ने रुपए को अखबार व गमछे में छिपाकर स्कैनर से बचने की





कोशिश की थी। फिलहाल रकम को सुरक्षित सीलबंद कर शस्त्रागार में रखा गया है और आगे की जांच आयकर विभाग कर रही है। वहीं, वरीय सुरक्षा आयुक्त धनबाद अनुराग मीणा ने कहा कि जंक्शन के दक्षिणी छोर तरफ स्टेशन प्रवेश के दौरान लगेज स्कैनर में एक पिठू बैग में भारी मात्रा में रुपए बरामद किए गए हैं। साथ ही दो व्यक्तियों भी गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी इनकम टैक्स विभाग को दी गई है। आगे की करवाई आयकर विभाग कर रही है।

# प्रधानमंत्री का जीवन सबके लिए प्रेरणादायी : अन्नपूर्णा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कोडरमा रेलवे परिसर के समीप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन एवं कार्यकलापों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी लगाई। इसका उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। प्रदर्शनी एक सप्ताह तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। इस मौके पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका बचपन से लेकर आज तक का सफर त्याग, समर्पण और राष्ट्र सेवा का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पीएम ने 'सेवा ही संकल्प' के मार्ग पर चलते हुए देश को नई दिशा दी है। राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाना, स्वच्छ भारत अभियान, चंद्रयान और गगनयान जैसी उपलब्धियां



उनके नेतृत्व की मिसाल हैं। विधायक डा. नीरा यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी जैसे कर्मठ प्रधानमंत्री पाकर देश गौरवान्वित है। उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और सशक्त हुआ है। हाल ही में नवरात्रि पर जीएसटी सुधारों से आमजन को सीधी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तीकरण मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। विधायक अमित यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। डिजिटल इंडिया, हर घर जल, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और सबको घर उपलब्ध कराने जैसी योजनाओं ने भारत को नए विकास पथ पर आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम संयोजक नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि नरेंद्र मोदी इस देश के सच्चे राष्ट्रीय पुरुष हैं। उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर होते हुए विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। बहुत जल्द भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश सिंह, रवि मोदी, प्रकाश राम, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, डा नरेश पंडित, चंद्रशेखर जोशी, गोपाल गुतुल, सुनील बड़गवे, जयप्रकाश राम, सुनीति सेठ और रीता लोहानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।

# स्वच्छता को लेकर चलेगा श्रमदान अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र के निर्देश पर सरकारी स्कूलों में 16 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। वहीं 17 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम शुरू हुआ है। इसका समापन दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर होगा। इस दौरान ही सभी सरकारी स्कूलों में 25 सितंबर को सरकारी स्कूलों में 'एक दिन एक घंटे एक साथ' श्रमदान अभियान चलाया जाएगा। इसमें बच्चे एवं शिक्षक स्कूल परिसर की साफ-सफाई का काम करेंगे। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने इसे लेकर मंगलवार को आदेश जारी कर दिया है। साथ ही इसके क्रियान्वयन के निर्देश सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को दिए हैं। उन्होंने एक घंटे के इस अभियान में सभी शिक्षकों, स्कूल कर्मियों के साथ-साथ समुदाय के लोगों की भागीदारी



सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा तथा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्कूलों में उन जगहों की पहचान की जाएगी, जहां गंदगी है तथा साफ-सफाई जरूरी है। बच्चे और शिक्षक स्वच्छता शपथ भी लेंगे। स्कूलों में स्वच्छता को केंद्र बिंदु में रखते हुए कई प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें क्विज, निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि हैं। पौधरोपण और प्रभात फ़ेरी का भी आयोजन किया जाना है। केंद्र ने इस बार के स्वच्छता पखवाड़ा का थीम 'स्वच्छोत्सव' रखा है। राज्य परियोजना निदेशक ने इन सभी गतिविधियों को 'स्वच्छोत्सव' टैगलाइन के साथ आयोजित करने, नियमित समीक्षा करने तथा विभाग को रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए हैं।

# निगरानी के हत्थे चढ़े सहकारिता पदाधिकारी

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** निगरानी की टीम ने जिला सहकारिता प्रसाद पदाधिकारी रंजीत शंकर प्रसाद को 10 हजार रूपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। निगरानी विभाग की टीम ने जीरो माइल स्थित एक होटल के समीप से उन्हें गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है बछवाड़ा प्रखंड क्षेत्र के रसीदपुर के पैक्स अध्यक्ष अखिलेश कुमार सुमित अपने पैक्स भवन का गोदाम बनवाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवेदन दिया था। इस आवेदन को स्वीकृति के लिए आगे बढ़ाने के लिए सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रंजीत शंकर प्रसाद ने 25 हजार रुपए की डिमांड कर रहे थे लेकिन पैक्स अध्यक्ष पैसा देने के लिए तैयार नहीं थे। सहकारिता प्रसाद पदाधिकारी ने कहा कि 10 हजार दीजिएगा तभी गोदाम बनाने के लिए आवेदन आगे बढ़ाया जाएगा।

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हिरासत में चार महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह इलाके में पुलिस ने एक किराए के मकान में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सोमवार देर शाम मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। मकान में पिछले एक महीने से कुछ महिलाएं रह रही थीं। स्थानीय लोगों ने पुरुषों के लगातार आने-जाने की सूचना दी थी। संदेह होने पर पड़ोसियों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सोमवार रात जब दो पुरुष मकान में दाखिल हुए तो पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की योजना बनाई। महिला पुलिस दल के साथ पहुंची टीम ने मकान को चारों ओर से घेर लिया। मकान का दरवाजा अंदर से बंद था जिसे मास्टरकी से खोलकर पुलिस ने अंदर प्रवेश किया। तलाशी के दौरान छह महिलाएं पाई गईं जिनमें से चार को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं एक युवक खिड़की से कूदकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मकान का मालिक लेदा निवासी टेकलाल मंडल है और फ्लैट में रहने वाला व्यक्ति खुद को ड्राइवर बताता था। बताया जा रहा है कि तीन फ्लैटों वाले इस मकान के एक हिस्से में परिवार रहते हैं जबकि एक फ्लैट में देह व्यापार का संचालन हो रहा था। पुलिस के पहुंचने से पहले ही कथित ड्राइवर खिड़की से कूदकर फरार हो गया। मौके से पुलिस ने आपत्तिजनक सामग्री, दवाइयां और अन्य सबूत बरामद किए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि हिरासत में ली गई महिलाओं से पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। मकान मालकिन से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जल्द ही मुख्य आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।

# सूची में अपना विवरण भरकर मतदाता जांच सकते हैं अपना नाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा वर्ष 2003 में हुए विशेष पुनरीक्षण के बाद तैयार की गई मतदाता सूची को आम जनता के लिए उपलब्ध कराया गया है। यह सूची ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में उपलब्ध है ताकि हर नागरिक आसानी से अपना नाम जांच सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आधिकारिक वेबसाइट पर 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध है। वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर अथवा दिए गए क्यूआर कोड़ को स्कैन कर 2003 के मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर कोई भी राजनीतिक दल/सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम जनता के द्वारा संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र अथवा किसी भी मतदान केंद्र की मतदाता सूची की पीडीएफ प्रति को आसानी से डाउनलोड कर प्रिंट किया जा सकता है। जिन मतदाताओं को ऑनलाइन सूची देखने में असुविधा हो उनके लिए मतदाता सूची की प्रिंट प्रतियां राज्य के सभी बूथ लेवल ऑफिसर, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालयों में भी उपलब्ध हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने जानकारी दी कि जो मतदाता रोजगार या अन्य कारणों से राज्य से बाहर रहते हैं और वहां की मतदाता सूची में जुड़ चुके हैं, वे संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी अपना नाम देख सकते हैं।

# दुर्गा पूजा को लेकर दुरुस्त होगी सुरक्षा-ट्रैफिक व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** नवरात्र की शुरुआत हो चुकी है। पंचमी या षष्टी से मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पंडालों तक उमड़ेगी। ऐसे में भीड़ और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए ट्रैफिक पुलिस विशेष रूप से अपनी तैयारी पूरी कर चुकी है। नक्सल अभियान में अपना लोहा मनवाने के बाद आइपीएस राकेश सिंह अब रांची के ट्रैफिक एसपी की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने की जिम्मेदारी पूरी तरह से आईपीएस राकेश सिंह पर है। दुर्गा पूजा के शुरुआत से लेकर विसर्जन तक ट्रैफिक को लेकर किस तरह की तैयारी की गई है इस पर ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह की गयी। दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी में बने एक दर्जन से ज्यादा भव्य पूजा पंडालों तक श्रद्धालु सुगमता



के साथ पहुंच सके, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही है। रांची के ट्रैफिक एसपी का पदभार संभालने के बाद आईपीएस राकेश सिंह लगातार होमवर्क कर रहे हैं। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि राजधानी में ट्रैफिक रूट पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। ट्रैफिक एसपी ने बताया कि पूजा के दौरान 1100 जवान और 50 से ज्यादा अफसर ट्रैफिक व्यवस्था में लगाये जा रहे हैं। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय से मिलने वाले अतिरिक्त बल को भी ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए ड्यूटी पर लगाया जाएगा। ट्रैफिक एसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान पूरे शहर में 1000 से ज्यादा ड्रॉप गेट तैयार किए जा रहे हैं। पंडालों तक पहुंचाने के लिए रास्ता सुगम रहे, इसके लिए नो एंट्री गेट भी बनाए जा रहे हैं जहां ट्रैफिक के अलावा जिला बल के जवान भी तैनात रहेंगे। रूट में पार्किंग बनाया जा रहा है ताकि विषम परिस्थिति में वाहनों को या फिर इमरजेंसी में मेडिकल वाहनों को भी भीड़ से निकाला जा सके। शहर में पंडाल के आसपास कई पार्किंग स्थल भी चयनित किया गया है, वहां भी वाहनों की सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती की जा रही है। वैसे तो ट्रैफिक जवानों का प्रमुख काम लोगों को जाम से मुक्ति दिलवाना और सुगम यातायात की व्यवस्था करना है। लेकिन दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक जवानों को दोहरी ड्यूटी निभाने का निर्देश दिया गया है। ट्रैफिक जवानों और अफसर को यह निर्देश दिया गया है कि वह छेड़खानी और छिनतई जैसी वारदातों को भी रोकने का काम करेंगे। अगर कहीं माहौल खराब होता है तो वे तुरंत अपने सीनियर पदाधिकारी को सूचित करेंगे ताकि समय रहते माहौल को खराब होने से रोका जा सके। ट्रैफिक एसपी ने बताया कि शहर में भारी वाहनों के प्रवेश और छोटे चार पहिया वाहनों के लिए रूट चार्ट जारी किया जा रहा है। भारी वाहनों का प्रवेश शहर में नहीं होगा, इसके लिए जवानों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है। बड़े वाहनों से पंडाल तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था पंडाल से कुछ दूरी पर की जा रही है।

# ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक होटल के पास छापेमारी कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 106 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान चंदन, राकेश कुमार, राजा रजक और अंशु मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि ये लोग बंगाल से ब्राउन शुगर लाकर बहरागोड़ा और आसपास के क्षेत्रों में बेचते थे। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग के अनुसार जब्त की गई ब्राउन शुगर की कीमत करीब 50 हजार रुपए है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि ये लोग किस मार्ग और नेटवर्क का इस्तेमाल करते थे। एसपी ने कहा कि नशे का यह कारोबार समाज और युवाओं के लिए खतरनाक है।

CMYK

# सुनिश्चित करें कि एक भी पीवीटीजी लाभुक बगैर राशन के नहीं रहे : उपायुक्त

## केपीआई इंडेक्स में अपेक्षा पूर्ण कार्य नहीं करने पर पिपरा के एमओ को शोकॉज

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को आपूर्ति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न एजेंडों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एनएफएसए, ग्रीन कार्ड, सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना, आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना आदि का प्रखंडवार समीक्षा की।

उन्होंने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत अगस्त व सितंबर माह में किये गये खाद्यान्न के वितरण की समीक्षा की। इसी तरह एनएफएसए अंतर्गत माह अक्टूबर 25 का खाद्यान्न के उठाव व डीएसडी की गोदामवार समीक्षा की।



**पीवीटीजी समूहों के बीच राशन वितरण की भी हुई समीक्षा**

बैठक में उपायुक्त ने पीवीटीजी योजना अंतर्गत खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए पीवीटीजी समूहों के बीच शतप्रतिशत राशन वितरण कराने की बात कही। इस दौरान कई एमओ द्वारा बताया गया कि सभी लाभुकों के बीच सितंबर माह का राशन वितरण कर दिया गया है। लेकिन पॉश मशीन खराब रहने के कारण एंट्री नहीं हो पायी है।डीसी ने कहा कि एक भी पीवीटीजी लाभुक वगैर राशन के नहीं रहे, यह सुनिश्चित होना चाहिये। बैठक में उपायुक्त ने बीएसओ लॉगिन में पेंडिंग एप्लीकेशन की समीक्षा की। सभी एमओ को उनके लॉगिन में पड़े आवेदनों को डीएसओ लॉगिन में फॉरवर्ड करने की बात कही। इसी क्रम में केपीआई में अपेक्षा पूर्ण कार्य नहीं करने पर पिपरा के एमओ को शोकॉज करने के निर्देश दिये। वहीं पीजीएमएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निष्पादन पर बल दिया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत सितंबर 2025 का राशन उठाव व वितरण, चीनी- चना दाल वितरण सहित अन्य मामलों आदि की विस्तृत समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न एजीएम व एमओ मौजूद थे।

■ उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक

## प्रतिदिन बगैर चालान के गावां के रास्ते बिहार भेजी जा रही है गिट्टी, प्रशासन बन रहा मूकदर्शक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के गावां थाना क्षेत्र के गावां बासोडीह मुख्य मार्ग में इन दिनों दर्जनों की संख्या में ट्रक व हाईवा द्वारा बगैर चालान का गिट्टी बिहार भेजा जा रहा है, जिससे झारखंड सरकार के लाखों का राजस्व का चुना लग रहा है। हैरत की बात तो यह है कि गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव इस विषय पर काफी आक्रोश एवं गंभीर है और लगातार खनन टास्क फोर्स की बैठक में उनके द्वारा कड़ी चेतावनी भी दी जाती है, उसके बावजूद भी स्थानीय अधिकारियों द्वारा इसे नजर अंदाज कर दिया जाता है।

इससे दिन प्रतिदिन और भी गाड़ियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है ग्रामीणों द्वारा वाहनों को पकड़ने के बाद हुआ खुलासा हुआ की बिना चालान के वाहनों के गिटी जाने का खुलासा सोमवार की देर रात जब उप प्रमुख पति समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने भिखी, मल्हेत समेत अन्य जगहों पर लगभग दस गिट्टी लदे वाहनों को रोके और इसकी सूचना अंचलाधिकारी एवं गावां थाना प्रभारी को दिए। किन्तु देर रात तक जब अंचलाधिकारी नहीं आए ग्रामीणों के दबाव में थाना ने कुछ जवानको भेजा फिर जवानों ने पांच वाहनों को अपने कब्जे में लिए, किंतु इस बीच बाकी बचे वाहनों को उनके चालक लेकर फरार हो गए। एक और जहाँ झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे अवैध खदान पर नियंत्रित करने की प्रक्रिया चल रही है वहीं दूसरी और खदान मालिक एवं अवैध रूप से चलाए जा रहे हैं हाईवा मालिक एवं ट्रक मालिकों को धड़ले से खेल जारी कर रखा है और वहीं प्रशासन एवं पदाधिकारी को ठेंगा दिखाने का काम कर रहें हैं।

# उपायुक्त ने पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पोषण रथ जिले के विभिन्न प्रखण्डों एवं पंचायतों में भ्रमण कर आमजनों को करेगा जागरूक इस दौरान उपायुक्त ने सही पोषण का अलख जगाने की दिलाई शपथ उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया, कहा वृक्षारोपण के साथ-साथ पेड़ों की सुरक्षा भी हम सबकी जिमेवारी है राष्ट्रीय पोषण माह 2025 को लेकर जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज समाहरणालय परिसर से तीन पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह पोषण रथ जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों, प्रखंडों का परिभ्रमण कर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का काम करेगी।

पोषण रथ बच्चों और महिलाओं को पौष्टिक आहार देने के लिए लोगों जागरूक करेगा। इसमें सहिया, सेविका, पोषण सखियां भी अपना योगदान देंगी। लोगों को समझाया जाएगा कि बच्चों को जन्म के 6 माह तक सिर्फ मां का दूध पिलाने, 6 माह पूरे होने के बाद बच्चे को स्तनपान के साथ-साथ पूरक आहार देने, बच्चों को घर का बना ताजा गाढ़ा मसाला हुआ भोजन दिन में 3 से 5 बार देने, भोजन में पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल करने इत्यादि से संबंधित जानकारी दी जाएगी। यह अभियान 16 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। उपायुक्त ने सभी को "सही पोषण देश रोशन" की शपथ दिलाई। जिसमें भारत के बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त स्वास्थ्य, राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाने, अभियान को देशव्यापी जन आंदोलन बनाने, हर घर, हर विद्यालय, हर गांव, हर शहर में सही पोषण का अलख जगाने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। जो पर्यावरण संरक्षण के एक राष्ट्रव्यापी प्रयास का हिस्सा है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करना और पर्यावरण को हरा-भरा बनाकर भविष्य को सुरक्षित रखना है। यह अभियान लोगों को अपनी मातृभूमि और प्रकृति की रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे एक हरे-भरे और स्वस्थ भविष्य का निर्माण हो सके। आगे उपायुक्त ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ-साथ



पेड़ों की सुरक्षा भी हम सबकी जिम्मेवारी है मौके पर उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी ने कहा कि कहा कि पोषण माह का मुख्य उद्देश्य समाज में कुपोषण को समाप्त करना तथा बच्चों एवं महिलाओं को संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को जन्म के छह माह तक केवल माँ का दूध ही दिया जाना चाहिए तथा छह माह के उपरांत स्तनपान के साथ-साथ पूरक आहार देना आवश्यक है। बच्चों को दिन में 3 से 5 बार घर का बना ताजा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना चाहिए, जिसमें हरी सब्ज़ियाँ, दाल, अनाज, अंडा, दूध एवं मौसमी फल सम्मिलित हों, संतुलित आहार से ही बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में सहिया, सेविका एवं पोषण सखियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होगी और प्रत्येक परिवार को पोषण माह को जन-आंदोलन के रूप में अपनाना चाहिए वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती अनीता कुजूर ने बताया कि अभियान के दौरान बताया जाएगा कि आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाले पोषाहार की सही खुराक बच्चों की उचित वृद्धि में सहायता करती है। प्रत्येक माह आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे का वजन और लंबाई नापने, पोषण एवं स्वच्छता दिवस पर सूची के अनुसार आवश्यक टीकाकरण करवाने के साथ बच्चों का मन बहलाते हुए और उन्हें लोरी या कहानी आदि सुनाकर धैर्य से भोजन कराने के लिए प्रेरित किया जएगा मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, श्रीमती अंजना भारती, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, सेविका, सहायिका समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## टीआरडब्ल्यू से रिपेयर्ड ट्रांसफार्मर की गुणवत्ता पर ध्यान दे बिजली विभाग : फॉरवर्ड ब्लॉक


**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डांड़ीडीह स्थित ट्रांसफॉर्मर रिपेयर वर्कशॉप टीआरडब्ल्यू से मरम्मत कर दिए जाने वाले ट्रांसफार्मर की गुणवत्ता पर बिजली विभाग द्वारा ध्यान दिए जाने की जरूरत है। क्योंकि, कई जगहों पर ऐसे रिपेयर कर लगाए गए ट्रांसफार्मर के ज्यादा दिन नहीं चलने के बजाय तुरंत जलने की शिकायतें मिलती हैं उक्त बातें हैं पूर्व जिप सदस्य एवं फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने सदर प्रखंड के बरमसिया गांव में कुछ ही दिन पूर्व टीआरडब्ल्यू से दिए गए ट्रांसफार्मर के पुनः जलने की सूचना मिलने के बाद कही। ऐसा यहां दो माह पूर्व भी हो चुका है उन्होंने कहा कि, कई दूसरे गांवों से भी ऐसी शिकायतें मिलती रही हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि, ट्रांसफार्मर रिपेयर करने में कहीं-न-कहीं कोई त्रुटि रह जा रही है, या फिर वहां अधिक वर्क लोड के कारण हड़बड़ी में काम करने से उसकी एसेंबलिंग ठीक से नहीं हो रही इधर बरमसिया पहाड़पुर के लोग फिर से अंधकार में चले गए हैं और परेशान हैं। इसलिए उन्होंने बिजली विभाग से अविलंब ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। मांग करने वालों में मुख्य रूप से फॉरवर्ड ब्लॉक नेता मनोज कुमार यादव, ठाकुर मंडल, पंकज वर्मा, झारखंडी मंडल, गांगो मंडल, बद्री मंडल, रीता कुमारी, बिशनी देवी, दिनेश्वरी देवी, बेबी देवी, राधिका देवी, मोहनी देवी, नगीना देवी, चांदी देवी, लीलावती देवी, गंगिया देवी, टिपनी देवी सहित अन्य थे।

## जिला प्रशासन द्वारा जन सस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास

# सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनता दरबार का आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन आमजनों की शिकायतों को पारदर्शी ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिसका मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों और समस्याओं को सुनना, उनका त्वरित निवारण करना और प्रशासनिक सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाना है। इसी क्रम में आज जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाकर आमजनों की शिकायतों को सुना और उसके त्वरित निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश



दिया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने जमीन विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, राशन, शिक्षा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों पर अंचलाधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रत्येक मामले में फोन पर संबंधित अधिकारी से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और पारदर्शी ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने।

# घटी जीएसटी, मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी जी ने अपने आवास से पदयात्रा कर सारे बिजनेस करने वाले दुकानदारों से मिले और जानकारी लिए सभी दुकानदारों में धन्यवाद मोदी सरकार बाबूलाल जी अपने घर से शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए फिर अपने घर पर पदयात्रा समाप्त की इस पदयात्रा में शामिल भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दुबे दिनेश यादव जमुना विधायक मंजू देवी विनीता कुमारी उषा कुमारी मुकेश जालान संजीव दंगाइच संगीता बेसियार सुरेश साव आदि अनेक भाजपा के कार्यकर्ता इस पदयात्रा में शामिल हुए।



# हिंदू परिषद, बजरंग दल ने शिव पार्वती मंदिर में किया सामूहिक शस्त्र पूजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद,राष्ट्रीय बजरंग दल ने नवरात्रि के उपलक्ष में आज शहर के टावर चौक स्थित शिव पार्वती मंदिर में सामूहिक रूप शस्त्र पूजन किया साथ साथ ही जिला समिति का पुनर्गठन भी किया गया मौके पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत महामंत्री दिलीप वैद्य जी,एडवोकेट फॉर्म प्रांत उपाध्यक्ष नित्यानंद प्रसाद जी एवं विभाग अध्यक्ष रवि शंकर पांडे जी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की संचालन जिला अध्यक्ष रितेश पांडे जी ने किया अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिला समिति में कार्याध्यक्ष विजयमल पांडेय,उपाध्यक्ष हीरालाल साव, मंत्री कुंदन केशरी,सुमित कु०, राष्ट्रीय बजरंग दल में अध्यक्ष गौरव कुमार अंशु, उपाध्यक्ष अंकित कुमार, सुजीत सिंह महामंत्री पंकज पांडे, मंत्री शुभम झा, पटेल बजरंगी,अभिषेक गुप्ता,मजदूर परिषद में अध्यक्ष में अजय देव, महामंत्री रपन गुप्ता मंत्री राजेंद्र रवानी, ओम श्री परिवार में अध्यक्ष रौनक मिश्रा महामंत्री, राहुल चंद्रवंशी,जिला मीडिया प्रभारी में राहुल गुप्ता, राष्ट्रीय महिला परिषद में अध्यक्ष पूनम सिन्हा,महामंत्री शिवानी शर्मा,मंत्री विमला देवी नगर समिति में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद से नगर उपाध्यक्ष सुरेश राय राय राष्ट्रीय महिला परिषद में



अध्यक्ष मुन्नी देवी, उपाध्यक्ष रश्मि गुप्ता,मंत्री पूजा देवी मजदूर परिषद में अध्यक्ष नंदलाल कुमार स्वर्णकार,महामंत्री भीमनाथ गोस्वामी उपाध्यक्ष प्रकाश दास,मनोज साव मंत्री छोटू केसरी,पिंटू कुमार,चंदन गुप्ता नगर कार्यसमिति सदस्य राहुल गुप्ता,मिठू रजक,पिंटू कुमार ओजस्विनी में अध्यक्ष अंकिता कुमारी कुमारी, उपाध्यक्ष प्रियांशी कुमारी, मंत्री नेहा कुमारी,काजल कुमारी,पलक सिन्हा को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। साथ ही नगर में नवरात्रि के उपलक्ष में हो आयोजित हो रहे गरबा डांडिया को परंपरा के अनुरूप ही मनाने को नगरवासियों से अपील भी की गई।

## 36वीं ईस्ट जोन नेशनल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पलामू को मिले सिल्वर व ब्रान्ज मेडल

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन व एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में 22 से 24 सितंबर तक 36वीं ईस्ट जोन नेशनल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पलामू जिला से 5 सदस्य टीम आकांक्षा कुमारी, संध्या कुमारी, हेमंत कुमार, मानसी कुमारी, शिवानी कुमारी ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन जैवलिन थ्रो में हेमंत कुमार को सिल्वर व डिस्कस थ्रो में शिवानी कुमारी ने ब्राउन मेडल जीत कर ईस्ट जोन नेशनल में पलामू का नाम बढ़ाया है। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ईस्ट जोन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नेशनल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। हेमंत व शिवानी की उपलब्धि पर पलामू जिला खेल पदाधिकारी, एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष,



संरक्षक,ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, वूशु संघ के अध्यक्ष, सचिव, साइकलिंग संघ के अध्यक्ष, सचिव, शूटिंग संघ के सचिव, शूटिंग संघ के अध्यक्ष, पलामू जिला विल्याड संघ के अध्यक्ष, सचिव, एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष, पलामू जिला योगा संघ के सचिव, सेक्रेड हार्ट स्कूल के शारीरिक शिक्षक, वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव, एथलेटिक्स कोच, कोच रेशमा पांडे, सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी, अक्सा नाग ने खिलाडियों को बधाई दी है।

## दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण व प्रशासनिक तैयारी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने दिये अहम दिशा-निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेशानुसार आज संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी ने दुर्गा पूजा के दौरान विधि- व्यवस्था संधारण व प्रशासनिक तैयारी को लेकर शांति समिति के सदस्यों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने कई अहम निर्देश दिए। साथ ही शांति समिति के सभी सदस्यों से शांतिपूर्वक वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने का अनुरोध किया।

इसके अलावा उन्होंने आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा साफ-सफाई, बिजली-पानी, यातायात और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था दुरुस्त रखने का दिया निर्देश। इसके अलावा उन्होंने सभी



अधिकारियों से कहा- सूचना तंत्र को मजबूत रखें, किसी भी प्रकार की कोई जानकारी मिलने पर तुरंत एक्शन लें। आगे उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा और आगामी अन्य पर्व त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हों। कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई हिंसा और उपद्रव की घटना नहीं हो। बैठक में शांति समिति के सदस्य, गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी, पूजा समिति के अध्यक्ष/सचिव, सभी थाना प्रभारी, पुलिस अंचल निरीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, डुमरी/पीरटांड, अंचल अधिकारी, डुमरी/पीरटांड, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डुमरी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में हमारी सरकार है, पलामू की समस्याओं का समाधान कराना हम सब का कर्तव्य : बिट्टू पाठक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर ( पलामू)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता पदयात्रा करके पलामू उपायुक्त कार्यालय पहुंचे एवं पलामू जिला के समस्याओं को लेकर पांच सूत्री मांग पत्र उपायुक्त महोदय को सौपा गया

लोगों को संबोधित करते हुए पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि हमारे प्रखंड अध्यक्ष के माध्यम से आए दिन लोगों की समस्याओं की जानकारी मिलती रहती है उसी को देखते हुए आज हम सब उपायुक्त महोदय को 5 सूत्री मांग सोप है निश्चित तौर पर एक बात कहना चाहता हूं। प्रदेश में हमारी सरकार है पलामू की समस्याओं का समाधान कराना हम सब का



कर्तव्य है आगे जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू सांसद भाजपा विधायक को थोड़ा सा शर्म आना चाहिए झारखंड सरकार की योजनाएं जो धरातल पर दिख रहा है वह इंडिया गठबंधन की सरकार का देन है वह अपने पीठ खुद थपथपा रहे हैं सिर्फ दो उदाहरण देना चाहता हूं पहले इनडोर स्टेडियम हो या कोयल पुल या नेवरा रोड का हो यह देन झारखंड सरकार इंडिया गठबंधन का है। पांच सूत्री मांगों में यूरिया खाद की समस्या को लेकर किसानों को पर्याप्त मात्रा एवं उचित दामों पर उपलब्ध कराया जाए ' एम एम सी एच में सी टी स्कैन को जल्द से जल्द चालू कराया जाए। जमीन का रजिस्टर टू का सुधार कर जल्द से जल्द समय सीमा के अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण करवाया जाए। मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की घोर कमी है प्रशासन सरकार को इस संबंध में पत्र लिखें ' एन पी यू में सभी सत्रों की परीक्षा एवं परीक्षा फल समय से निर्गत नहीं होने के कारण यहां के विद्यार्थी को अन्य प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पा रहे हैं उपरोक्त मांगों का मांग पत्र सौपा गया पदयात्रा में शमीम अहमद राईन ईश्वरी प्रसाद सिंह सुरेश पाठक गिरजा राम राजेंद्र अग्रवाल इंदु भगत ऊषा देवी सच्चिदानंद मिश्रा सानू खान नाफिज खान देवगन शुक्ला प्रमोद यादव, उमेश यादव अशोक तिवारी, शैलेश चंद्रवंशी मोहम्मद आलम अनिल सिंह अशोक पासवान मुस्ताक खुर्शीद आलम खुर्शीद खान सौरव पांडे अमिताभ शर्मा जितेंद्र कमलापुरी अजय साहू अखिलेश चौधरी रामानंद पांडे परवेज आलम अजय सिंह सुरेंद्र सिंहरणजीत सिंह तुलसी पासवान शहजाद अली यदि काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए ।

# सांसद खेल महोत्सव : बरही प्रखंड मैदान में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का जोरदार आगाज

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट से आप जीतेंगे या सीखेंगे हारेंगे नहीं : मनीष जायसवाल, 32 टीमों के खिलाड़ियों से गुलज़ार हुआ बरही ब्लॉक मैदान

## युवा भारत के भविष्य, पीएम मोदी के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में सांसद मनीष जायसवाल की पहल कारगर : मनोज कुमार यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग**। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाके में झारखंड के सबसे बड़े और ख्यातिपूर्ण टूर्नामेंट नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की धूम है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा "सांसद खेल महोत्सव- 2025" के तहत आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के 20वां टूर्नामेंट का भव्य आगाज बरही विधानसभा क्षेत्र के बरही स्थित बरही ब्लॉक फुटबॉल मैदान में मंगलवार को हुआ। इससे पूर्व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र में कुल 19 स्थानों में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न हो चुका है और दशहरा तक सभी कुल 22 जगहों पर नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का सफलतम आयोजन के साथ इसका समापन भी हो जाएगा। बरही फुटबॉल मैदान में आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का विधिवत् शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद




मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में बरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज कुमार यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर, मशाल जलाकर खेल को बढ़ावा देने का संकल्प लेने के साथ मैदान में आकर्षक नमो जर्सी के साथ सैकड़ों खिलाड़ियों संग मार्च पास्ट करके और फुटबॉल में किक मारकर एवं नशामुक्ति का सामूहिक संकल्प के साथ खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों का उत्साहवर्धन कर किया। इस टूर्नामेंट में बरही प्रखंड क्षेत्र के कुल 32 टीमों ने पंजीकरण कराया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन दोस्ताना मैच बरही पूर्वी बालिका टीम बनाम बरही पश्चिमी बालिका टीम के बीच हुआ। मैदान में टूर्नामेंट के आगाज के अवसर पर शामिल सभी टीमों के खिलाड़ियों के समागम से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। सामूहिक रूप से राष्ट्र गान के साथ जहां मैदान में देशभक्ति की झलक दिखी वहीं सांसद मनीष जायसवाल द्वारा टूर्नामेंट में शामिल सभी खिलाड़ियों को प्राप्त रंग-बिरंगे आकर्षक नमो जर्सी में लैस होकर मशाल के साथ मार्च पास्ट का दृश्य मनभावन लगा। टूर्नामेंट उद्घाटन से पूर्व सांसद मनीष जायसवाल के यहां पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया। टूर्नामेंट के उद्घाटन और उद्घाटन मैच को देखने के लिए यहां बड़ी संख्या में भीड़ भी जुटी। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन संजय दुबे और मुन्ना यादव ने संयुक्त रूप से किया । मौके पर उपस्थित खिलाड़ी खेलप्रेमी और दर्शकों को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन की महत्ता बढ़ जाती है क्योंकि यह क्षेत्र तेजी से नशे के गिरफ्त में आ रहा है और समाज में युवाओं को अगर खेल से जोड़ा जाए तो निश्चित रूप से उनका मानसिक संतुलन सकारात्मक होता है और शारीरिक क्षमता भी विकसित होती है जिससे वे नशे से दूर रहते हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के इतिहास के बाबत बताया कि साल 2016 में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड से छोटा स्वरूप में आगाज हुआ यह टूर्नामेंट आज झारखंड का सबसे बड़ा और लोकप्रिय टूर्नामेंट बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में कुल 15,00 टीमों के 22,500 खिलाड़ियों का महासमागम हो रहा है। इस टूर्नामेंट के आयोजन का तीन मुख्य उद्देश्य है जिसमें पहला खिलाड़ियों को मैदान से जोड़ना, उन्हें प्रोत्साहित कर बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराना और युवाओं को नशा मुक्त बनाना है। सांसद मनीष जायसवाल ने अभी कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट से खिलाड़ी खेलकर जीतेंगे या सीखेंगे हारेंगे कतई नहीं। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि युवा भारत के भविष्य और भाग्य विधाता हैं और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रण लिया है। मौके पर विशेषरूप से जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सुरेंद्र रजक, भाजपा नेता अर्जुन यादव, अनिल मिश्रा, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, मुखिया मोतीलाल चौधरी, नमो खेल श्रृंखला के संयोजक बंटी तिवारी, जयप्रकाश, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बिरेंद्र रजक, मंगलदेव यादव, खिरोधर यादव, विशेश्वर यादव, रवि यादव, मुकेश राम, बलराम केशरी, भाजपा युवा नेता आकाश जायसवाल, राजेन्द्र चंद्रवंशी, मोती सिंह, अमित गौरव उर्फ पमपम, नमो फुटबॉल टूर्नामेंट अध्यक्ष अध्यक्ष बलराम केशरी, उपाध्यक्ष राज आर्यन, सचिव मुन्ना यादव, संयुक्त सचिव अमित गौरव, कोषाध्यक्ष संजय दुबे, प्रवेशकर्ता पिंटू ठाकुर, आलोक बर्णवाल और नागेश्वर रजक सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## त्योहारी सीजन में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, नमूने लिए गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग**। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के निर्देश पर मंगलवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो. मंजर हुसैन ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रतन स्वीट्स एण्ड स्नैक्स (पीटीसी चौक के पास) से रसगुल्ला तथा माँ शारदा स्वीट्स एण्ड फैमिली रेस्टोरेंट से बूंदी घी का लड्डू का नमूना लिया गया। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम भेजा जाएगा। यदि जांच में मिलावट पाई जाती है तो संबंधित प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। रसोई और प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बनाए रखें, केवल मिलावट रहित व सुरक्षित खाद्य सामग्री की बिक्री करें, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालक अपने कर्मचारियों से मास्क, कैप और एप्रोन पहनकर कार्य कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण अभियान में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के विकास शर्मा, सुरज कुमार और शशि भूषण मुण्डा भी शामिल थे।

# जीएसटी बचत उत्सव व स्वदेशी अपनाओ अभियान में शामिल हुए गृह राज्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी नवादा के द्वारा 'जीएसटी बचत उत्सव' एवं 'स्वदेशी अपनाओ अभियान' के तहत नवादा के प्रमुख व्यापारियों के साथ एक बैठक किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और नवादा लोकसभा सांसद विवेक ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने किया एवं मंच संचालन जिला महामंत्री कार्यक्रम प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने व्यापारी बंधुओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जीएसटी में बदलाव किए है, इससे वस्तु का मूल्य में कमी आयेगा इसे आप अपने ग्राहकों को प्रचार प्रसार करें और आप व्यापारी बंधु से आग्रह करता हूं को आप अपने



अपने प्रतिष्ठान में स्वदेशी अपनाने का बोर्ड लगाए साथ में अपने दुकान में एक काउंटर स्वदेशी समान का अलग से लगाए । खास करके नवादा में तीन चार दुकान बिल्कुल स्वदेशी समान को दुकान खोले, जिसमें हर उपभोग का वस्तु स्वदेशी कंपनी का समान का बिक्री हो। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के अपने देश के हर जिला का अपना प्रोडक्ट को बढ़ावा दे। इससे स्थानीय रोजगार का सृजन होगा और आर्थिक मजबूती मिलेगा । सांसद विवेक ठाकुर ने सभी व्यापारी बंधुओं से प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने का आग्रह किया और आने वाला विधान सभा चुनाव में व्यापारी बंधु नवादा के पांचों सीट पर अपना मत देकर एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलाने का काम करें । बैठक में पूर्व विधायक अनिल सिंह, पूर्व विधायक कन्हैया रजवार, निवर्तमान जिला अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, जिला प्रभारी राजेश सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुधीर सिंह, बिशु सिंह, अजीत शंकर, रंजित यादव, अजीत यादव नवादा के प्रसिद्ध व्यापारी राजकुमार अग्रवा, जितेंद्र कुमार गुप्ता, मुरारी प्रसाद, सुनील कुमार बरनवाल, वीरेंद्र कुमार, अनिल कुमार बरनवाल, पुनीत कुमार, सुनील कंधवे, संजय बरनवाल, अजीत कुमार, तेजस सिन्हा, अभिजीत कुमार इत्यादि उपस्थित रहें।

# टोटो चार्ज करने के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के ग़ैरिबा गांव में मंगलवार की सुबह टोटो चार्ज करने के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल युवक को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे डॉ. गजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि करंट से घायल युवक की मौत अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही हो गई थी। मृतक की पहचान ग़ैरिबा गांव निवासी स्व. ईश्वरी प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र राजा राम प्रसाद के रूप में हुई है। मृत होने की खबर परिजनों को मिलते ही रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

# स्वदेशी अपनाएं और भारत को समृद्ध बनाएं : मनोज सिंह

## हजारीबाग में आत्मनिर्भर भारत अभियान पर कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग**। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से "आत्मनिर्भर भारत अभियान" विषय पर कार्यशाला का आयोजन सांसद के संसदीय कार्यालय, झंडा चौक स्थित परिसर में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार



सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान का उद्देश्य भारत को आर्थिक रूप से सशक्त और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। इसके तहत स्थानीय उद्योग, नवाचार और घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देकर आयात पर निर्भरता घटाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को इक्विटी फंडिंग प्रदान की जा रही है, जिससे युवा, महिलाएं, गरीब और अन्नदाता वर्ग को लाभ होगा। "स्वदेशी अपनाएं और भारत को समृद्ध बनाएं" के आह्वान के साथ श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं से आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केपी ओझा, सुदेश चंद्रवंशी, हरीश श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला पदाधिकारी आनंद देव, दामोदर सिंह, भानुमति पासवान, कुणाल दुबे, अरविंद सिकरवार, महेंद्र बिहारी, अजीत चंद्रवंशी, सैयद तनवीर अहमद, अजय साहू, विवेक बैरियर, अरुण राणा, कैलाश यादव, खेमलाल महतो, बाबूलाल मेहता, किशोर मंडल, विजय वर्मा, बलदेव बाबू, निशिकांत सिंह, अविनाश कसेरा, लीलाधन साहू, नारसिंह प्रसाद, राजकुमार साहू, विनोद प्रसाद, जीवन मेहता, मुनेश ठाकुर, लखपति साहू, ऋषि शर्मा, तुलसी मेहता, ज्योत्सना जी, पूनम मिश्रा, मिथिलेश यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद ने दी।

# सात करोड़ की 12 योजनाओं का कार्यारंभ व शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। ग्रामीण विकास मंत्री एवं नालंदा विधायक श्रवण कुमार ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई राह खोलते हुए 7 करोड़ 06 लाख 26 हजार रुपये की लागत से 12 योजनाओं का कार्यारंभ और शिलान्यास किया। इनमें से छह योजनाएं ग्रामीण कार्य विभाग के तहत जबकि छह योजनाएं विधायक मद से स्वीकृत हैं। ग्रामीण कार्य विभाग की योजनाओं पर 6 करोड़ 74 लाख 76 हजार रुपये खर्च होंगे। इनमें प्रमुख रूप से करजारा-उमरांव विगहा पथ से केंदुआ विगहा तक 10 लाख 55 हजार, एलओ 44 से अकौना पुरब टोला तक 18 लाख 81 हजार, अरावां भगवानबिगहा पथ से लक्षण विगहा तक 68 लाख 20 हजार, बेन छकौड़ी विगहा से झण्डु विगहा तक 1 करोड़ 12 लाख, सिलाव



मैजरा पथ से गंगटी बारा कुतलुपुर तक 1 करोड़ 42 लाख, बिहार-परबलपुर पथ से लालवन बिगहा तक 3 करोड़ 22 लाख 94 हजार रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य शामिल है। वहीं, विधायक मद से कुल 31 लाख रुपये की लागत वाली 6 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इसमें ग्राम अकौना के दलित टोला में ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई पर 6 लाख, ग्राम अकौना के महादेव स्थान छठ घाट पर 6 लाख, ग्राम कुतलुपुर करनार बाग में छठ घाट पर 6 लाख, ग्राम नोहसा पश्चिम में छठ घाट पर 6 लाख, ग्राम लक्ष्मी बिगहा छिलका पर छठ घाट पर 6 लाख तथा ग्राम लक्ष्मी विगहा देवी स्थान पर चबूतरा निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये खर्च होंगे। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास कार्यों की रफ्तार तेज हुई है। आज गांव-गांव तक पक्की सड़कें पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि शहरों के साथ-साथ ग्रामीण सड़कों का जाल बिछाकर लोगों की सुविधा और कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गयी। मंत्री ने आगे कहा कि नीतीश सरकार ने विकास को प्राथमिकता दी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की तस्वीर बदल चुकी है और आने वाले दिनों में विकास की यह रफ्तार और तेज होगी।हमारी सरकार की नीति साफ है। विकास सबका, भेदभाव किसी से नहीं। हिन्दू-मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा, दलित-महादलित, सबके लिए काम हुआ है। सबके भविष्य को संवारने का काम किया गया है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है वे हमेशा कहते हैं मेरी प्राथमिकता सेवा है। मैं वोट की नहीं, वोटर की चिंता करता हूं। मैं बिहार की चिंता करता हूं। नीतीश सरकार के द्वारा इस नवरात्रि राज्य की महिलाओं को बड़ी सौगात। मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत महिलाओं के खाते में भेजी जाएगी 10 हजार की पहली किस्त।ग्रामीणों ने मंत्री का स्वागत कर उनके प्रयासों की सराहना की और आशा जताई कि इन योजनाओं से क्षेत्र में यातायात आस्था और ग्रामीण जीवन को नई मजबूती मिलेगी।

# झारखंड में अगले 3 दिनों तक कई जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट, बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर बना कारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। त्योहार के बीच फिर से मौसम का मिजाज बिगड़ गया है। 23 सितंबर को सुबह से ही राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। मौसम केंद्र ने अगले तीन दिनों के लिए हल्के से मध्यम दर्जे के साथ-साथ कई जगहों पर तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही चेतावनी जारी की गई है कि कच्चे मकान और कमजोर पेड़ों को नुकसान हो सकता है।

रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र डेवलप हुआ है। इसकी वजह से मौसम में परिवर्तन आया है। मंगलवार को अगले कुछ घंटों के भीतर बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ और सरायकेला के अलावा रांची में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। अंदेशा जताया है कि 24 सितंबर को कोल्हान के साथ-साथ झारखंड के दक्षिणी भाग में खासकर रांची और गुमला में तेज बारिश होने की संभावना है। यही स्थिति 25 सितंबर को भी देखने को मिल सकती है। हालांकि इस दिन राज्य के ज्यादातर भागों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटे में गोड्डा में सबसे ज्यादा 35.3 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा संख्या:** TRD-OT23-ANTI-CLIMB-25-26 **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Provision of Anti-climbing device in monkey prone areas to stop climbing monkeys on OHE mast/portals and Anti-Bird Disc for Porcelain insulators. कार्य समापन की अवधि- (12) बारह माह **(2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रु.1,72,26,975.51/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य/-, **(3) बीड सिक्युरिटी:** रु. 2,36,200/-, **(4) ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई-निविदा बंद होने की तिथि 13.10.2025 को 11:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि 13.10.2025 को 11:30 बजे **(5) वेबसाइट का विवरण:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंग।

**मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/1009/डीएचएन/टीआरडी/टी/25-26/32


# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चौतरफा विकास : जयंत राज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा शहर के रामबाबू हाई स्कूल मैदान में मंगलवार को एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की, जबकि संचालन जदयू जिलाध्यक्ष मोहम्मद अशरद ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री जयंत राज, भाजपा के पूर्व एमएलसी प्रेम रंजन पटेल, एमएलसी अनिल शर्मा सहित अन्य नेताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री जयंत राज ने कहा कि नालंदा जिला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गढ़ माना जाता है, बावजूद इसके यहां से अपेक्षा से कम वोट मिलते हैं। इस बार लक्ष्य रखा गया है कि नालंदा की सातों विधानसभा सीटों पर एनडीए जीत दर्ज करे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा हर क्षेत्र में विकास कार्य किए गए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2005 में पदभार संभालने के बाद नालंदा को विकास की राह पर आगे बढ़ाया। राजगीर में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, चंडी में इंजीनियरिंग कॉलेज, हिलसा में आईटीआई कॉलेज और एकंगरसराय में बाईपास इसका उदाहरण हैं। जयंत राज ने कहा कि इस सम्मेलन में उमड़ी भीड़ ने विपक्ष को हताश कर दिया है। यही कारण है कि महागठबंधन के लोगों ने जगह-जगह पोस्टर और बैनर फाड़े। उन्होंने कहा कि इस बार एनडीए का गठबंधन पहले से कहीं बड़ा और मजबूत है। उपेंद्र कुशवाहा और चिराग पासवान की पार्टी के साथ आने से पिछली बार की कमी पूरी हो गई है। रालोमो प्रवक्ता राम पुकार सिंह, पूर्व सांसद चंद्रेश्वर चंद्रवंशी, विधायक कृष्ण मुरारी शरण, पूर्व विधायक उषा सिन्हा, रामचरित्र प्रसाद सिंह, पूर्व एमएलसी राजू यादव, लोजपा नेता नरेश प्रसाद सिंह, संजू मालाकार, भाजपा नेता अनिल शर्मा, जिला परिषद सदस्य उदयनंदन समेत हजारों की संख्या में एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे। हालांकि चर्चा का विषय यह रहा कि नालंदा के वरिष्ठ मंत्री श्रवण कुमार इस सम्मेलन में शामिल नहीं हुए, जबकि उसी दिन तेल्हाड़ा में वे दिखाई दिए।

# नवीनगर प्रखंड कार्यालय से साया गांव जाने वाली सड़क बदहाल

## कच्ची सड़क से होकर निकलने को मजबूर ग्रामीण सड़क पर गिरकर चोटिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। नबीनगर प्रखंड मुख्यालय के अनेक मार्ग की हालत जर्जर है। अभी भी मार्ग में कच्ची सड़क होने से सफर करने में ग्रामीण जनों को बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नबीनगर प्रखंड कार्यालय से वीर कुंवर सिह महाविद्यालय होते हुए साया गांव तक जाने वाली सड़क आज भी कच्ची है। सड़क की लंबाई लगभग दो किलोमीटर है। इन दिनों यह सड़क चलने लायक नहीं है। ग्रामीण धमेंद्र सिह, अशोक सिह, पिटू



सिह, अभय सिह सहित बताते हैं कि कच्चे मार्ग से सफर करने के लिए हर मोड़ पर परेशानी होती है। इस सड़क के निर्माण होने से नवीनगर शहर को जाम से निजात मिल सकता है। बता दें कि इस सड़क से होकर प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राओं का आना जाना वीर कुंवर सिह महाविद्यालय लगा रहता है। सड़क के निर्माण नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी लोगों बारिश के दिनों में होता है। इस सड़क से दर्जनों गांव के ग्रामीणों का आवागमन होता रहता है। रात्रि के दौरान उक्त मार्ग से दो पहिया वाहन चलाना जोखिम से कम नहीं है जबकि आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि कच्चे रास्ते से सफर करने के दौरान उन्हें रात्रि में बेहद ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो रहे है। बताया जाता है कि उक्त मार्ग पर पूरी तरह से अंधकार पसरा रहता है। ऐसी स्थिति में जगह-जगह उभर आए गड्ढों के कारण वाहन चालक अनियंत्रित हो जाते है और वे हादसे का शिकार हो जाते है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे अर्से से सड़क कच्ची है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क की जल्द से जल्द निर्माण कराने की मांग की है।

## युवाओं समर्थन की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद (हसपुरा)**। भारतीय जनता पार्टी हसपुरा मंडल दक्षिणी की ओर से मंगलवार को बनकट कैथी, निरखपुर, धुसरी, भतन बिगहा और महुआड गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का पत्रक ग्रामीणों के बीच वितरित किया और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को मजबूत समर्थन देने की अपील की।


**NOTICE**

**Name of the Company: ESCORTS KUBOTA LIMITED**

**Add: Registered Office-15/5, Mathura Road, Faridabad-121003, Haryana, India**

NOTICE is hereby given that the certificate(s) for the under mentioned securities of the Company has have been lost/mislaid and the holder(s) of the said securities / applicant(s) has/have applied to the Company to issue duplicate certificate(s). Any person who has a claim in respect of the said securities should lodge such claim with the Company at its Registered Office within 15 days from the date; else the Company proceed to issue duplicate certificate(s) without further intimation.

**Name of Holder(s)**
**(and Jt. Holder(s), if any)**
**1. MUKESH KUMAR**
**2. Late JAGANNATH SINGH**
Add: Plot No. E-18, City Centre, Sector-4,
Bokaro Steel City-827004 (Jharkhand)
The Details of the shares are given below:

| Sl. No. | Folio No. | Certificate No. | Dist. From | Dist. To | No. of Share |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ESC0125290 | 90121021-90121028 | 23725309<br>29975309 | 23725408<br>29975408 | 200 |


# मनौरा गांव में छिपा है इतिहास का रहस्य, बुद्ध की छह फुट ऊंची है प्रतिमा

**रंजन सिंह/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के ओबरा प्रखंड के मनौरा गांव में इतिहास के कई रहस्य छिपे हैं। गांव में प्राचीनकाल से जुड़ा बुद्ध की प्रतिमा है। यहां से तीन किलोमीटर पूरब मनौरा वाजिदपुर भास्कर के निकट कुशान काल के प्रतिमा के रूप में गंधार शैली की बुद्ध प्रतिमा स्थापित है। बताया जाता है कि भगवान बुद्ध इसी रास्ते बोधगया से सारनाथ गए थे। मनौरा गांव में भगवान बुद्ध की छह फीट की प्रतिमा है। यहां बुद्ध की पूजा ग्रामीण भगवान हनुमान मानकर करते हैं। बुद्ध की मूर्ति पर घी व सिदूर का लेप लगाते हैं। मूर्ति कला के लिए स्वर्णकाल, मौर्यकाल से लेकर हर्षवर्द्धन के शासन काल में 648 ईसा पूर्व में इनकी मृत्यु हुई है। गांव में बुद्ध की प्रतिमा स्थापित किए जाने की संभावना बनती है। वैसे इस संबंध में प्रमाणित कुछ नहीं किया जा सका है। मौर्य काल के समय के अंतराल में प्रतिमा की स्थापना की ज्यादा संभावना बनती है। इसे दो तर्कों के आधार पर भी माना जा सकता है



कि हर्षवर्द्धन का इस क्षेत्र से जुड़ाव रहा था। एक तथ्य और है कि हर्षवर्द्धन के राजकवी वान भक्त थे। परंतु ऐसे ऐतिहासिक महत्व के धार्मिक स्थल के विकास की योजना न तो प्रशासन के पास है और न ही सरकार के पास। जनप्रतिनिधियों को इससे कोई मतलब नहीं है। अंग्रेजी हुकुमत में यह बड़ा परगना था, जहां की प्रशासनिक व्यवस्था बहुत दुरुस्त हुआ करती थी, लेकिन इसके विकास की चिंता भी किसी को नहीं है। हालांकि वर्षों तक स्थानीय लोग उक्त प्रतिमा की किसी हिदू देवता की प्रतिमा समझ कर पूजा-पाठ करते रहे। फिर काफी दिनों बाद इनकी पहचान गांधार शैली में बनी बुद्ध प्रतिमा के रूप में की गई। वैसे अभी भी इस प्रतिमा के बारे में विशेष अध्ययन नहीं किया गया है। स्थानीय ग्रामीण इस स्थल को प्रस्तावित बुद्ध पर्यटन सर्किट से जोड़ने की मांग काफी अरसे से करते आ रहे हैं लेकिन अभी तक इस दिशा में किसी भी स्तर पर पहल नहीं की गई है। बता दें कि मनौरा में बुद्ध की प्रतिमा देखने के लिए विदेश से भी पर्यटक पहुंचते हैं। बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर विशेष रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर-दराज इलाके के साथ-साथ दूसरे प्रदेश व जिले के लोग भी शामिल होते हैं। स्थानीय पदाधिकारी द्वारा कई बार इसका सर्वेक्षण कर संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है बावजूद मनोरा बुद्ध मंदिर को पर्यटन स्थल का दर्ज़ा नहीं मिल सका।

# नवरात्रि के दूसरे दिन मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे हजारों श्रद्धालु, मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर मांगी सुख शांति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़**। नवरात्रि हिन्दू धर्म का प्रमुख पर्व है, जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। शारदीय नवरात्र को लेकर चारों ओर उत्साह का माहौल है। भक्ति भाव में रामगढ़ के साथ-साथ झारखंड में भी श्राद्धलु, भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। मंदिरों और पंडालों में भक्त, मां की पूजा अर्चना करने पहुंच रहे हैं। इस मंदिर की ऐसी मान्यता है कि सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका की पूजा करने से श्रद्धालु की मनोकामना पूरी होती है।

**मां छिन्नमस्तिका मंदिर में लगा भक्तों का तांता:** रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल मां छिन्नमस्तिका मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए पहुंच रही है। भक्ति भाव के साथ मां की पूजा अर्चना के साथ-साथ साधक, दुर्गा सप्तशती का पाठ कर रहे हैं। जिले के कोने-कोने से भक्त यहां पहुंच रहे हैं और मां की आराधना कर रहे हैं। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जा रही है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे स्क्रैप बिक्री हेतु ई-नीलामी**

ई-नीलामी सूचना सं: एडीवीटी-केजीपी-2025-09 | दिनांक: 22.09.2025

**अतिरिक्त ई-नीलामी कार्यक्रम**

| मंडल | अतिरिक्त ई-नीलामी की तिथि |
|---|---|
| आद्रा मंडल | 03.10.2025 |

**नोट:** ई-नीलामी अनुसूची और कैटलॉग के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in/e-Auction** पर जाएँ।

(PR-656) **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/जीआरसी**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# महिला पुलिस बटालियन हुई फूड प्वाइजनिंग की शिकार

## 70 से 80 प्रशिक्षु महिला पुलिसकर्मी अस्पताल में भर्ती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम स्थित महिला पुलिस बटालियन में मंगलवार को फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आया, जिससे बटालियन की करीब 70 से 80 ट्रेनी महिला पुलिसकर्मी एक साथ बीमार हो गईं। सभी को पेट दर्द और दस्त की शिकायत पर तुरंत सदर अस्पताल सासाराम में भर्ती कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य और पुलिस विभाग के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और उपचार की स्थिति की निगरानी की।

महिला पुलिस बटालियन के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सभी ट्रेनी महिला पुलिसकर्मी दोपहर का खाना खाने के बाद अपने बैरक लौट गई थीं। कुछ समय बाद कई जवानों को अस्वस्थता महसूस होने लगी। तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर सभी को सदर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों की टीम उनके इलाज में जुट गई है।

सिविल सर्जन डॉ. मणिराज रंजन ने अस्पताल पहुंचकर कहा कि सभी महिला पुलिसकर्मी चिकित्सकीय देखरेख में हैं और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर को पेट दर्द और दस्त की शिकायत थी, जिस कारण शुरूआती घबराहट हुई। फिलहाल किसी की स्थिति गंभीर नहीं है और सभी का इलाज किया जा रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही रोहतास के पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार और महिला बटालियन की समादेष्टा लिपि सिंह भी सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने भर्ती पुलिसकर्मियों से बातचीत की और चिकित्सकों से इलाज की जानकारी ली। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने और आवश्यक दिशा-निर्देश देने का काम भी किया गया।

स्वास्थ्य विभाग ने आशंका जताई है कि घटना फूड प्वाइजनिंग के कारण हुई है। भोजन के सैंपल जांच के लिए भेजे जा सकते हैं ताकि सटीक कारण का पता लगाया जा सके। इस बीच, महिला पुलिसकर्मियों के परिजनों को भी सूचना दी गई है।

## एसपी से कार्रवाई की मांग

**आरा।** भोजपुर जिले में पुलिस पर मनमानी और दुर्व्यवहार का आरोप लगा है। गीधा पैक्स अध्यक्ष रामेंद्र नारायण सिंह ने आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र की पुलिस ने उनके साथ-साथ उनकी पत्नी और बेटे की पिटाई की। इस संबंध में उन्होंने भोजपुर एसपी को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

मामला गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव का है। पैक्स अध्यक्ष का कहना है कि 20 सितंबर की रात करीब 9 बजे वे घर पर भोजन कर रहे थे, तभी बाहर शोर-गुल की आवाज आई। जब वे बाहर निकले तो देखा कि ग्रामीण कुछ लड़का-लड़की का प्रतिकार कर रहे थे। उसी दौरान गीधा थाना की पुलिस पहुंची और लाठीचार्ज कर दिया। इसमें पैक्स अध्यक्ष, उनकी पत्नी और बेटे को चोटें आईं।

रामेंद्र नारायण सिंह का आरोप है कि बीच-बचाव करने पर उनकी पत्नी से भी पुलिसकर्मियों ने दुर्व्यवहार किया। उन्होंने थाना प्रभारी की मौजूदगी में पुलिस पदाधिकारी अवधेश कुमार, रामबाबू राय और कृष्ण कुमार पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उन्हें कई घंटे तक थाना में बैठाकर रखा गया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है।

# सड़क पर उतरे विधायक का तेवर देख सिस्टम सहमा

## दिशा की बैठक में भी जल जमाव का उठा था मुद्दा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** शहर के मड़ई के निकट स्थित भगवती कॉलोनी में सोमवार को हाजीपुर के सांसद एवं केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान की जल-जमाव के बीच ईंट पर बैलेंस बनाकर चलने की छपी तस्वीर ने मंगलवार को सिस्टम को डिसबैलेंस कर दिया। सुबह में ही तेवर में हाजीपुर के भाजपा विधायक अवधेश सिंह शहर में सड़कों पर उतर गए। इधर, विधायक के तेवर में आने के बाद खुद डीएम वर्षा सिंह भी प्रशासनिक टीम के साथ सड़क पर उतर गईं। आनन-फानन में जल-जमाव से शहर के लोगों को राहत दिलाने के साथ ही सड़क निर्माण का काम भी प्रारंभ कर दिया गया।

शहर में भारी बारिश के बाद कई दिनों से शहर के लोगों को जल-जमाव की समस्या से निजात दिलाने में जुटे विधायक अवधेश सिंह ने कहा कि अब जब तक इस शहर के लोगों को जल- जमाव की समस्या से राहत नहीं मिलती है, वे चैन से नहीं बैठेंगे। मैं भी सड़क पर रहूंगा और सिस्टम को भी सड़क पर ही रहना होगा।

यहां बताते चलें कि बीते सोमवार को हाजीपुर सर्किट हाउस में संपन्न दिशा की भी बैठक में शहर में जल-जमाव की समस्या ही खास चर्चे में रही और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान एवं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

हाजीपुर के पासवान चौक से कारगिल चौक तक सड़क पर जल-जमाव के कारण स्थानीय लोगों को बीते करीब दो माह से आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के समाधान हेतु मंगलवार को हाजीपुर के भाजपा विधायक अवधेश सिंह ने विभाग के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की।

विधायक अवधेश सिंह के नेतृत्व में वैशाली की जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के साथ ही हाजीपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग व अन्य अधिकारियों ने रामप्रसाद चौक पर जलनिकासी के सभी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तत्काल अस्थाई नाला का निर्माण करवाकर पानी के बहाव को तेज किया गया। इसके परिणामस्वरूप सड़क पर से जलनिकासी संभव हो सका।

इसके साथ ही विधायक अवधेश ने पथ निर्माण विभाग को सख्त निर्देश दिया कि इस सड़क का निर्माण कार्य को आज से ही शुरू किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या से बचा जा सके। हाजीपुर विधायक ने कहा हमारी प्राथमिकता जनता की सुविधा और क्षेत्र का विकास है। विधायक ने कहा कि जल-जमाव की समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन और विभाग के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और पथ निर्माण विभाग इस दिशा में तत्परता से कार्य शुरू कर चुके हैं।

विधायक ने शहर की जनता से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि बीते दो माह से वे लगातार इस दिशा में जुटे हुए हैं।

लगातार हो रही बारिश के कारण यह समस्या पैदा हुई है। विधायक ने कहा कि अब जब तक जल-जमाव की समस्या से शहर के लोगों को मुक्ति नहीं मिल जाती है, तब तक न तो खुद चैन से बैठेंगे और ना ही सिस्टम को चैन से बैठने देंगे।

# प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने चटकायी लाठियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना में युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया है। कांग्रेस के कार्यकर्ता सीएम आवास का घेराव करने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को राजापुर पुल पर रोका। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और सड़क पर ही धरने पर बैठ गए हैं। पुलिस ने युवा कांग्रेस पर लाठीचार्ज कर दिया। सड़क पर सभी लेट गए। कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घसीटकर कंट्रोल वाहन में बैठाया।राजधानी में होनेवाली कांग्रेस राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक से एक दिन पहले मंगलवार को युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने सदाकत आश्रम से निकले प्रदर्शनकारियों को राजापुर पुल के समीप बैरिकेडिंग कर पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई।

पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। वोट चोरी, जमीन चोरी आदि के मुद्दे पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान चिब, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, सीएलपी डा. शकील अहमद खान और युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव गरीब दास के नेतृत्व में घेराव मार्च पार्टी कार्यालय से निकला।

रास्ते भर चुनाव में धांधली, भागलपुर में जमीन आवंटन आदि के मुद्दे पर प्रदर्शनकारी जोरदार नारेबाजी करते चलते रहे। राजापुर पुल के समीप पुलिस ने उन्हें रोक दिया। लेकिन प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं थे। वे बैरिकेडिंग पर चढ़ने लगे। पुलिस ने सख्ती बरतते हुए उन्हें रास्ते से हटाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई अन्य को हिरासत में लिया, लेकिन वहां अन्य प्रदर्शनकारी पुलिस की गाड़ी पर चढ़ने लगे। किसी तरह उन्हें हटाकर अन्य नेताओं को पुलिस अपने साथ ले गई।

# पानी को ले लोगों का फूटा गुस्सा, लोगों ने किया सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के डुमरा मोहन पंचायत के डुमरा गांव में पिछले 10-15 दिनों से जारी पानी की गंभीर समस्या को लेकर सोमवार की सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सुबह करीब आठ बजे से ही डुमरा गांव से होकर गुजरने वाले रोसड़ाझबहेरी मुख्य सड़क मार्ग सहित गांव के चौराहे पर बांसझबल्ला लगाकर यातायात पूरी तरह ठप कर दिया। अचानक हुए इस जाम से सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई और आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में बने पानी टंकी से पिछले 10 दिनों से सप्लाई पूरी तरह बंद है।



मोटर में गड़बड़ी होने की बात कहकर विभाग के जिम्मेदार पदाधिकारी केवल आश्वासन देते आ रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। परिणामस्वरूप हर परिवार को पीने का पानी जुटाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

कई लोग पड़ोसी गांवों से पानी ढोकर किसी तरह अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं।

महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पानी टंकी से डुमरा पंचायत ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों को भी पानी की आपूर्ति होती थी। लेकिन मोटर खराब होने से पिछले कई वार्डों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। पंचायत प्रतिनिधियों और शिवाजीनगर प्रखंड मुख्यालय को लिखित आवेदन देकर शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पदाधिकारी केवल ₹जल्द मोटर ठीक हो जाएगा₹ कहकर टालमटोल कर रहे हैं।

इधर सड़क जाम की सूचना मिलते ही शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार, बीपीआरओ राजू कुमार तथा पंचायत मुखिया पुत्र संतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि पानी टंकी के मोटर की मरम्मत का काम तुरंत कराया जाएगा और बहुत जल्द हर घर में पानी की आपूर्ति बहाल की जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और सड़क जाम हटाया ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही जलापूर्ति बहाल नहीं हुई तो वे पुनः आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गुरारु प्रखंड के अंतर्गत कोंच थाना क्षेत्र में स्थित गुरारु - अहियापुर स्टेट हाई वे 69 पर स्थापित रेल समपार फाटक पर बन रहे रेल ओवर ब्रिज के नीचे मंगलवार की सुबह एक महिला व पास की झाड़ी में एक पुरुष का शव स्थानीय लोगों ने देखा। लोगों ने उक्त स्थान पर शव होने की सूचना कोंच थाना की पुलिस को दी। इधर महिला के शव के समीप एक आधार कार्ड व एक मोबाइल फोन भी रखा मिला। आधार कार्ड पर लिखे पते के आधार पर ग्रामीणों ने डीहा गांव में संपर्क किया।

इसके बाद मौके पर पहुंचे उक्त गांव के ग्रामीणों ने शव की पहचान गांव के चंदन चौधरी व पूजा गोस्वामी के रुप में की। पुलिस ने शवों को बरामद कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कोंच के थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने कहा कि दोनों शादीशुदा रहने पर भी प्रेम प्रसंग में तीन चार माह पूर्व गांव से गायब हो



गए थे। कुछ दिनों पूर्व दोनों वापस लौटे थे। उन्होंने बताया कि शव के पास जहरीला पदार्थ बरामद हुआ है। शवों की स्थिति से प्रथम दृष्टी में विषपान कर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पूजा अपने प्रेमी चंदन के घर में ही रह रही थी।

दोनों डीहा गांव स्थित अपने घर से लगभग 14 किलोमीटर दूर रेल ओवर ब्रिज के पास कैसे पहुंचे? यह स्पस्ट नहीं है। पूजा की दो पुत्र व दो पुत्री हैं, जबकि चंदन का एक पुत्र है। दोनों के प्रेम प्रसंग में गायब होने के बाद किसी के स्वजन ने गुरारु थाना में प्राथमिकी.नहीं कराई थी। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर मामला क्या है?

# आरोप-प्रत्यारोप के साथ कांटी विस क्षेत्र का सियासी पारा हुआ गरम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की आहट के साथ ही मुजफ्फरपुर के कांटी विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। वर्तमान विधायक और पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी जहां अपने विकास कार्यों और मतदाताओं के सम्मान की बात कहकर दोबारा चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में हैं, वहीं उनके पुराने प्रतिद्वंद्वी पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने उन पर तीखा हमला बोला है। अजीत कुमार ने मंसूरी के पांच साल के कार्यकाल को फेलियर बताते हुए उन्हें जनता की अदालत में जवाब देने की खुली चुनौती दी है।अजीत कुमार का आरोप है कि वर्तमान विधायक ने कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं किया और विकास कार्यों के प्रति उदासीन रहे। उनका कहना है कि इस कार्यकाल में केवल विधायक का ही विकास हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जिस माई समीकरण के मतदाताओं ने मंसूरी को भारी मतों से जिताया था, वे भी आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। अजीत कुमार के अनुसार, राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता भी पार्टी से उम्मीदवार बदलने की लगातार मांग कर रहे हैं।

दूसरी ओर, विधायक इसराइल मंसूरी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने अजीत कुमार पर पलटवार करते हुए कहा कि जो व्यक्ति खुद कभी सम्मान नहीं दे पाया, वह सम्मान की भाषा क्या जाने। जिस एनडीए गठबंधन से टिकट के लिए लालायित हैं, उसी एनडीए का कार्यकर्ता सम्मान की लड़ाई के लिए उनका खुलकर विरोध कर रहा है।मंसूरी ने अजीत कुमार की लगातार दो चुनाव में करारी हार का जिक्र करते हुए कहा कि जनता ने उन्हें दस साल से नकार दिया है और अब मतदाता उनके झांसे में नहीं आने वाले हैं। कांटी में जिस रफ्तार से विकास की योजनाएं धरातल पर आई है , उससे आम जनता काफी खुश है। विरोधियों को विकास से जलन होता है और वह अनर्गल बातें बोलकर लोगों को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। जर्जर सड़कें, क्षतिग्रस्त स्कूल एवं अन्य सरकारी भवनों से लेकर सैकड़ों चबूतरा का निर्माण तथा सार्वजनिक जगहों पर पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए सैकड़ों चापाकल गरीब मतदाताओं को सीधे विकास योजनाओं से लाभान्वित कर रहा है।

फिलहाल, दोनों प्रमुख नेता एक-दूसरे पर जमकर हमला बोल रहे हैं और अपने-अपने कार्यकाल को बेहतर साबित करने की कोशिश में जुटे हैं। हालांकि, दोनों का टिकट अभी आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं हुआ है। इसराइल मंसूरी राजद के टिकट को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेता हैदर आजाद एवं अन्य की दावेदारी उनके लिए सिरदर्द बनी हुई है। अजीत कुमार भारतीय जनता पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन गठबंधन सूत्रों के अनुसार, यह सीट जनता दल (यूनाइटेड) के खाते में जा सकती है। ऐसी स्थिति में अजीत कुमार के पाला बदलने की भी अटकलें लगाई जा रही हैं।

## नौकर ही निकला हत्यारा

**वारिसनगर।** धनिया व्यापारी की पत्नी तुफा विश्वास की हत्याकांड में उसका नौकर ही हत्यारा निकला। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर ही नौकर को गिरफ्तार कर हत्याकांड का पदार्फाश कर लिया है।

गिरफ्तार की पहचान थाना के मन्नीपुर गांव निवासी नरेश पासवान के पुत्र बिरजू कुमार के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर महिला से लूटी कई सोने की कंगन भी बरामद की गई। उसने पैसा एक रिश्तेदार को देने की बात कही है। थाना परिसर में सोमवार को सदर डीएसपी टू संजय कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया लेकिन, पुलिस को उक्त नौकर के अलावा किसी अन्य के घर में दाखिल होने की जानकारी नहीं मिली। बाद में उक्त नौकर को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ शुरू की। उसने कुछ समय तक पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की लेकिन, अधिक समय तक नहीं टिक सका। साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूला लिया।

# कार से शराब बरामद, तस्कर फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** थाना क्षेत्र के गढ़ दिबौर गांव के एक खेत से भाग रहे बोलेनो कार से मंगलवार की अहले सुबह उत्पाद बलों ने भारी मात्रा में शराब बरामद किया। हालांकि अंधेरे और जंगली रास्तों का फायदा उठाकर शराब तस्कर भागने में सफल रहे। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से जांच चौकी एवं आसपास के क्षेत्र में लगातार कार्रवाई की जा रही है। दुर्गा पूजा को लेकर उत्पाद बलों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बीते सोमवार की देर रात्रि गुप्त सूचना मिली कि गढ़ दिबौर गांव के तरफ से नदी में पैदल लोगों द्वारा शराब की खेप ले जाया जाने वाला है। सूचना को लेकर उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार के साथ उत्पाद बलों को अग्रतर कार्रवाई करने को निर्देशित किया गया।

इस दौरान एक बोलेनो कार पर सवार लोगों द्वारा उत्पाद बलों को देखकर भागने लगा, जिसका पीछा किए जाने पर, कुछ लोग कार को खेत में घुसाकर भाग गए। कार की तलाशी लिए जाने पर कार में रखे प्लास्टिक के 10 बोरे में बंद 198 बोतल शराब बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं कार के अलावे कार मालिक समेत तीन शराब लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्राथमिकी के नामजद अभियुक्तों में हरदिया सेक्टर-ए निवासी अमित कुमार, चितरकोली निवासी मनीष कुमार एवं गढ़ दिबौर मंटू कुमार है। वहीं दूसरी ओर झारखंड की ओर से पटना जा रही बस संख्या बीआर 06 पीई 4841 पर सवार कैंटीन से 22 बोतल शराब लेकर अपने घर जा एक सेना के जवान को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार युवक की पहचान नेपाल के बाकुलम निवासी भीम बहादुर के रूप में हुई है।

गिरफ्तार सेना के जवान ने बताया कि वह अपने घर पार्टी के लिए शराब लेकर जा रहे थे। साथ ही कहा कि उन्हें पता था कि बिहार में शराब बंदी है, किंतु सेना के लिए भी छूट नहीं है, इसकी जानकारी नहीं थी।

उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस मौके पर उत्पाद एएसआई सुजीत कुमार, एएसआई धर्मेंद्र कुमार एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## विश्व शांति स्तूप भ्रमण के दौरान विदेशी पर्यटक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राजगीर में सोमवार को एक दुखद घटना सामने आई। श्रीलंका के 74 वर्षीय पर्यटक पराना मैननागे की मौत हो गई। घटना राजगीर थाना क्षेत्र के आकाशीय रज्जू पथ पर हुई।


जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ समय से 87 सदस्यीय श्रीलंकाई पर्यटकों की टीम भारत दौरे पर है। टीम बनारस और बोधगया की यात्रा के बाद आज सुबह राजगीर भ्रमण के लिए आई थी। इसी दौरान वे विश्व शांति स्तूप का दर्शन कर रहे थे। विश्व शांति स्तूप तक पहुंचने के लिए सीढ़ियों से चढ़ाई करते समय पराना मैननागे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। उनके साथ आए पर्यटकों ने तुरंत सीपीआर देने की कोशिश की, लेकिन यह प्रयास असफल रहा। उन्हें रोपवे प्रबंधक के कर्मियों की मदद से राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजगीर थाना अध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मौत का कारण हार्ट अटैक हो सकता है। मृतक का शव उनके साथ आए सहयोगियों को सुपुर्द कर दिया गया है और इसे श्रीलंका भेजने की तैयारियां की जा रही हैं। मरने वाला व्यक्ति श्री लंका के कोलंबो स्थित किरुलापोन थानाक्षेत्र के 145/28 सी-हाईलेवल रोड स्व पराना मैनाज के 67 वर्षीय पुत्र निवासी धनपाल के रुप में की गई है।

# भारत में प्रवेश कर रहीं दो विदेशी महिलाएं धरायी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बिना वैध पासपोर्ट और दस्तावेजों के भारतीय सीमा में प्रवेश कर रही दो उज्बेकिस्तानी महिलाओं को नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी सुपौल जिला सीमा से सटे मधुबनी जिले के बेलही चेकपोस्ट के समीप की गई है। जिसके बाद सुपौल में भी एसएसबी ने इंडो-नेपाल बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि नेपाल पुलिस ने सप्तरी के रास्ते भारत आ रही दोनों उज्बेकिस्तानी महिलाओं से संदेह के आधार पर पहले पूछताछ की। वही संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर दोनों को हिरासत में ले लिया गया। उज्बेकिस्तानी महिलाओं की पहचान 39 वर्षीय फेरुजा यखसिमुरातोवा और 39 वर्षीय शोखिस्ता अकबरोवा के रुप में हुई है। नेपाल पुलिस के अनुसार, दो दिन पहले बेलही सीमा चौकी के रास्ते दोनों भारत में प्रवेश करने के प्रयास में थी। इसी दौरान गश्त पर तैनात नेपाल पुलिस के एक दल ने सप्तरी जिले के बालन बिहुल ग्रामीण नगर पालिका-4 के बेलही में भारत की ओर जा रही बाइक (बीआर 07 एवाय 1876) पर सवार दो लोगों पर शक होने पर उनकी जांच की। डीएसपी जितेंद्र कुमार बसनेत के अनुसार, बिहार के मधुबनी के लालमनिया डुमरबाना निवासी नीतीश कुमार बिंद द्वारा बाइक पर दोनों महिलाओं को भारतीय सीमा में ले जाने का प्रयास किया जा रहा था। महिलाओं के पास वैध पासपोर्ट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। लिहाजा, दोनों को हिरासत में लिया गया। डीएसपी जितेंद्र कुमार बसनेत ने कहा दोनों महिलाओं ने पुलिस को बताया कि वे काठमांडू के एक होटल में ठहरी थी। हालांकि जांच के वक्त दोनों के पास पासपोर्ट सहित अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं थे। दोनों महिलाओं का कहना है कि पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज होटल में ही छूट गए हैं।

# केजीबी में अब टेबलेट से होगी पढ़ाई




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** कमजोर वर्ग की बेटियों को शिक्षित करने में मील का पत्थर साबित हो रहे कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (केजीबी) की छात्राएं अब बड़े और नामी-गिरामी निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की तरह टेबलेट से अपनी पढ़ाई करेंगी।

इसके लिए प्रथम चरण में जिला के 6 में से 2 केजीबी को 50 टेबलेट उपलब्ध कराया गया है। इसमें गगौर केजीबी को 30 तथा लोदीपुर केजीबी को 20 टेबलेट दिया गया है। बिहार शिक्षा परियोजना के संभाग प्रभारी सूरज कुमार ने बताया अगले चरण में दूसरे केजीबी को भी इसी तरह टेबलेट उपलब्ध कराया गया है।

इन टेबलेटों से छात्राएं विद्यालय में स्थापित भगोलिक लैब तथा ई-पुस्तकालय से आनलाइन जुड़कर शिक्षण संबंधी कार्यों का निष्पादन कर सकती हैं। छात्राओं को टेबलेट से पढ़ाई करने से पहले उन्हें इसके लिए प्रशिक्षण दिया गया है।

उससे भी पहले केजीबी की शिक्षिकाओं को भी टेबलेट से पढ़ाई कराने का प्रशिक्षण देकर उन्हें निपुण किया गया है। दशहरा पूजा के बाद शिक्षिकाओं को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। टेबलेट से पढ़ाई करके खुश हैं तथा अपना आत्मबल मजबूत कर रही हैं।

सरकार के सभी केजीबी को अब बारहवीं कक्षा तक उत्क्रमित कर दिया है,जिसके लिए अतिरिक्त भवनों का निर्माण किया जा रहा है। पहले केजीबी में आठवीं तक पढ़ाई की सुविधा थी। इसी अप्रैल में सदर प्रखंड के लोदीपुर केजीबी में आठवीं से ऊपर की पढ़ाई शुरू की गई है।

अगले सत्र से शेखोपुरसराय प्रखंड के सादिकपुर केजीबी में नौवीं की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। भवन निर्माण के बाद बाकी केजीबी को भी आठवीं से आगे की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. तनवीर आलम ने बताया केजीबी के साथ सभी सरकारी विद्यालयों में सुविधा और संसाधन बढ़ाकर उसे निजी विद्यालयों के स्तर पर लाया जा रहा है। जिला के 50 से अधिक विद्यालयों में कंप्यूटर लैब स्थापित करके निचली कक्षा से ही विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा का ज्ञान दिया जा रहा है।

## बदमाशों की खंगाली जा रही कुंडली

**दरभंगा।** विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए पुलिस ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा स्तर पर अब तक की गई तैयारी की समीक्षा भी जारी है। आचार संहिता लगने से पहले पुलिस अपनी तैयारी पूरी करने का लक्ष्य रखा है। मसलन, चुनाव दौरान ना तो किसी दबंगई चलेगी और ना ही हुड़दंग । शातिर बदमाश पुलिस के रडार पर हैं। सभी के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। जेल में रहने वाले और फरार अपराधियों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। खासकर जमानत पर बाहर रहने वाले ऐसे लोग जिनके ऊपर चुनाव दौरान दबंगई, मारपीट, अपराध आदि करने का आरोप है, उन पर तकनीकी टीम के माध्यम से विशेष नजर रखी जा रही है। जेल में रहने वाले शातिरों को चुनाव तक अंदर ही रखा जाए, इसकी तैयारी जोरों से चल रही है। पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए सघनता के साथ छापेमारी चल रही है। चुनाव को देखते हुए शतप्रतिशत वारंटियों को गिरफ्तार करने का लक्ष्य रखा गया है।

# आवास निर्माण की धीमी प्रगति से डीएम नाराज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीतामढ़ी।** समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें डीएम ने विभिन्न विभाग की योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि सरकार की विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन विहित गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप करें। दोषपूर्ण क्रियान्वयन की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध जिम्मेदारी तय की जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जिले में मात्र 12.5 प्रतिशत आवास का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। इसमें रुन्नीसैदपुर का प्रतिशत 7.06 व रीगा का 7.79 प्रतिशत उपलब्धि बताया गया। इस पर डीएम ने सख्त नाराजगी प्रकट करते हुए ग्रामीण विकास के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।कहा कि हर हाल में तय मानकों के अनुरूप कार्य में तेजी लाएं। जिला जल स्वच्छता समिति के कार्यों की समीक्षा में पाया गया कि विभिन्न पैरामीटर में बेलसंड प्रखंड सबसे पीछे है। मेजरगंज, परिहार व रून्नीसैदपुर की स्थिति सबसे अच्छी है।

मनरेगा के कार्यों की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि मानव दिवस सृजन का लक्ष्य 62 लाख निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध मात्र 39 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। वहीं विभिन्न विभागों की योजनाओं को लेकर भूमि की उपलब्धता को लेकर सभी अंचल अधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया। कहा कि लंबित राशन कार्ड की संख्या अधिक है। जो खेद का विषय है। उन्होंने डीएसओ को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य प्रणाली में सुधार लाएं। कहा कि इस संबंध में सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी मार्केटिंग अफसर के साथ नियमित समीक्षा करना सुनिश्चित करें।

समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि विधान सभा चुनाव के कार्यों को पूरी प्रतिबद्धता व अलर्ट मोड में रहकर कार्य करें।

# सरकार द्वारा बिस्कोमान के उत्थान हेतु हर सम्भव मदद की जाएगी : मंत्री प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिस्कोमान की 36वीं वार्षिक आम-सभा दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, शास्त्री नगर, पटना में सम्पन्न हुई। इस समारोह का उद्घाटन सह मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने किया। बिस्कोमान के वार्षिक आम-सभा का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित करते हुए सहकारिता मंत्री एवं बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह, बिहार एवं झारखण्ड के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं राज्य के 22 केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्षों की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर बिस्कोमान के अध्यक्ष श्री विशाल द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए बिस्कोमान के उत्तरोत्तर विकास के बारे में विस्तार से बताया गया। बिस्कोमान की भविष्य में आने वाले योजनाएं-परियोजनाएं के बारे भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री सिंह द्वारा सभागार में बैठे सभी अतिथियों एवं निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच पटल पर बिस्कोमान का आर्थिक स्थिति पेश किया गया। श्री सिंह ने चर्चा के दौरान यह भी बताया कि बिस्कोमान पिछले वित्तीय वर्ष में इफको के सहयोग से राज्य के तकरीबन सभी जिलों में अपने 126 कृषक सेवा केन्द्रों से कुल 1,30,35,70,151.93 करोड़ रुपये की गुणवत्तापूर्ण उर्वरक की बिक्री किसानों के बीच में की गई है। श्री विशाल ने अपने सम्बोधन में खुले मंच से ऐलान किया कि बिस्कोमान प्रबंधन पूरे राज्य में 265 रुपये में ही यूरिया की बिक्री करता है। बिस्कोमान प्रबंधन अन्य उर्वरक कम्पनियों से भी वार्ता कर उर्वरक का आवंटन बढ़ा कर विभिन्न केन्द्रों पर उर्वरक की उपलब्धता बढ़ाना चाहता है। श्री सिंह ने प्रतिनिधियों एवं अतिथियों को अवगत कराया कि बिस्कोमान प्रबंधन गोदाम को मरम्मति कार्य एवं नये गोदामों के निर्माण हेतु भारत सरकार एवं बिहार सरकार दोनों से शिष्टाचार भेंट कर एवं पत्राचार के माध्यम से भी वित्तीय मदद मांगी है। सरकार द्वारा पूरा आश्वासन दिया गया है कि बिस्कोमान के उत्थान हेतु हर सम्भव मदद किया जाएगा। श्री सिंह ने सभी प्रतिनिधियों को बताया कि बिस्कोमान जल्द ही झारखण्ड राज्य में भी एक राज्य स्तरीय कार्यालय की स्थापना कर, झारखण्ड में भी व्यवसाय प्रारंभ करने की योजना है। बिहार एवं झारखण्ड राज्य में बिस्कोमान की विभिन्न खाली पड़े भू-खण्डों पर बहुमंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण कर आय का स्त्रोत बढ़ाना चाहता है जिसके लिए स्थल का निरीक्षण कर लिया गया है। श्री विशाल द्वारा यह भी बताया गया कि बिस्कोमान का उर्वरक व्यवसाय पूर्ण रूपेण कम्प्यूटरीकृत है जिससे आज बिस्कोमान में प्रतिदिन का लेखा-जोखा बिस्कोमान के मुख्यालय स्तर पर अद्यतन रहता है। श्री विशाल द्वारा सभी प्रतिनिधियों एवं अतिथियों को बताया गया कि बिस्कोमान के सभी कार्मिक एवं प्रबंधन इसी तरह कार्य करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब बिस्कोमान लाभान्वित संस्था के रूप में राज्य में स्थापित हो जाएगा। श्री सिंह द्वारा अपने उद्घाटनकर्त्ता सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार से अनुरोध किया गया कि यदि सरकार द्वारा धान, गेहूं, मसूर चना, दलहन-तेलहन अधिप्राप्ति कार्य हेतु बिस्कोमान को स्टेट एजेंसी घोषित किया जाता है तो राज्य के किसानों को दाल उत्पादन में नेफेड द्वारा जबर्दस्त लाभ पहुंचाया जा सकता है। वार्षिक आम सभा के उद्घाटनकर्ता सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बिस्कोमान द्वारा किसानों तक उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के मामले में जो अभूतपूर्व मिशाल कायम किया गया है, को खुले हृदय से प्रशंसा की गई और बिहार सरकार की ओर से हर सम्भव मदद दिलाने में अपने प्रयत्न का शत-प्रतिशत आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंच पर सूबे के 22 जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष विजय सिंह, बिहार स्टेट के को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे, बिहार को-ऑपरेटिव फेडरेशन के अध्यक्ष विनय कुमार शाही, बिस्कोमान के उपाध्यक्ष महेश राय, बिस्कोमान के निदेशक मंडल के सदस्यगण डॉ. जितेन्द्र कुमार (स.वि.स.), डॉ. सुनील कुमार सिंह (स.वि.प.), विनय कुमार (स.वि.स.), दिनेश सिंह, राम कलेवर प्रसाद सिंह, हीरा प्रसाद सिंह, पार्थ कुमार यादव, मनेश्वर पाहन, मधुप्रिया, साहीन कलाम, बन्दना सिंह, शोभा सिंह, मनोज कुमार सिंह (पूर्व स.वि.प.), दीपक कुमार, राकेश कुमार, अभिजीत कुमार, आरा केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सत्येन्द्र नारायण सिंह, अमिता भूषण, (पूर्व स.वि.स.), अमरनाथ पाण्डेय, गिरेन्द्र नाथ तिवारी उपस्थित थे।



## बी. डी. कॉलेज में 'मानसिक स्वास्थ्य एवं युवाओं का सशक्तिकरण' विषय पर विशेष कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और युवाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं विशिष्ट अतिथि सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन एवं विषय प्रवेश महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. रत्ना अमृत द्वारा किया गया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और मानसिक संतुलन की भी आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता छेदी के. चौधरी का स्वागत किया गया। अपने व्याख्यान में उन्होंने युवाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा कि खुलकर संवाद करना और ब्रेव टॉक जैसी पहल युवाओं को आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से मानसिक सशक्तिकरण और जागरूकता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की पदाधिकारी नीतू तिवारी ने गरिमापूर्ण एवं प्रभावी ढंग से किया।

## पीआइबी एवं सी.बी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में मना हिंदी पखवारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, पटना के सम्मेलन कक्ष में आज हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर 'विकसित भारत के अमृत काल का सेवा पर्व' विषय पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदुस्तान अख़बार के ब्यूरो प्रमुख आशीष कुमार मिश्रा थे। उन्होंने हिंदी को 'सोच, अध्ययन और प्रतिक्रिया अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम' बताया। उन्होंने हिंदी को क्रांति और प्रेम की भाषा बताते हुए कहा कि समाज को एकसूत्र में पिरोने और एकजुट करने में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी पखवाड़ा केवल 14 दिनों का संकल्प न रहकर पूरे वर्ष हिंदी भाषा के व्यापक संवर्द्धन का प्रयास बनना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के अपर महानिदेशक आशीष कुमार लकड़ा ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलवाई। कार्यालय प्रमुख, सीबीसी पटना कुमार सौरभ ने राजभाषा संवर्द्धन के प्रति भारत सरकार के सतत प्रयासों की सराहना की। प्रकाश कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ने हिंदी भाषा के इतिहास से लेकर वर्तमान परिदृश्य तक का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया जिसमें महापुरुषों के विचारों और हिंदी के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजना झा (विभागीय कलाकार) ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन पीआईबी के अधिकारी इफ्तेखार आलम ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पीआई बी एवं सीबीसी पटना के अधिकारी, कर्मचारी एवं आमंत्रित अतिथि द्वारा हिंदी भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए शपथ भी लिया गया।



## मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया बिहार एम्पोरियम का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की कला और संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना के प्रस्थान टर्मिनल पर बिहार एम्पोरियम का उद्घाटन किया गया। इसका शुभारंभ उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह और सचिव बी. कार्तिकेय धनजी भी उपस्थित रहे। बिहार एम्पोरियम में राज्य के पारंपरिक हस्तशिल्प जैसे मधुबनी पेंटिंग, सिक्की शिल्प, मंजूषा कला, सिरेमिक शिल्प, टिकुली पेंटिंग, पत्थर व लकड़ी की नक्काशी और अन्य प्रदर्शित और बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह प्रयास बिहार सरकार की उस योजना का हिस्सा है जिसके तहत परंपरा और आधुनिक बाजार को जोड़कर शिल्पियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है।

## डॉ नीतू नवगीत ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा प्रेमचंद रंगशाला में स्वच्छता टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रितु रानी, संगीता कुमारी, सीमा कुमारी, रोशन, विवेक कुमार निहाल, फरहान और मनोहर सहित कई बच्चों ने शहर की स्वच्छता और नागरिकों की जिम्मेदारी विषय पर अपनी बातें रखी। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता टॉक शो का संयोजन किया और बच्चों से कहा कि भारत देश विकासशील से विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। हर भारतीय का यह दायित्व है कि वह अपने देश शहर एवं गांव मोहल्ले की सफाई बनाए रखने में सहयोग करें। पटना नगर निगम द्वारा घर-घर से कचरा उठाने की व्यवस्था की गई है। घर के लोगों का भी यह कर्तव्य है कि वह कचरा कचरे वाली गाड़ी में ही डालें या संबंधित कर्मचारियों को सौंप दें। नीतू नवगीत ने गीतों के माध्यम से बच्चों को स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के लिए स्वच्छता क्विज का भी आयोजन किया गया जिसमें सही जवाब देने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

## पूर्व मध्य रेल में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 'वाकथॉन' का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए मुख्यालय, हाजीपुर में आज 'वाकाथॉन' का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने 'वाकाथॉन' का शुभारंभ किया जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि यह हमारे सामूहिक प्रयास का प्रतीक है। यह एक संदेश है कि स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छता एक आदत है, एक संस्कृति है जिसे हमें अपनाना होगा जब हम अपने आसपास को स्वच्छ रखते हैं तो हम न केवल एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करते हैं, बल्कि एक स्वच्छ और सुंदर समाज की नींव भी रखते हैं। आज का यह वाकाथॉन एक छोटा सा कदम है, जो एक बड़े बदलाव की शुरुआत कर सकता है। यह हमें याद दिलाता है कि हमें अपने घरों, अपने मोहल्लों और अपने शहरों को साफ-सुथरा रखने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए।

# प्लास्टिक मुक्त पूजा अभियान की शुरुआत

## पटना समेत बिहार के कई जिलों में नौजवानों ने चलाया अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रिजेनेरेटिव बिहार तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को पटना के अलग-अलग दुर्गा पंडालों में जा कर बैनर-पोस्टर के माध्यम से प्लास्टिक का प्रयोग छोड़ कर उसके स्थान पर प्रकृति वस्तुओं के उपयोग करने की अपील की। इसके साथ ही सभी दुर्गा पूजा समितियों को पत्र दे कर उनसे अनुरोध किया कि वे स्वयं भी प्लास्टिक का प्रयोग न करें तथा अपने आसपास भी लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। एनवायरनमेंट वॉरियर्स के निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि आज भारत ही नहीं दुनिया के सभी देश जलवायु संकट से जुड़ी विभिन्न आपदाओं से जूझ रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई से लेकर लोगों के रोजगार और खेती-किसानी सब पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव साफ दिखाई देने लगे हैं। जल, जंगल, जन और जानवर के साथ पहाड़ और नदियां सभी इसकी चपेट में आ रहे हैं। प्लास्टिक कचरे के बढ़ते ढेर जलवायु संकट को और तीव्र और घटक बनाने के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी अस्तित्व का संकट बन कर उभर रहे हैं। रिजेनेरेटिव बिहार के संजीव किशोर सुमन ने बताया कि प्लास्टिक कचरे विघटित होकर माइक्रो और नैनोप्लास्टिक बन जाते हैं और पानी, हवा और मिट्टी में मिल जाते हैं। ऐसे प्रदूषित पानी और मिट्टी से उपजी फसलों और जीव जंतुओं के मांस में भी माइक्रो और नैनोप्लास्टिक अब बड़ी मात्रा में मिलने लगे हैं और हमारे भोजन में पहुंच जा रहे हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि प्लास्टिक हमारे पाचन तंत्र, ग्रंथियों, फेफड़े, कलेजे और गुर्दे समेत त्वचा और प्रजनन तंत्र सबको नुकसान पहुंचाता है। प्लास्टिक और माइक्रोप्लास्टिक सांस लेने में समस्या से लेकर कई तरह के कैंसर का कारण बन सकते हैं। इसलिए हमलोग 'प्लास्टिक मुक्त पूजा अभियान' चलाकर प्लास्टिक कचरे को कम करने के प्रयास कर रहे हैं। हमारा प्रयास चाट व अन्य खाद्य सामग्री बेचने वालों से प्लास्टिक व थर्मोकोल से बनी प्लेट, कटोरी और ग्लास आदि की जगह पत्तों व कागज के बर्तन इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, मानसून के दौरान उठाये जाने वाले आवश्यक सावधानियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में चल रहे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य एवं विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने पर महाप्रबंधक ने विशेष रूप से बल दिया।

## अमृत भारत ट्रेन विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अमृत भारत ट्रेन की लोकप्रियता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालयों एवं विद्यार्थियों की रुचि को देखते हुए आज दानापुर मंडल के नवादा के गुरुदेव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। यह स्कूल गुरुदेव एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा संचालित है। दानापुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देता रहता है। इसी कड़ी में स्कूल के विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन को लेकर उनकी उत्सुकता को देखते हुए प्रतियोगिताओं की सीरीज के क्रम में नवादा के गुरुदेव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में 47 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सब ने एक से एक पेंटिंग बनाई। अमृत भारत ट्रेन पर आधारित इस पेंटिंग कंपटीशन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः आठवीं की छात्रा स्वाती कुमारी, अंजली भारती एवं सोहाना शाह को मिला। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल की प्रिंसिपल जेसिका चौधरी की निगरानी में स्कूल के टीचर विनोद कुमार एवं सिंटू कुमारी तथ दानापुर मंडल के कल्याण निरीक्षक पंकज कुमार की उपस्थित में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




## टीसीआई ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत की अग्रणी लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन समाधान प्रदाता कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (टीसीआई) ने अपने संस्थापक चेयरमैन श्री प्रभु दयाल अग्रवाल जी की स्मृति में राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान का आयोजन किया। 15 से 20 सितंबर तक भारत के 52 से ज़्यादा स्थानों पर आयोजित छह दिवसीय अभियान में 1,800 से ज़्यादा कर्मचारियों और सहयोगियों ने हिस्सा लिया। कोलकाता, गुरुग्राम, राजकोट, दिल्ली, चंडीगढ़, पुणे, औरंगाबाद, कोल्हापुर, लुधियाना, नोएडा, हैदराबाद, नागपुर, कानपुर, प्रयागराज, पटना, वाराणसी, मुंबई, हरिद्वार और अहमदाबाद समेत कई शहरों में रक्तदान शिविर लगाए गए।

## पंजाबी बिरादरी ने माता की चौकी एवं डांडिया का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लेडीज विंग - पंजाबी बिरादरी, पटना की ओर से चेयरपर्सन उमा सिंह के नेतृत्व में माता की चौकी एवं डांडिया का भव्य आयोजन लाला लाजपत राय भवन, चाजू बाग, पटना में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत माता की चौकी से हुई जहां भक्तों ने माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्ति गीतों से पूरा वातावरण श्रद्धा और आस्था से गूंज उठा। चौकी के बाद कार्यक्रम में रंगारंग डांडिया रास का आयोजन किया गया जिसमें पारंपरिक परिधानों में सजे लोगों ने गीत-संगीत और नृत्य के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन सामुदायिक एकता, संस्कृति और उत्सव का अद्भुत संगम रहा। इस अवसर पर पंजाबी बिरादरी, पटना के प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य अध्यक्ष दिलजीत खन्ना, सचिव जनरल बी.पी. धवन, कोषाध्यक्ष सरदार इंदरपाल सिंह लवली, पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह, पूर्व चेयरपर्सन वीणा गुप्ता, सविता जैन, सीमा पॉल, रौशनी सिंह, जनरल कन्वीनर बबी भल्ला एवं वित्त नियंत्रक ईशा सिंह, डोली कोहली, वैष्णवी, मंजोत, माधुरी, अवन्या विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## मार्कण्डेय स्मृति संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मार्कण्डेय ऋषि भारतीय परम्परा में अमरता, शिवभक्ति और अद्वितीय ज्ञान के प्रतीक माने जाते हैं। उनके जीवन से यह शिक्षा मिलती है कि सच्ची और साधना से मृत्यु जैसे अजेय शक्ति भी परास्त हो सकती है। यह सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने महर्षि मार्कण्डेय स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण के निरन्तर 36 वें शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। अपने उद्घाटन भाषण में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व गृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मार्कण्डेय ऋषि न केवल अमर ऋषि है, अपितु मार्कण्डेय पुराण के रचनाकार भी हैं जिसमें दुर्गा सप्तशती का वर्णन है। मुख्यातिथि धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी, राष्ट्रीय संयोजिका प्रो रागिनी वर्मा, अभियान के संरक्षक डॉ मिथिलेश झा, मुख्य वक्ता शैलेन्द्र सिन्हा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, विशिष्टातिथि डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ नीरा कुमारी, डॉ मधु कुमारी डॉ बिधू बाला ने भी संस्कृत सम्भाषण शिविर एवं मार्कण्डेय ऋषि के जीवन पर विस्तार से जानकारी दी।

# राज्य में तेजी से हुआ आयुष की सुविधाओं का विस्तार : मंगल पांडेय

## आयुष कॉलेजों एवं अस्पतालों में सहायक प्राध्यापकों की होगी नियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य आयुष समिति के तत्वावधान में 10वां आयुर्वेद दिवस ज्ञान भवन पटना में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य आयुष समिति का गठन 15 मार्च 2018 को किया गया। राज्य में आयुष की सुविधाओं का विस्तार व्यापक रूप से हुआ। वर्तमान में आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, यूनानी (तिब्बी) महाविद्यालय एवं अस्पताल (पटना), होम्योपैथिक महाविद्यालय एवं अस्पताल (मुजफ्फरपुर), 38 जिला संयुक्त औषधालय, 69 राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, 29 राजकीय होम्योपैथिक औषधालय, 30 राजकीय यूनानी औषधालय, एक आयुर्वेदिक एवं यूनानी औषध निर्माणशाला (पटना), एक आयुर्वेदिक एवं यूनानी अनुसंधान इकाई (पटना), एक 50 शय्या युक्त एकीकृत आयुष अस्पताल तथा 294 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हो रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि मार्च 2024 में 2901 आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। वर्ष 2024 में 294 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति के साथ योग प्रशिक्षक, हर्बल गार्डन एवं औषधि की व्यवस्था की गई है। वहीं आयुष कॉलेजों एवं अस्पतालों में राष्ट्रीय आयोगों के मानकों के अनुरूप पदों का सृजन कर सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी गई है। श्री पांडेय ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में आयुष पद्धति को जन-जन तक पहुंचने का काम निरंतर जारी है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर ट्रेनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 मेडिकल ऑफिसर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले 6 प्रतिष्ठित आयुर्वेद चिकित्सकों को भी सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर लोकेश कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, डॉ0 एस. कुमारासामी, मुख्य वन संरक्षक-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, एसएमपीबी नीलेश रामचन्द्र देवरे, प्रबंध निदेशक, बीएमएसआईसीएल यशपाल मीणा, अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति वैभव चौधरी, कार्यपालक निदेशक, राज्य आयुष समिति छिरिड़ वाई. भूटिया, अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग नेहा कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बीएसएसएस शंभू शरण, अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग अमिताभ सिंह, आप्त सचिव, स्वास्थ्य मंत्री शैलेश कुमार, विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग के राज्य आयुष समिति एवं अन्य उपस्थित रहे।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 2 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## संपाकीय

# हितों पर चोट

अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को प्रतिबंधों से दी गई छूट वापस ले ली है। ट्रंप प्रशासन ईरान पर अधिकतम दबाव बनाना चाहता है, लेकिन इससे भारत को भी बड़ा झटका लगेगा। 50 प्रतिशत टैरिफ के बाद अमेरिका का यह एक और कदम है, जिससे भारतीय हितों को चोट पहुंचेगी। ट्रंप ने दूसरी बार सत्ता संभालने के साथ ही चाबहार को मिली छूट खत्म करने के एग्जिक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर दिए थे। अब इसे 29 सितंबर से लागू करने का आदेश जारी हुआ है। इसके बाद अगर कोई कंपनी या संस्था चाबहार के संचालन में शामिल होती है, तो उस पर भी अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। भारत इस पोर्ट पर अरबों रुपये का निवेश कर चुका है और यहां एक टर्मिनल बना रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से उसके लिए यहां काम करना मुश्किल हो सकता है।

यह विडंबना है कि डॉनल्ड ट्रंप भारत और पीएम नरेंद्र मोदी को दोस्त बता रहे हैं, लेकिन उनकी नीतियां नई दिल्ली के खिलाफ जा रही हैं। चाबहार मामला बहुत कुछ रूसी तेल जैसा है।

जब यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर अमेरिका दबाव नहीं बना पाया, तो उसने तेल के व्यापार पर दोष डालना शुरू कर दिया। यही कहानी ईरान के साथ है। पिछले दिनों इस्राइल-ईरान टकराव और उसमें अमेरिकी दखल के बावजूद तेहरान झुकने को तैयार नहीं हुआ था, तो अब मैक्सिमम प्रेशर की बात कही जा रही है। भारत के लिए चाबहार बंदरगाह की अहमियत व्यापार से अधिक रणनीतिक है। यह पोर्ट उसे पाकिस्तान को बाईपास कर सीधे अफगानिस्तान, मध्य एशिया तक पहुंच देता है।

साल 2023 में पहली बार उसने इस रूट का इस्तेमाल कर अफगानिस्तान को गेहूं भिजवाया था। चाबहार उस इंटरनैशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का अहम हिस्सा है, जिसकी शुरुआत भारत, रूस और ईरान ने मिलकर की थी। सड़क और रेल नेटवर्क से जोड़ दिया जाए, तो यह कॉरिडोर सीधे यूरोप तक आसान, सस्ता और छोटा रास्ता देता है। चाबहार पर बैन भारत या ईरान नहीं, आगे चलकर अमेरिका पर भी असर डाल सकता है। इस पोर्ट को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह का जवाब माना जा रहा है, जो चीन के महत्वाकांक्षी बीआरआई प्रॉजेक्ट का हिस्सा है। इस क्षेत्र से भारत हटा, तो सीधा फायदा चीन को होगा। वॉशिंगटन की वजह से पेइचिंग को रणनीतिक-व्यापारिक बढ़त मिल जाएगी। यह ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन की सबसे बड़ी खामी कही जाएगी कि विरोधियों पर पकड़ बनाने की उसकी हर कोशिश दोस्तों को नुकसान पहुंचाती है।

# रूस की चेतावनी नई वैश्विक कूटनीतिक व्यवस्था का संकेत

**भारत से अमेरिका को होने वाले आयात पर पचास प्रतिशत का टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका ने रूस से भारत द्वारा कच्चा तेल खरीदने को कारण बताया है। अमेरिका का कहना है कि भारत ऐसा करके रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है। हालांकि भारत इससे इनकार करता रहा है। भारत वैसे भी रूस से तेल खरीदने वाले देशों में निचले पायदान पर है। हां, भारत की रूस से नजदीकी रही है और वह बनी हुई है। विशेषकर रक्षा क्षेत्र में रूस से भारत की नजदीकी दशकों से बनी हुई है। अमेरिका इससे चिढ़ता रहा है। हालांकि पिछले करीब दो दशकों से इसमें कमी आई है। इसकी वजह भारत का विशाल मध्य वर्गीय बाजार रहा है। जिसके जरिए अमेरिकी कंपनियां मोटा मुनाफा कमा रही हैं। लेकिन ट्रंप काल में आए टैरिफ बम के चलते इसमें गिरावट आ रही है।**

**(उमेश चतुर्वेदी)**


भारत से अमेरिका को होने वाले आयात पर पचास प्रतिशत का टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका ने रूस से भारत द्वारा कच्चा तेल खरीदने को कारण बताया है। अमेरिका का कहना है कि भारत ऐसा करके रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दावा किया कि भारत और चीन पर अमेरिका की टैरिफ धमकी बेअसर हो रही है और वाशिंगटन में दोनों प्राचीन सभ्यताओं के साथ ऐसी भाषा के प्रयोग की निरर्थकता को लेकर बहस चल पड़ी है।

भारत और चीन के खिलाफ जारी अमेरिकी राष्ट्पति ट्रंप के टैरिफ युद्ध के खिलाफ रूस का खुलकर उतरना वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का उदाहरण है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का दोनों देशों के पक्ष में खुलकर उतरना यह साबित करता है कि तीनों ही देश कम से कम आर्थिक विषयों के मामले में साथ आ रहे हैं। रूस का खुलकर भारत और चीन का साथ देना और अमेरिका का विरोध करना, वैश्विक दादागिरी वाली अमेरिकी कूटनीति को सीधी चुनौती कही जा सकती है।

अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप ने हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन 17 सितंबर के दिन बधाई देकर एक तरह से दोनों देशों के रिश्तों में टैरिफ युद्ध के चलते आई तल्खी को कम करने की कोशिश जरूर की है। लेकिन जमीनी स्तर पर अमेरिकी रूख में कोई बदलाव नहीं आने की वजह से वास्तविक हालात में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। ऐसे मौके पर सर्गेई लावरोव का बयान एक तरह से अमेरिका को चेतावनी हो सकता है।

भारत से अमेरिका को होने वाले आयात पर पचास प्रतिशत का टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका ने रूस से भारत द्वारा कच्चा तेल खरीदने को कारण बताया है। अमेरिका का कहना है कि भारत ऐसा करके रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है। हालांकि भारत इससे इनकार करता रहा है। भारत वैसे भी



रूस से तेल खरीदने वाले देशों में निचले पायदान पर है। हां, भारत की रूस से नजदीकी रही है और वह बनी हुई है। विशेषकर रक्षा क्षेत्र में रूस से भारत की नजदीकी दशकों से बनी हुई है। अमेरिका इससे चिढ़ता रहा है। हालांकि पिछले करीब दो दशकों से इसमें कमी आई है। इसकी वजह भारत का विशाल मध्य वर्गीय बाजार रहा है। जिसके जरिए अमेरिकी कंपनियां मोटा मुनाफा कमा रही हैं। लेकिन ट्रंप काल में आए टैरिफ बम के चलते इसमें गिरावट आ रही है।

सर्गेई लावरोव ने अमेरिका को एक तरह से चेतावनी दी, अपने ही देश के मुख्य टीवी चैनल 1टीवी के कार्यक्रम 'द ग्रेट गेम' में उन्होंने कहा कि चीन और भारत प्राचीन सभ्यताएं हैं। उनसे इस तरह से बात करना कि या तो आप वह बंद कर दें जो हम नहीं चाहते या हम आप पर टैरिफ थोप देंगे, काम नहीं कर पाया।

सर्गेई ने इस कार्यक्रम में एक तरह चुटकी भी ली। उन्होंने अमेरिका के चीन और भारत से जारी रिश्तों को लेकर कहा कि चीन और भारत से जिस तरह का अमेरिकी संपर्क जारी है, वह दिखाता है कि अमेरिकी पक्ष वैश्विक कूटनीति में आ रहे बदलावों को समझ चुका है।

लावरोव ने अमेरिका के प्रति भारत और चीन की प्रतिक्रिया की ओर इशारा करते हुए कहा कि अमेरिकी कदम से दोनों देशों को थोड़ी आर्थिक परेशानी जरूर हुई, क्योंकि दोनों ही देशों यानी चीन और भारत को नए बाजारों और ऊर्जा आपूर्ति के नए स्रोतों की तलाश करने और ज्यादा कीमत चुकाने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण ये है कि इस अमेरिकी रवैये का नैतिक और राजनीतिक विरोध भी हो रहा है।

लावरोव का यह कहना भी कि रूस पर नए प्रतिबंधों से कोई खतरा नहीं है, बहुत मानीखेज है। इसका मतलब यह है कि रूस कम से कम इस वक्त अमेरिकी दबवा में नहीं आने जा रहा। रूस पर वैसे ही बाइडन प्रशासन के जमाने से कई तरह की पाबंदियां लगी हुई हैं, फिर भी रूस की सेहत और कूटनीति पर विशेष असर नहीं पड़ा है।

ध्यान देने की बात यह है कि रूस, चीन और भारत की कुल जनसंख्या करीब तीन अरब है। जो वैश्विक जनसंख्या का करीब चालीस फीसद है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में तीनों देशों की अर्थव्यवस्था की सामूहिक भागीदारी करीब 32 प्रतिशत है। जाहिर है कि दुनिया में इनकी हिस्सेदारी अहम है। ऐसे में लावरोव का बयान एक तरह से अमेरिका को चुनौती ही है कि टैरिफ युद्ध खत्म हो या न हो, तीनों देश कम से कम अपनी आर्थिक चुनौतियों के सामने झुकने नहीं जा रहे। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# लोक गायिका देवी ने 'सिंगल मदर' बनकर एक क्रांतिकारी कदम उठाया

**(अंकुरी मिश्र)**

लोक गायिका देवी ने 'सिंगल मदर' बनकर एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। अपने इस फैसले का एलान करते हुए उन्होंने कहा कि वह विवाह में विश्वास नहीं करतीं और मातृत्व का अनुभव करना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने आधुनिक चिकित्सा पद्धति का सहारा लिया और बच्चे को जन्म दिया। उनका इस तरह मां बनना समाज के लिए एक



**देवी ने सोशल मीडिया पर अपने बेटे की तस्वीर भी साझा की, जिसके बाद उन्हें ढेर सारी बधाइयां मिलने लगी हैं। उनके इस कदम को लोग भरपूर सराह रहे हैं। इससे सिर्फ यही पता नहीं चलता कि वह कितनी साहसी हैं, बल्कि महिलाओं की स्वतंत्रता और उनके व्यक्तिगत अधिकारों की वह कितनी बड़ी हिमायती हैं, इसका एहसास भी होता है।**

मिसाल है, क्योंकि इससे उस पारंपरिक सोच को चुनौती मिलती है, जिसमें बच्चे के जन्म में पिता के योगदान को रेखांकित किया जाता है। देवी ने सोशल मीडिया पर अपने बेटे की तस्वीर भी साझा की, जिसके बाद उन्हें ढेर सारी बधाइयां मिलने लगी हैं। उनके इस कदम को लोग भरपूर सराह रहे हैं। इससे सिर्फ यही पता नहीं चलता कि वह कितनी साहसी हैं, बल्कि महिलाओं की स्वतंत्रता और उनके व्यक्तिगत अधिकारों की वह कितनी बड़ी हिमायती हैं, इसका एहसास भी होता है। आज जब महिलाएं सामाजिक बंधनों को पूरी तरह तोड़ पाने में सफल नहीं हो सकी हैं और शादी उनके जीवन का अनिवार्य हिस्सा बना दिया गया हो, तब सार्वजनिक दुनिया में रहने वाली इस लोक गायिका ने अकेले मातृत्व सुख पाने का न सिर्फ फैसला किया, बल्कि डंके की चोट पर इसका एलान भी किया। देवी का यह कदम महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह बदल रही सामाजिक परंपरा का संकेत है।

## राजस्व अधिशेष में उप्र देश में नंबर-1

# योगी ने यूपी को बीमारू से निकाल कर बुलंदी पर पहुँचाया

**हम आपको यह भी बता दें कि रिपोर्ट का एक बड़ा निष्कर्ष यह है कि हरियाणा, तेलंगाना और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने अपने कर और गैर-कर स्रोतों से 70-80 प्रतिशत तक राजस्व जुटाने में सफलता पाई है। यह मॉडल दिखाता है कि यदि राज्यों की कर संरचना सुदृढ़ हो और प्रशासनिक क्षमता मजबूत हो, तो वे केंद्र पर निर्भर हुए बिना अपनी वित्तीय स्थिति सुधार सकते हैं। इसके उलट, बिहार, हिमाचल प्रदेश और अधिकांश पूर्वोत्तर राज्य अपनी कुल आय का 40 प्रतिशत से भी कम स्वयं जुटा पाते हैं। शेष हिस्सा केंद्र सरकार के कर हिस्से और अनुदानों पर टिका होता है। यह असमानता भारत की संघीय ढाँचे की एक बड़ी चुनौती है। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि अधिशेष राज्यों में से अधिकांश में भाजपा की सरकारें हैं। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या यह राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है या केवल संयोग। वहीं, जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहाँ घाटे की स्थिति अधिक गहरी दिखाई देती है। इस तथ्य का राजनीतिक विमर्श में इस्तेमाल होना तय है।**

उत्तर प्रदेश के बाद गुजरात (19,865 करोड़), ओडिशा (19,456 करोड़), झारखंड (13,564 करोड़), कर्नाटक (13,496 करोड़), छत्तीसगढ़ (8,592 करोड़), तेलंगाना (5,944 करोड़), उत्तराखंड (5,310 करोड़), मध्य प्रदेश (4,091 करोड़) और गोवा (2,399 करोड़) जैसे राज्य अधिशेष की सूची में हैं।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने पहली बार राज्यों की वित्तीय स्थिति पर एक दशक भर का अध्ययन प्रस्तुत किया है। रिपोर्ट में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि देश के 16 राज्य राजस्व अधिशेष में हैं। इसमें सबसे आगे उत्तर प्रदेश है, जिसने वित्त वर्ष 2022-23 में 37,000 करोड़ रुपये का अधिशेष दर्ज किया। कभी 'बीमारू राज्यों' में गिने जाने वाले उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश अब इस श्रेणी में शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश के बाद गुजरात (19,865 करोड़), ओडिशा (19,456 करोड़), झारखंड (13,564 करोड़), कर्नाटक (13,496 करोड़), छत्तीसगढ़ (8,592 करोड़), तेलंगाना (5,944 करोड़), उत्तराखंड (5,310 करोड़), मध्य प्रदेश (4,091 करोड़) और गोवा (2,399 करोड़) जैसे राज्य अधिशेष की सूची में हैं। वहीं अरुणाचल, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम जैसे पूर्वोत्तर के राज्य भी इस सूची का हिस्सा बने। हम आपको यह भी बता दें कि इन 16 राज्यों में से 10 में भाजपा की सरकार है।

इसके उलट, 12 राज्य राजस्व घाटे से जूझ रहे हैं। इनमें आंध्र प्रदेश (-43,488 करोड़), तमिलनाडु (-36,215 करोड़), राजस्थान (-31,491 करोड़), पश्चिम बंगाल (-27,295 करोड़), पंजाब (-26,045 करोड़), हरियाणा (-17,212 करोड़), असम (-12,072 करोड़), बिहार (-11,288 करोड़), केरल (-9,226 करोड़), हिमाचल प्रदेश (-6,336 करोड़), महाराष्ट्र (-1,936 करोड़) और मेघालय (-44 करोड़) शामिल हैं।

सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल, केरल, हिमाचल और पंजाब जैसे राज्य अब केंद्र से मिलने वाले रिवन्यू डिफिक्ट ग्रांटस पर टिके हैं। वर्ष 2023 में केंद्र ने कुल 1.72 लाख करोड़ रुपये अनुदान दिए, जिसमें से 86,201 करोड़ सिर्फ राजस्व घाटा पाटने के लिए थे। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्यों ने स्वयं का कर एवं गैर-कर राजस्व बढ़ाकर वित्तीय आत्मनिर्भरता दिखाई है। वहीं पूर्वोत्तर के राज्य और बिहार-हिमाचल जैसे प्रदेश अब भी केंद्र के कर हिस्से और अनुदानों पर बहुत अधिक निर्भर हैं।

दूसरी ओर, कभी 'बीमारू राज्यों' के नाम से पहचाने जाने वाले उत्तर



प्रदेश और मध्य प्रदेश आज राजस्व अधिशेष की सूची में शीर्ष पर हैं तो यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छा समाचार है। देखा जाये तो नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की ताज़ा रिपोर्ट केवल आँकड़ों का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह भारत के बदलते आर्थिक भूगोल की कहानी भी कहती है।

उत्तर प्रदेश ने 37,000 करोड़ रुपये के अधिशेष के साथ सभी राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। दशकों तक पिछड़ेपन, प्रशासनिक अक्षमता और गरीबी के प्रतीक रहे इस राज्य का अब अधिशेष की श्रेणी में आना एक ऐतिहासिक मोड़ है। इसका मतलब है कि प्रदेश की आय उसके खर्च से अधिक हो रही है। आधारभूत संरचना में निवेश, औद्योगिक गलियारों का विकास और कर संग्रहण क्षमता में सुधार इस परिवर्तन के प्रमुख कारण माने जा सकते हैं।

उत्तर प्रदेश के पुराने हालात पर गौर करें तो यहां कमज़ोर बुनियादी ढाँचा, प्रशासनिक ढिलाई और निवेश के प्रति अविश्वास ने दशकों तक इसकी प्रगति को थामे रखा। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में तस्वीर बदलती दिख रही है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट केवल आँकड़ों की जीत नहीं, बल्कि उस सतत परिश्रम का परिणाम है जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किया गया है। योगी सरकार ने वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और आधारभूत ढाँचे में निवेश को प्राथमिकता दी। कानून-व्यवस्था की मजबूती से निवेशकों का भरोसा लौटा, औद्योगिक गलियारों, एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स ने राज्य को नई पहचान दी। यही कारण है कि आज उत्तर प्रदेश केवल अधिशेष का प्रतीक नहीं है, बल्कि वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनॉमी बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। हालाँकि यह लक्ष्य कठिन है। लेकिन जिस गति से राज्य ने 'बीमारू' की छवि को तोड़कर राजस्व अधिशेष का मुकाम हासिल किया है, उसी गति से यदि निवेश, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार जारी रहे, तो यह सपना असंभव नहीं है। उत्तर प्रदेश की नई कहानी यह बताती है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक प्रतिबद्धता से किसी भी राज्य की किस्मत बदली जा सकती है।

वहीं दूसरी ओर, गुजरात, ओडिशा, झारखंड, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों का अधिशेष यह दिखाता है कि आर्थिक संसाधनों का उपयोग बेहतर तरीके से किया जा रहा है। विशेषकर झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज संपन्न राज्यों ने संसाधनों को राजस्व में बदलने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। पूर्वोत्तर के छोटे-छोटे राज्य भी अधिशेष की सूची में हैं, जो यह संकेत देता है कि केंद्र से प्राप्त सहायता और स्थानीय कर संग्रहण मिलकर उन्हें संतुलन में ला रहे हैं।

इसके विपरीत, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, पंजाब और पश्चिम बंगाल जैसे बड़े और आर्थिक रूप से महत्त्वपूर्ण राज्य गहरे घाटे में हैं। आंध्र प्रदेश का घाटा अकेले 43,000 करोड़ से अधिक है। पंजाब का संकट और गंभीर है क्योंकि वहाँ कर्ज और सब्सिडी आधारित अर्थव्यवस्था ने वित्तीय अनुशासन को लगभग ध्वस्त कर दिया है। पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्यों का केंद्र की मदद पर अत्यधिक निर्भर होना वित्तीय आत्मनिर्भरता की कमी को दर्शाता है।

हम आपको यह भी बता दें कि रिपोर्ट का एक बड़ा निष्कर्ष यह है कि हरियाणा, तेलंगाना और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने अपने कर और गैर-कर स्रोतों से 70-80 प्रतिशत तक राजस्व जुटाने में सफलता पाई है। यह मॉडल दिखाता है कि यदि राज्यों की कर संरचना सुदृढ़ हो और प्रशासनिक क्षमता मजबूत हो, तो वे केंद्र पर निर्भर हुए बिना अपनी वित्तीय स्थिति सुधार सकते हैं। इसके उलट, बिहार, हिमाचल प्रदेश और अधिकांश पूर्वोत्तर राज्य अपनी कुल आय का 40 प्रतिशत से भी कम स्वयं जुटा पाते हैं। शेष हिस्सा केंद्र सरकार के कर हिस्से और अनुदानों पर टिका होता है। यह असमानता भारत की संघीय ढाँचे की एक बड़ी चुनौती है।

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि अधिशेष राज्यों में से अधिकांश में भाजपा की सरकारें हैं। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या यह राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है या केवल संयोग। वहीं, जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहाँ घाटे की स्थिति अधिक गहरी दिखाई देती है। इस तथ्य का राजनीतिक विमर्श में इस्तेमाल होना तय है। आगे की राह देखें तो घाटे वाले राज्यों को खर्च पर नियंत्रण और आय में वृद्धि के उपाय करने होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आदित्युपर की एक फैक्ट्री में लगी आग

**आदित्यपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आदित्यपुर फेज-2 स्थित अंजनी प्लास्ट इंडस्ट्रीज में मंगलवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। यह कंपनी प्लास्टिक ग्लास बनाने का काम करती है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। आग की लपटें इतनी भयंकर थीं कि दूर-दूर तक धुआं फैल गया। आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दमकल कर्मियों के साथ स्थानीय लोग भी आग पर काबू पाने में सहयोग कर रहे हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक आग पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो सकी थी। किसी तरह की जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन फैक्ट्री को भारी नुकसान होने की आशंका है।

### बारिश के कारण जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुबह से आसमान में बादल छाए होने के बाद दोपहर 12 बजे से तेज बारिश शुरू हो गई। तेज बारिश के कारण दिन में लोगों का आना जाना बाधित हो गया। सड़क से गुजरने वाले लोग जहां के तहत सड़क के किनारे बारिश से बचने के लिए खड़े रहे। उम्मीद है रात तक बारिश रुक रुक कर होती रहेगी।

### उड़नदस्ता टीम ने स्टेशन से मोबाइल चोर को पकड़ा

**जमशेदपुर/चक्रधरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंडल आरपीएफ की उड़नदस्ता टीम के एएसआई बलबीर प्रसाद ने टाटानगर स्टेशन से जुगसलाई गरीब नवाज कॉलोनी के मो. वसीम खान को भी यात्रियों की मोबाइल चोरी के मामले में पकड़कर जीआरपी को सौंपा। वही, टाटानगर आरपीएफ के सहायक दारोगा बबलू सिंह ने छात्रा की मोबाइल चोरी में दंपत्ति को पकड़कर जीआरपी को सौंपा है।

### पूजा पंडाल का उद्घाटन 25 को

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ठाकुर प्यारा सिंह धुरंधर सिंह क्लब के पूजा पंडाल का उद्घाटन 25 सितंबर को होगा। क्लब के अध्यक्ष निर्भय सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि उद्घाटन समारोह शाम 6 बजे से आयोजित होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, विशिष्ट अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो, राज्य सभा के सदस्य आदित्य साहु और विधायक पूर्णिमा साहु होंगीं।

### चैनपुर में नवरात्र के पहले दिन निकली कलशयात्रा

**गुमला/चैनपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन सफी नदी से श्रीदुर्गा मंदिर तक 251 कलशों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु महिलाओं-किशोरियों ने सिर पर मंगल कलश लेकर जय माता दी के जयकारों के बीच यात्रा में भाग लिया। पूरे रास्ते वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहा। मंदिर परिसर में कलश स्थापना के बाद नौ दिनी पूजा-अर्चना का विधिवत शुभारंभ हुआ। केंद्रीय श्रीदुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि पूजा से पूर्व मंदिर परिसर की विशेष साफ-सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था पूरी कर ली गई है।समिति ने भक्तों के लिए कई विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। शुरूआती दो दिनों तक बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके बाद नागपुरी कलाकारों द्वारा सांगीतिक प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं सभी ग्रामवासियों के मनोरंजन हेतु पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया जाएगा।दशमी तिथि को रावण दहन का भव्य आयोजन होगा, जबकि अगले दिन माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। स्थानीय लोगों में इन कार्यक्रमों को लेकर गहरी उत्सुकता और उल्लास देखा जा रहा है। नवरात्रि के आगाज ने पूरे चैनपुर को देवीमय बना दिया है।

### हॉकी का जुनून आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जीवित है :विजय

**गुमला/सिसई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड स्टार सैंदा क्लब द्वारा आयोजित चार दिनी हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल आज खेला गया। फाईनल मैच का शुरूआत जिला परिषद सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी,पंचायत मुखिया फ्लोरेंस देवी और कांग्रेस युवा नेता आजाद अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया।फाइनल मुकाबला कोड़ेदाग बनाम पंडरानी के बीच खेला गया। जिसमें पंडरानी की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में कोड़ेदाग को 5-1 से हराकर चैम्पियन बन गई। विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी ने खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुमला जिला पूरे राज्य में खेल नगरी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल हॉकी का जुनून आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जीवित है और जिले के खिलाड़ी सीमित संसाधनों के बावजूद देश-विदेश में अपने प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रतिभाओं को सही प्लेटफॉर्म और गाइड लाइन देने की आवश्यकता है।फाइनल मैच में विजय लकड़ा, ललित उरांव, प्रकाश उरांव, पहला उरांव, फैजान अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कम मजदूरी भुगतान करने पर यूनियन ने जताया रोष

**लातेहार/बेतला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड वन-श्रमिक यूनियन पलामू की कार्यकारिणी समिति की बैठक बेतला में हुई। अध्यक्षता यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सिद्धनाथ झा ने की। बैठक में पूर्व के समझौते को लागू करने,वन श्रमिकों की पीएफ कटौती, बकाए एरियर और अंतर राशि का शीघ्र भुगतान,सेवा नियमितीकरण के लिए सरकार को सुयोग्य श्रमिकों की सूची भेजने में विभागीय शिथिलता,रांची हाईकोर्ट में वन-प्रबंधन के खिलाफ दायर अवमानना याचिका,संघीय कोष का मजबूतीकरण समेत अन्य कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं सरकारी आदेश के बावजूद कार्यरत श्रमिकों को न्युनतम मजदूरी का भुगतान नहीं करने पर घोर नाराजगी और आक्रोश व्यक्त किया गया। वन श्रमिकों ने पीटीआर प्रबंधन पर तय अकुशल मजदूरी 11824 रु प्रति माह की जगह मात्र 10500 रु और कुशल मजदूरी 16358 रु की जगह 12500 रु प्रति माह की दर से भुगतान करने का सीधा आरोप लगाया। वहीं बैठक में शामिल सदस्यों ने न्युनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने की दशा में वन-प्रबंधन के मनमानी और तानाशाही रवैया के खिलाफ यूनियन की बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया। बैठक में यूनियन के अशोक सिंह,फैज अहमद,मोबिन अंसारी,बलराम यादव,भैरव सिंह,सुधीर तिवारी,बिरसाय उरांव,पारो देबी,खमीर अंसारी,कामता सिंह,रवि राम,रुपेश यादव आदि शामिल थे।

### सेवा भारती ने फ्री मेडिकल कैंप आयोजित किया

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ की अगुवाई में हुई। इसकी शुरूआत अध्यक्ष के अलावा डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव जयप्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कैंप में 45 लोगों का इलाज किया गया। लैब टेस्ट और दवाएं वितरित की गईं। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि असहाय एवं गरीबों की स्वास्थ्य सेवा के अलावा आत्मनिर्भर बनाने हेतु शिक्षा के साथ- साथ महिलाओं के लिए लघु रोजगार की भी व्यवस्था जल्द कराई जाएगी। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप अवश्य कराते रहना चाहिए, ताकि किसे क्या बीमारी हो रही है यह पता चल सके। ताकि समय पर उक्त बीमारी का इलाज किया जा सके। स्वास्थ्य ही जीवन का मूल आधार है। शिविर में लक्ष्मी भगत,अंजलि सर्राफ,सोनिया पोद्दार,रामप्रकाश मोदी,अतुल सर्राफ, सच्चिदानंद अग्रवाल,गौतम महतो,विकास महतो,कमल अग्रवाल,सूरज प्रसाद,संजय प्रसाद,प्रियंका देवी,नारायण साहू,नीलम देवी,लालू साहू,मेरी देवी,माधुरी देवी,उदय कसेरा,देवनारायण साव आदि मौजूद थे।

### राज्यस्तरीय खेलों में मचाया धमाल, जीते 43 पदक

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में सिंहभूम क्षेत्र के खिलाड़ियों ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 43 पदक अपने नाम किए। सिंहभूम ने 25 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक जीतकर पूरी प्रतियोगिता में धाक दिखाई। इसके साथ ही पलामू क्षेत्र के खिलाड़ियों ने 45 पदक हासिल किए, जिसमें 14 स्वर्ण, 18 रजत और 7 कांस्य पदक शामिल हैं।बोकारो के खिलाड़ियों ने 32 पदक अपने नाम किए, जबकि दुमका क्षेत्र ने 22 पदक प्राप्त किए। हजारीबाग के खिलाड़ियों ने 56 पदक जीते, जिनमें 39 स्वर्ण पदक शामिल हैं। राजधानी रांची के खिलाड़ियों ने भी कमाल का प्रदर्शन किया और कुल 187 पदक अपने नाम किए, जिसमें 113 स्वर्ण, 18 रजत और 56 कांस्य पदक शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने दौड़, शॉटपुट, साइक्लिंग, वॉलीबॉल और स्विमिंग समेत विभिन्न खेलों में प्रतिभा का लोहा मनवाया। पदक विजेताओं को मुख्य वन संरक्षक और खेल अधिकारियों ने पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# इचाक में जेवर व्यापारी से दिनदहाड़े लूटा जेवरात से भरा बैग



**इचाक/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इचाक थाना क्षेत्र के एनएच 33 से सटे दुर्गानगर इचाक मोड़ के पास बाइक सवार अपराधियों ने चार लाख के जेवरात से भरा बैग लूट लिया।अपराधी ने घटना को अंजाम सोमवार दिन 11 बजे दिया। अपराधियों द्वारा सरेआम घटना को अंजाम दिए जाने को लेकर व्यवसायि वर्ग ने पुलिसिया कार्य शैली पर उंगली उठाया है। घटना के बाबत जेवर व्यवसाय मिंटू सोनी कुटुमसुकरी ने बताया कि घर से जेवर से भरा बैग लेकर सोमवार को साढ़े दस बजे निकला।दुकान के पास पहुंचने पर बैग सामने रखकर दुकान खोलने लगा।एक ताला खोला ही था कि अचानक लाल रंग का एक पल्सर सामने रुका।जिससे एक युवक उतरा और पलक भपकते ही जेवर से भरा बैग लेकर भागने लगा। बैग लेकर अपराधियों को भागता देख पीछा किया लेकिन फूल एक्सीलेटर और स्पीड के साथ दोनों बरही की ओर भाग निकले। घटना का सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदार अपराधियों को पकड़ने के लिए इधर-उधर भागे लेकिन तब तक देर हो चुका था। मिंटू सोनी ने बताया कि अपराधियों की संख्या दो थी। जिसमें एक बाइक पर आगे बैठा था। जो गाड़ी को चल रहा था।

अपराधी हरा गंजी और सदा जूता पहने था। जिसकी उम्र करीब 20 से 26 साल के करीब थी।सूचना मिलने पर पुलिस का गश्ती दल दुर्गा नगर इचाक मोड पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। व्यवसाय मिंटू सोनी ने बताया कि घटना की लिखित सूचना इचाक पुलिस को दे दिया गया है। मामले में थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने कहा कि भुक्तभोगी ने थाना में आवेदन दिया है। जिसके आधार पर पुलिस अपराधियों के संभावित ठिकानों पर तलाशी अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। क्या कहते हैं आसपास के व्यवसाई इचाक मोड़, दुर्गा नगर डुमरांवन रोड और इचाक बाजार के व्यवसायियों ने दिनदहाड़े लूट की घटना को लेकर आश्चर्य व्यक्त किया है। व्यवसायियों ने कहा कि नवरात्र के प्रथम दिन होने के कारण समीप के मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ थी। कलश स्थापना की तैयारी में लोग लगे थे। जिसका फायदा उठाते हुए अपराधी मिंटू सोनी के दुकान के करीब पहुंचे। जैसे ही मिंटू ने सोने चांदी के जेवर से भरे बैग को रखकर दुकान खोलने लगा। कि पूर्व से रेकी कर रहे दो अपराधियों में से एक ने बाइक से उतरकर बैग लूट कर चलते बना।

व्यवसाईयों का कहना है कि पुलिस पेट्रोलिंग के नाम पर खाना पूरी करती है। जिसके चलते अपराधी बेखौफ घटनाओं को अंजाम देते जा रहे हैं। 14 अप्रैल को सलपर्णी पेट्रोल पंप के मैनेजर शंकर कुमार दास को अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था और पैसों से भरा बैग लेकर भाग निकले थे। जिससे पुलिस ने सबक नहीं लिया। 22 सितंबर को अपराधिय जेवर से भरा बैग लूट कर भागे है जो पुलिस के कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। उस समय भी अपराधियों ने दिन के 10:30 बजे की घटना को अंजाम दिया था और इस बार भी वही कहानी दोहराया है। जिससे व्यवसाई वर्ग में हड़कंप मचा है। 4 महीने में लूट की दूसरी घटना अपराधियों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए चार महीने में लूट की दूसरी घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है। व्यापारीयों ने क्षेत्र में बढ़ते घटनाओं और अपराधियों के दुस्साहस पर को लेकर चिंता जताया है।

## ऑन ड्यूटी महिला पुलिसकर्मी के साथ छेड़छाड़ मामले में वकील सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के कोर्रा थाना पुलिस ने ऑन ड्यूटी महिला पुलिस कमी के साथ छेड़छाड़ मामले में एक वकील सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी कोर्रा थाना प्रभारी अजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि रविवार को सूचना प्राप्त हुई कि कोर्रा चौक के पास दो लोगों को नशे की हालत में ऑन डयुटी महिला पुलिसकर्मी के साथ छेड़खानी एवं गाली गलौज कर रहे है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए संध्या गश्ती पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। कोर्रा चौक पर पहुंचने पर देखा गया कि दो व्यक्ति महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे थे। जिन्हें आम जन समझा रहे थे। पर वह किसी की न सुनते हुए लगातार अभद्र व्यवहार किये जा रहे थे। दोनों सरकारी काम में बाधा डालते हुए विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न कर रहे थे। पुलिस ने जिन्हे तत्काल हिरासत में लिया। दोनो व्यक्तियों को नशे के हालत में पाये गये। जिन्हें मेडिकल कराने के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया। फिर महिला होमगार्ड के आवेदन के आधार पर कोर्रा थाना मे काण्ड संख्या 166/25 दर्ज कर ते कांड के प्राथमिक आरोपी राहुल कुमार गोस्वामी पेशे से वकील उम्र करीब 35 वर्ष ग्राम सिन्दूर और देवाशीष लकड़ा उर्फ रिंकु उम्र करीब 40 वर्ष निवास स्थान दीपूगढा मरियम टोला दोनो थाना कोर्रा जिला हजारीबाग को दिनांक 22/09/25 को विधिवत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया गिरफ्तार आरोपियो के पास से एक पैशन प्रो मोटरसाईकल को जप्त किया गया है। इस अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी कोर्रा अजीत कुमार, दारोगा रोशन कुमार, कोर्रा थाना, ट्रैफिक पुलिस और कोर्रा पुलिस स्टेशन रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# जीएसटी की नई दरें लागू बाजार हो गया गुलजार

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देशभर में सोमवार से जीएसटी की नई दरें लागू हो गई है। इस कारण हजारीबाग में बचत उत्सव शुरू हो गया है। सोमवार को जीएसटी छूट में एलान के कारण जहां व्यापारी वर्ग खुश नजर आए। वही बाजार के सबसे बड़ा उपभोक्ता मिडिल क्लास के लोग बम बम नजर आए। केंद्र सरकार के जीएसटी में नए गुड्स एंड सर्विस स्ट्रक्चर का असर कार और बाइक के बाजार में देखने को मिला। जीएसटी सुधार का लाभ लेने कई लोग पूजा के अवसर पर कार और बाइक खरीदने बुकिंग करना शुरू कर दिया। लोगों का कहना था कि आज से जीएसटी छठ का लाभ आम लोगों को सीधे मिलना शुरू हो गया है। तब पीछे क्यों रहना है। अब घरेलू सामान, कार, टीवी, बाइक सस्ते हो गए हैं। खाने-पीने की चीजों का स्लैब जीरो प्रतिशत आने से होटल रेस्टोरेंट मे रोटी, पराठा, बिरयानी, पनीर खाना सस्ता हो गया है। दवा, पुस्तक, नोटबुक, बीमा पॉलिसी, डेयरी प्रोडक्ट, ड्राई फ्रूट, सीमेंट आदि सस्ते हो गए। इसका लाभ मध्यम वर्ग के लोगों को मिलेगा। वही तंबाकू, सिगरेट, शराब जैसे विलासिता के आइटम का टैक्स स्लैब 40 प्रतिशत कर दिया गया। जो महंगे हो गए है। इसका भी लोगों ने स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि तंबाकू सिगरेट और शराब पर महंगा होने से लोग इसका उपयोग कम करेंगे। इसके कारण युवा वर्ग स्वस्थ रहेंगे और कई बीमारी से बचे रहेंगे। कार और बाइक बाजार हुआ सस्ता हजारीबाग में कार और बाइक बाजार सस्ता हो गया है। जीएसटी सुधार लागू होने के बाद सोमवार को मारुति सुजुकी 1.39 लाख सस्ता हो गया। जिसमें ब्रेजा, अल्टो, वैगन आर और स्विफ्ट जैसी कारें भी शामिल है। बाजार में महिंद्रा में 2.56 लाख, टाटा मोटर्स में 1.45 लाख, हुंडई में 2.40 लाख, टोयोटा में 3.49 लाख, बीएमडब्ल्यू में 13.6 लाख ऑडी में 7.83 लाख रुपए सस्ते हो गए हैं। वहीं हीरो मोटर्स के बाइक 15,743 रुपए, सुजुकी के 18,024 रुपए, बजाज ऑटो के 20000 रुपए ,यामाहा के 17581 रूपए, टीवीएस के 14330 रुपए सस्ते हो गए हैं। जीएसटी के बढ़ते दर के कारण वाहन समेत कई सेक्टर प्रभावित थे। लेकिन सोमवार के बाद राहत मिली है। सोमवार को हजारीबाग में साप्ताहिक बंदी रहती है। दुर्गा पूजा बाजार भी शुरू हो गया है। मंगलवार से कार-बाइक के शोरूम में भीड़ जुटने की संभावना है। टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भी जीएसटी कटौती का असर दिखेगा। कपड़ा और इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी तेजी आएगी।

### जीएसटी दर घटने से गुमला बाजार में रौनक

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पितृपक्ष की समाप्ति और केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए जीएसटी दरों ने गुमला बाजार को फिर से रौनक से भर दिया है। सोमवार से बाजार में ग्राहकों की भीड़ देखी गई। लोग उत्साह के साथ अपनी पसंद का सामान खरीदने पहुंचे। दुकानदारों का कहना है कि लंबे समय से मंदी का सामना कर रहे बाजार में अब तेजी लौटने की उम्मीद है। सबसे अधिक उत्साह बाइक, कार और इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकानों पर देखने को मिला। ग्राहकों को विभिन्न बाइक मॉडलों पर सात हजार से नौ हजार रुपये तक की छूट दी गई। कार खरीदने वालों के लिए अलग-अलग मॉडलों पर 40 हजार से लेकर 1.50 लाख रुपये तक की छूट मिली। इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे टीवी,फ्रिज, वॉशिंग मशीन आदि पर तीन हजार से पांच हजार रुपये तक की बचत होने से ग्राहकों के चेहरे खिल उठे।दैनिक उपयोग के घरेलू सामान में भी राहत मिली है। नमक,आटा,तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में 10 रुपये से लेकर 60 रुपये तक की कमी आई है। इससे घर की जिम्मेदारी संभालने वाली महिलाओं की चिंता काफी हद तक कम हुई है।मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह बदलाव राहत भरा साबित हो रहा है। लोग कहते हैं कि सरकार ने नवरात्र के अवसर पर बड़ा तोहफा दिया है। व्यापारियों का मानना है कि त्योहारों के मौसम में बिक्री और बढ़ेगी। जिससे बाजार में फिर से रौनक बनी रहेगी। गुमला के बाजार में सोमवार को जिस तरह से भीड़ और उत्साह देखने को मिला, उससे साफ है कि जीएसटी दरों में कटौती का सीधा असर उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों को लाभ पहुंचा रहा है।

## लातेहार कांग्रेस में जिलाध्यक्ष को लेकर घमासान, 15 दावेदार मैदान में

**लातेहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस के संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। जिला अध्यक्ष पद के लिए कुल 15 कांग्रेसियों ने दावेदारी पेश की है और सभी अपनी-अपनी जीत को तय मान रहे हैं। हाल ही में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा इस प्रक्रिया की शुरूआत की गई, जिसके तहत संगठनात्मक रायशुमारी पूरी कर ली गई है। रायशुमारी के लिए पर्यवेक्षक के तौर पर महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सुनील केदार, राज्यसभा के पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, रामगढ़ विधायक ममता देवी और झारखंड हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक जिले में मौजूद रहे। इन सभी ने स्थानीय कांग्रेसजनों, मीडिया प्रतिनिधियों और सिविल सोसाइटी के सदस्यों से विस्तृत बातचीत की।इस पूरी प्रक्रिया में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह की सक्रिय भूमिका रही। विधायक श्री सिंह पर्यवेक्षकों के साथ लगातार मौजूद रहे और संगठनात्मक मजबूती के लिए उनके छह वर्षों के कार्यकाल की सराहना की जा रही है। चर्चा यह भी है कि उनकी मजबूत उपस्थिति का लाभ उनके समर्थकों को मिल सकता है। अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदारों में पूर्व मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, कांग्रेस प्रदेश सचिव पप्पू पासवान, जिला कांग्रेस के सुरेंद्र पासवान, युवा कांग्रेस के आफताब आलम, साजन कुमार, सुरेंद्र उरांव, गुंजर उरांव ,कामेश्वर यादव ,रविंद्र राम ,नसीम अंसारी ,मो सईद ,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सलाम अंसारी, बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, और हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष लाडले खान प्रमुख नाम हैं। मनिका विधायक श्री सिंह के करीबी कई दावेदार भी रेस में हैं, जिनमें कुछ 2019 में राजद छोड़कर कांग्रेस में आए थे। दिलचस्प बात यह है कि लगभग सभी दावेदार अपनी दावेदारी को पक्की बता रहे हैं। हालांकि, अंततः सिर्फ छह नाम ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेजे जाएंगे, जिनमें से अंतिम चयन किया जाएगा। ऐसे में जिला अध्यक्ष पद को लेकर उठापटक और जोड़तोड़ का दौर तेज हो गया है।

### घाघरा का ऐतिहासिक देवी मंडप श्रद्धालुओं की आस्था का है प्रमुख केंद्र

**घाघरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घाघरा का प्रसिद्ध देवी मंडप सैकड़ों वर्षों से आस्था का केंद्र बना हुआ है। 1932 के खतियान में इस स्थल को विधिवत चिन्हित किया गया था। इसी वजह से इस पथ का नाम देवी मंडप रोड पड़ा। यहां आदिवासी और सदान समुदाय सभी वर्गों के लोग मां की पूजा-अर्चना कर अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं। गांव के लोग दैनिक जीवन में भी देवी मंडप से जुड़ाव महसूस करते हैं। सुबह टहलने निकले लोग प्रायःयहां मत्था टेकते दिखाई देते हैं,जबकि कई लोग प्रवेश द्वार से ही हाथ जोड़कर नमन कर लेते हैं।नवरात्र के दौरान देवी मंडप का महत्व और बढ़ जाता है। खास कर महिलाओं की भारी भीड़ पूजा-अर्चना के लिए उमड़ती है। अष्टमी के दिन तो स्थिति और भी विशेष होती है। अहले सुबह से ही श्रद्धालु मंडप पहुंचना शुरू कर देते हैं ताकि भीड़ और धक्का-मुक्की से बचा जा सके।

## विधायक ने किया हाथी प्रभावित गांव का दौरा बांटी राहत सामग्री

**सिमडेगा/ठेठईटांगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथियों के झूंड के द्वारा घरों को तोड़े जाने की सूचना पर विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी सोमवार को प्रखंड के केरिया पंडरीपानी, कुरकुरा, डांगटोली गांव पहुंचे। साथ ही प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों के बीच मोबिल, जूट बोरा, टॉर्च, पटाखा आदि का वितरण किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 25-30 की संख्या में हाथियों का झूंड घुंस गया है। हाथियों ने गांव के पौलुस डांग, ज्वलंत डांग, बेलास बागे के घर को तोड़ते हुए घर में रखे धान व चावल को चट कर गया। हाथियों द्वारा घर तोड़े जाने पर घर में रखा गया कई सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर विधायक ने प्रभावितों को विभाग से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने वन विभाग को गांव पहुंच हाथियों को खदेड़ने एवं जिले के ग्रामीणों को हाथियों के आतंक से निजात दिलाने के लिए कारवाई तेज करने का निर्देश दिया। विधायक ने ग्रामीणों को भी हाथियों को बेवजह न छेड़ने एवं हाथी आने पर तुरंत वन विभाग को अथवा उन्हें सूचना देने की अपील की। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अशफाक आलम, सुकुवन जोजो, राजा आलम, सहबाज अली, असित केरकेट्टा, तिनतुस लुगुन, संतोष लुगुन, तुर्लेन समद, मरियम लुगुन, एसरेन लुगुन, बसंती लुगुन, हीरामणि लुगुन, याकूब समद, रेयाड़न लुगुन ,सुसरी लुगुन आदि मौजूद थे।

## 98वीं बार रक्तदान कर मिसाल बने निर्मल जैन

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जहां दुर्गा पूजा के अवसर पर बुराई पर अच्छाई की जीत की बात होती है, वहीं हजारीबाग के ब्लड मैन निर्मल जैन प्रेरणा का प्रतीक बनकर उभरे हैं। 21 सितंबर को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में निर्मल जैन ने 98वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर थैलेसीमिया व अन्य गंभीर रक्ताल्पता से पीड़ित बच्चों के लिए वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित किया गया था। जहां दुर्गा पूजा में रक्तबीज जैसे राक्षसों के अंत की कथा सुनाई जाती है, वहीं आज की दुनिया में रक्त की कमी एक नया रक्तबीज बन चुका है। लेकिन ऐसे समय में निर्मल जैन जैसे रक्तदाता आधुनिक देवदूत की तरह सामने आते हैं। उनके साथ दर्जनों नियमित रक्तदाताओं - महेंद्र बग्गा, रौनक चौधरी, दानिश राजा, अजय कुमार आदि ने भी रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। निर्मल जैन पिछले 45 वर्षों से 2000 से अधिक रक्तदान शिविरों के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं और लाखों ज़िंदगियों को जीवनदान दे चुके हैं। उन्हें राज्यपाल से लेकर स्वास्थ्य मंत्री तक कई मंचों पर सम्मानित किया गया है। एसोसिएशन के सचिव संकेत चौधरी ने कहा कि दुर्गा पूजा सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होनी चाहिए, यह सेवा और समर्पण का भी पर्व है।

## यूनियन के आपसी विवाद में कोयला मजदूरों का पूजा बोनस फंसने की आशंका

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यूनियन के आपसी विवाद में कोयला मजदूरों का पूजा बोनस फंस गया है। इससे कोयला मजदूरों के दुर्गा पूजा के फीका होने की आशंका बन गई है। सीआईटीयू के हजारीबाग जिला के सह सचिव गणेश कुमार सीटू ने बताया कि इस बार कोयला मजदूरों का दुर्गा पूजा फीका हो सकती है। कोयला कर्मचारियों के दुर्गा पूजा बोनस पर कोर्ट ने अगले आदेश तक रोक लगा दी है। जिससे देश के लगभग ढाई लाख कोयला श्रमिकों के दुर्गा पूजा बोनस पर अनिश्चितता छा गई है। पूजा बोनस के लिए सोमवार को दिल्ली में मानकीकरण समिति बोनस का फैसला करने वाली समिति की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंच भी गए थे। लेकिन मीटिंग आरंभ होती उसके पहले ही कोलकाता उच्च न्यायालय का एक आदेश आ गया कि कोयला मजदूरों को कितना बोनस दिया जाएगा। इस फैसले के लिए अभी कोई बैठक नहीं हो सकती है। . मामला एक यूनियन का आपसी विवाद का है कि उस यूनियन के कौन प्रतिनिधि बोनस कमेटी की मीटिंग में बैठेंगे। उनके इस विवाद के कारण कोयला मजदूरों का बोनस का फैसला जो सोमवार को होना था। जो नहीं हो सका। इससे न सिर्फ कोयला मजदूर बल्कि कोयलांचल के बाजार भी मायूस है। सबसे अधिक मायूस झारखंड है।

## ब्रिटिश हुकूमत काल से केचकी स्टेशन परिसर में होती है दुगार्पूजा

**लातेहार/बेतला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र की केचकी रेलवे स्टेशन दुगार्पूजा समिति सबसे पुरानी है।स्टेशन के आसपास के बुजुर्ग फौजदार सिंह,हजारी सिंह,कुलेश्वर सिंह, विजयमल सिंह,अर्जुन मिस्त्री,पति यादव,जगदीश सिंह आदि ने बताया कि सबसे पहले वर्ष 1938 (ब्रिटिश हुकूमत काल) में बंगाल के रामा शेखर राय उर्फ रामा बाबू नामक एक बांस कारोबारी ने खपरैल मकान में स्वदेशी बाजा-गाजा के साथ सादगीपूर्ण तरीके से दुगार्पूजा की शुरूआत की थी। उब समय दुगार्पूजा में आज की तरह कोई तामझाम,लाउडस्पीकर, भव्य पूजा - पंडाल,डीजे की शोर- शराबे,रौशनी का चकाचौंध आदि जैसा कोई दिखावा नहीं था।बिल्कुल ही सादगीपूर्ण तरीके से देशी बाजे ढोल-नगाड़े और मिट्टी तेल आधारित मेंटल वाले लाईट की रौशनाई में शारदीय नवरात्र सह दुगार्पूजा महोत्सव संपन्न होता था।केचकी समेत आसपास के कंचनपुर,कुटमू, सरईडीह, पोखरी, कोलपुरवा, बेतला, अखरा, डोरामी, अवसाने कल्याणपुर आदि गांव के लोग मातारानी का दर्शन करने केचकी स्टेशन पहुंचते थे।सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत स्थानीय ग्रामीण कलाकारों द्वारा भक्ति- नाटक का मंचन किया जाता था। वहीं कुछ जगहों में श्रद्धालुओं को पर्दे पर भक्ति फिल्में दिखाई जाती थी।

## श्रीरामचरित मानस की एक-एक चौपाई जीवन के गूढ़ रहस्यों को परिलक्षित करती हैः बैद्यनाथ

**लातेहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के बीचोंबीच स्थित अंबाकोठी में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ का 52वां अधिवेशन वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री सह समिति के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम व समिति के संस्थापक सदस्य जवाहर प्रसाद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वैदिक मंत्रोच्चारण अनिल मिश्रा ने किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान डॉ विनय सप्तीक मौजूद थे। उद्घाटन कार्यक्रम संबोधित करते हुए श्री राम ने कहा कि महायज्ञ परिसर में उपस्थित संख्या उत्साहवर्द्धक है। उन्होने कहा कि आज के इस भौतिकवाद के समय में धर्म के प्रति इतना उत्साह निश्चत रूप से सराहनीय है। उन्होने आगे कहा कि श्रीरामचरित मानस सिर्फ एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह जीवन का सार है। अगर इसे अपने जीवन में उतार लिया जाये तो जीवन सार्थक हो जायेगा। पिता का पुत्र से, भाई से भाई का और राजा का प्रजा के प्रति कैसा व्यवहार हो यह हमें यह ग्रंथ सीखाता है। उन्होने कहा कि यह समाज का दर्पण है। श्रीरामचरित मानस की एक-एक चौपाई जीवन के गुढ़ रहस्यों को परिलक्षित करता है। महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह ने कहा कि 1973 में सीमित संसाधनों में इस आयोजन को शुरू किया गया था, लेकिन आज यह आयोजन विराट व भव्य रूप ले चुका है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल व संरक्षक अशोक कुमार महलका ने भी श्रीरामचरित मानस के संदेश को अपने जीवन में उतारने की अपील की। गिरिडीह से आये श्रीराम कथा वाचक अनिल भारद्वाज ने श्रीरामचरित मानस के कई प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होने कहा कि हम अगर मन में श्रद्धा और विश्वास हो तो हम एक सच्चे भक्त बन सकते हैं। धन्यवाद ज्ञापन महासमिति के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका ने किया। उन्होने कहा कि लातेहार में श्रीराम का मंदिर बनाने की परिकल्पना की जा रही है । मंच का संचालन मंत्री सुनील कुमार शौंडिक ने किया। मौके पर डॉ विशाल शर्मा, संतोष अग्रवाल, राजीव रंजन पांडेय, सुदामा प्रसाद गुप्ता, मदन प्रसाद, सुरेश प्रसाद, अनूप महलका, प्रकाश मोहन अग्रवाल, राजेश सिंह, दिनेश कुमार महलका, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, आशीष पांडेय, प्रभात कुमार, रंजीत कुमार, नागेंद्र प्रसाद, राजेश अग्रवाल, अंकित पांडेय, रविंद्र प्रजापति समेंत कई लोग मौजूद थे।

# राज्य सरकार व केंद्र सरकार जनता के प्रति जागरूक रहे, नीतियों और वादों का पालन हो : राजकुमार यादव

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत भाकपा (माले) गिरिडीह जिला कमेटी की ओर से 17 सूत्री मांगों को लेकर पपरवाटांड स्थित जिला कार्यालय से समाहरणालय तक सैकड़ों की संख्या में लाल झंडे के साथ, पैदल मार्च निकाला गया, जो समाहरणालय गेट पर प्रदर्शन में तब्दील हुआ। प्रदर्शन की अध्यक्षता परमेश्वर महतो ने की प्रदर्शन को संबोधित करते हुए धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि राज्य सरकार को भाकपा माले ने समर्थन इसलिए दिया था कि वह झारखंडी जनभावनाओं को समझेगी। लेकिन आज राज्य में जमीन की लूट मची हुई है।

भूमाफिया आदिवासी, गैर-आदिवासी और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं, और इसमें प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत है,इधर शहरी क्षेत्र में नगर निगम के कार्यशैली पर भी माले ऑफिस में चर्चा हुई पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि वनाधिकार कानून का पालन नहीं हो रहा है। जो लोग वर्षों से जंगल क्षेत्र में रह रहे हैं, उनके घरों को अवैध बताकर तोड़ा जा रहा है, जबकि उन्हें पट्टा दिया जाना चाहिए। भू-हीन परिवारों को भी अब तक जमीन नहीं दी गई है। वहीं पेसा कानून की अनुपलब्धता के कारण राज्य में नगर निकाय और पंचायत चुनाव तक प्रभावित हो रहे हैं,भोक्ता समाज के साथ अन्याय हो रहा है,इसकी भी लिखित जानकारी दी गई। प्रदर्शन को जिला सचिव अशोक पासवान, और महिला नेत्री जयंती चौधरी, के साथ किसान महासभा के जिला अध्यक्ष पूरन महतो, राज्य कमिटी सदस्य सीताराम सिंह,नगर सचिव राजेश सिन्हा, सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया,सभी ने राज्य सरकार की नीतियों और काम करने के तरीके पर सावल भी उठाया साथ साथ केंद्र सरकार के निकम्मे नेताओं और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों पर भी भाषण दिया। वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि यदि जल्द ही इन मुद्दों पर ठोस निर्णय नहीं लिए गए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रमुख रूप से विजय सिंह, भोला मंडल,कन्हाई पांडेय, रामेश्वर चौधरी, कौशल्या दास, मेहताब अली मिर्जा, मदसूदन कोल्ह, भोला मंडल, तेज नारायण पासवान, हरेंद्र सिंह, शेखर सुमन, क्यूम अंसारी, मनौवर हसन बंटी, मुतकिम अंसारी,शंकर पांडेय, दारा सिंह,सलामत अंसारी,शेखर सिंह,आदि शामिल थे।

रंजीत यादव,मीना दास,उस्मान अंसारी, रामकिसुन यादव,मुन्ना मिस्त्री, महताब मिर्जा, रीतलाल वर्मा रामकिसुन यादव, जिम्मी चौसिया,पूनम महतो, कौशल्या दास, राज कुमार राय, कन्हाई सिंह, एकराम, चुन्नू आदि जिला कमिटी के दर्जनों साथीगण और राज्य कमिटी के कई साथीगण मौजूद थे शहरी क्षेत्र और मुफ्फसिल क्षेत्र के नेता राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय ने माले कार्यालय में कहा कि विभाग में लुट के खिलाफ जोर शोर से आंदोलन करेंगे।

## राजद नेता जयशंकर ठाकुर का संदेहास्पद स्थिति में खेत में मिला शव, परिजनों ने एसिड से हत्या की जताई आशंका

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के उताकी गांव निवासी सह राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ के पलामू जिला अध्यक्ष जयशंकर ठाकुर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत से मिला। वे 52 वर्ष के थे।

**■ राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ के पलामू जिला अध्यक्ष थे जयशंकर ठाकुर**

घटना सोमवार के सुबह की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पाटन थाना पुलिस वारदात स्थल पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस शव लेकर शाम को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच पहुंची। पोस्टमार्टम मंगलवार की सुबह होगा। परन्तु मंगलवार को आरएम सीएच रॉची भेज दिया गया जिससे हत्या की गुथी सुलझाया जा सके। समाचार के अनुसार प्रतिदिन की तरह सुबह साढ़े छह बजे जयशंकर ठाकुर खेत तरफ गए थे।चार घंटे बीत जाने के बावजूद में घर नहीं लौटे। उनके पुत्रों उनकी खोजबीन शुरू की। उन्हें घर से करीब आधा किलोमीटर दूर एक खेत में मृत अवस्था में पाया। शव पर जलने के निशान पाए गए हैं। परिजनों का आरोप है कि उन्हें एसिड से जलाकर मार दिया गया है। पाटन थाना पुलिस डॉग स्क्वायड की मदद से जांच की। डॉग स्क्वायड शव के आसपास ही घूमकर रुक गया। किसी संदिग्ध तक नहीं पहुंच सका। थाना प्रभारी शशि शेखर पांडेय ने प्रथम दृष्टया इसे वज्रपात से मौत का मामला बताया। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। इधर ग्रामीणों ने थाना प्रभारी की बातों को एक सिरे से खारिज कर दिया। परिजनों का कहना है कि सुबह में मौसम साफ था। वज्रपात की कोई घटना नहीं हुई। बताते चलें कि जयशंकर ठाकुर कई आंदोलन के मुख्य नेता रहे थे। वे मिलनसार व मृदुभाषी थे। मृतक के तीन पुत्र हैं। इनमें से बड़ा पुत्र बाहर रहता है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में गांव के आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए।

## ग्रामीण नवरात्र पर्व अंधेरे में मनाने को विवश हैं

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही।** हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल एवं स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने मंगलवार को बरही धनबाद रोड में भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी के अगुवाई में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस दौरान हाथों में स्वदेशी अपनाने से जुड़ी तख्तियां लिए उन्होंने विभिन्न दुकानदारों से मुलाकात की और दुकानदारों को गुलाब का फूल देकर जीएसटी की नई दरों के अनुरूप समान बेचने और ग्राहकों को इसका लाभ देने की अपील की। इस दौरान सांसद व विधायक ने संयुक्त रूप से कहा कि बीते दिन से देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरूआत हुई है। यह ' वन नेशन ' वन टैक्स ' के सपने को साकार करेगा। साथ ही कहा कि जीएसटी में सुधारों से रोजमर्रा की चीजें सस्ती हुई है और 99 फीसदी वस्तुएं अब 5 परसेंट जीएसटी के दायरे में आ गई है। सांसद मनीष जयसवाल ने विश्वाश जताया कि जीएसटी में हुई सुधार से समाज के सभी वर्गों को फायदा होगा। इसके अलावा भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का अधिकाधिक प्रयोग करें। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राज सिंह चौहान, भुनेश्वर साहू, मोतीलाल चौधरी, भाजपा नेता अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, चौपारण पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, शिवम कुमार एवं परमेश्वर केशरी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## केंदुआ की जीत से गूंजा चटकारी मैदान, विजेताओं को मिली बाइक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चटकारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरकट्ठा-चलकुशा प्रखंड के ग्राम चटकारी में आयोजित गांगो महतो मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। इसमें प्रिंस क्लब केंदुआ ने शानदार खेल दिखाते हुए रेड आर्मी क्लब हजारीबाग को 0-2 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित यादव ने विजेता टीम को हीरो स्प्लेंडर बाइक तथा उपविजेता टीम को हीरो सीडी डीलक्स बाइक भेंट की। इस अवसर पर विधायक ने मंत्री अन्नपूर्णा देवी को शॉल और बुके देकर सम्मानित भी किया। मैदान में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## लेडीज विंग, पंजाबी बिरादरी, पटना ने माता की चौकी व डांडिया का भव्य आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** लेडीज विंग- पंजाबी बिरादरी, पटना की ओर से चेयरपर्सन श्रीमती उमा सिंह के नेतृत्व में माता की चौकी एवं डांडिया का भव्य आयोजन लाला लाजपत राय भवन, चाजू बाग, पटना में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत माता की चौकी से हुई, जहाँ भक्तों ने माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्ति गीतों से पूरा वातावरण श्रद्धा और आस्था से गूंज उठा।

चौकी के बाद कार्यक्रम में रंगारंग डांडिया रास का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक परिधानों में सजे लोगों ने गीत-संगीत और नृत्य के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन सामुदायिक एकता, संस्कृति और उत्सव का अद्भुत संगम रहा। इस अवसर पर पंजाबी बिरादरी, पटना के प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य अध्यक्ष दिलजीत खन्ना, सचिव जनरल बी.पी. धवन, कोषाध्यक्ष सरदार इंदरपाल सिंह लवली, पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह, पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती वीणा गुप्ता, श्रीमती सविता जैन, श्रीमती सीमा पॉल, श्रीमती रौशनी सिंह,



जनरल कन्वीनर श्रीमती बबी भल्ला एवं वित्त नियंत्रक श्रीमती ईशा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे और माता रानी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने चेयरपर्सन श्रीमती उमा सिंह को इस सफल एवं भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। चेयरपर्सन श्रीमती उमा सिंह ने सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं मीडिया का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सामुदायिक संबंधों को मजबूत करते हैं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को भी जीवित रखते हैं। कार्यक्रम में भारी संख्या में बिरादरी के सदस्य शामिल हुए और उत्सव ने पटना की पंजाबी बिरादरी की सांस्कृतिक जीवंतता को दशार्या।

## कोनहारा कला के लोग अंधेरे में, ट्रांसफार्मर खराब होने से नवरात्र पर बढ़ी परेशानी

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहारा कला में ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण कई दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली नहीं रहने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और लोग मोबाइल चार्ज करने के लिए दूसरे गांवों का रुख कर रहे हैं।

ग्रामीण मुकेश यादव ने बताया कि नवरात्र जैसे महत्वपूर्ण समय में बिजली नहीं मिल पाना लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। वहीं, ग्रामीण जहीर अंसारी ने कहा कि गांव में लगे 200 केवीए ट्रांसफार्मर पर करीब 350 कनेक्शन जुड़े होने के कारण लगातार लोड की समस्या बनी रहती है।

गांव के मुखिया अब्बास अंसारी ने बताया कि समस्या की जानकारी अधिकारियों को दे दी गई है और जल्द नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की गई है। कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने भी पुष्टि की कि ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना वरीय अधिकारियों तक पहुंचा दी गई है।

## सिंघरावां फ्लाईओवर धंसने से हड़कंप, घटिया निर्माण की पोल खुली

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**चौपारण (हजारीबाग)।** एनएच-19 पर बने सिंघरावां फ्लाईओवर का हिस्सा धंस जाने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। फ्लाईओवर का निर्माण कौशल इंजीनियरिंग कंपनी द्वारा किया गया था, लेकिन पूरी तरह उपयोग में आने से पहले ही धंसने की घटना ने निर्माण की गुणवत्ता को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के बाद फ्लाईओवर में दरारें पड़नी शुरू हो गई थीं, जिसकी शिकायत विभाग और ठेकेदार से की गई थी, मगर कोई कदम नहीं उठाया गया। अब अचानक धंसने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है। जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने उच्चस्तरीय जांच और दोषी ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब पुराना प्रोजेक्ट ही टिक नहीं पाया तो मौजूदा जीटी रोड चौड़ीकरण और मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठना लाजमी है। प्रशासनिक निगरानी की कमी और निर्माण कंपनी की लापरवाही भविष्य में किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।

## जयनगर की टीम बनी चैंपियन, केंदुआ ने उठाई विजेता ट्रॉफी

**चटकारी (बरकट्ठा/ चलकुशा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्राम चटकारी में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आयोजित स्व. गांगो महतो मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट में प्रिंस क्लब केंदुआ ने बाजी मारते हुए चैंपियन का खिताब जीता। फाइनल मुकाबले में केंदुआ की टीम ने रेड आर्मी क्लब हजारीबाग को 0झ्र2 से पराजित किया। विजेता केंदुआ टीम को हीरो स्प्लेंडर बाइक और उपविजेता हजारीबाग टीम को हीरो सीडी डीलक्स बाइक पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और गेंद को किक मारकर फाइनल का शुभारंभ किया।

## आओ डांडिया गरबा : हजारीबाग में होगा भव्य आयोजन

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर हजारीबागवासियों के लिए इस बार एक खास सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। 'आओ डांडिया गरबा' नामक यह भव्य कार्यक्रम आगामी 27 सितंबर को होटल मयूरी (जैन पेट्रोल पंप के सामने) आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की जिम्मेदारी मुस्कान योगा डांस अकादमी ने उठाई है। आज आयोजित प्रेस वार्ता में अकादमी की संचालिका मुस्कान राणा ने बताया कि इस आयोजन में भारतीय संस्कृति की झलक खास तौर पर देखने को मिलेगी।

## हर घर स्वदेशी-अभियान के तहत बाबूलाल मरांडी अपने समर्थकों के साथ शहर भ्रमण पर निकले

नव बिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** हर घर स्वदेशी-घर-घर स्वदेशी अभियान के तहत आज पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने समर्थकों के साथ शहर भ्रमण पर निकले। इस दौरान वे सिर्फ स्वदेशी उत्पाद बेचने वाले आरसीएम स्टोर पहुंचे और स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए स्टोर संचालक अरविंद कुमार को गुलाब फूल देकर बधाई दी।

श्री मरांडी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए सभी लोगों को स्वदेशी उत्पाद खरीदने-बेचने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान आरसीएम वंडर वर्ल्ड के संचालक ने कहा कि आरसीएम के सभी प्रोडक्ट शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक व स्वदेशी है। वे अपने साथियों के साथ मिलकर पिछले 12 सालों से स्वदेशी घर-घर अभियान चला रहे हैं। दैनिक उपयोग के सामानों में जीएसटी कम करने को लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया गया। मौके पर जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव, दिनेश प्रसाद यादव,चुन्नूकांत,सुभाष सिन्हा, प्रकाश सेठ, मुकेश जालान, कामेश्वर पासवान, संदीप डंगायच, नूनुलाल मरांडी, हरबिंदर सिंह बग्गा, संजीव सिंह, नवीन सिन्हा, रंजीत राय, मिथुन चंद्रवंशी, संदीप देव, मनोज संघई,संजीत सिंह पप्पू, सिंकू सिन्हा, सिकंदर हेंब्रम, महिला नेत्री प्रो बिनीता कुमारी, उषा देवी, शालिनी वैश्यकियार, संगीता सेठ समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक मंजू कुमारी ने किया जमुआ गोदाम का निरीक्षण पाईं कई गड़बड़ी

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जमुआके गोदाम में पीडीएस का अनाज सड़ने व बदबू आने का शिकयत सामने आया जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने जमुआ मुख्यालय के तीन गोदाम का निरीक्षण किया।

इस दौरान गरीबों का अनाज सड़ते हुए देख अधिकारियों को क्लास लगाई गोदाम की साफ सफाई करने और भाटडीह स्थित गोदाम को जमुआ में शिफ्ट करने का जमुआ बीडीओ को दिया निर्देश उन्होंने जब ट्रक ड्राइवरो से जानकारी ली तों पाता चला की ट्रक कई दिनों तक खड़ा रहता है खाद्यान्न से भरा अनाज गोदाम में अनलोड नहीं किया जा रहा है, इस बात की शिकायत पर विधायक ने नारजगीं जताई ओर अधिकारी का निर्देश दिया ट्रक में लोड अनाज को जल्द से जल्द खाली करायेइसके ऑलवे विधायक ने कहा कि समय पर डीलरों को अनाज उपलब्ध कराया जाए जिससे ग्रामीणों को समय पर अनाज मिल सके. इस दौरान विधायक ने गोदाम की स्थिति में सुधार लाने और अनाज की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने को कहा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर तरीके से अनाज वितरण करने में मदद मिलेगी।

## भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता भारती घोष का हुआ भव्य स्वागत

**■ बंगाली समाज को एक बार फिर राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुड़ना होगाः भारती घोष**



नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** भारत के विकास के लिए एवं भारतीय धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए भारत के सभी बंगाली समाज के लोगों को एकीकृत होना होगा। और जिस प्रकार से बंगाली समाज में स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी भूमिका का निर्वहन की थी नए भारत के निर्माण में भी बंगाली समाज का एक बार फिर से अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने के लिए आगे आना होगा।

उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी श्रीमती भारती घोष ने मंगलवार को कही। वह हजारीबाग के स्थानीय अन्नदा महाविद्यालय के सभा कक्ष में स्थानीय बंगाली समाज के लोगों को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री विवेकानंद सिंह ने किया। मंच को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री हरीश श्रीवास्तव एवं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती रेणुका साहू ने सुशोभित किया। श्रीमती भारती घोष ने कहा कि बंगालियों को अपनी आवाज बुलंद करनी पड़ेगी और इसके लिए उन्हें एकता के सूत्र में बंधना होगा। आज पूरे भारत में बंगाल के बाहर बड़ी संख्या में बंगालियों की आबादी है। पूरे भारत में इस समाज की जरूरत को समझने के लिए और उनके दुख दर्द को जानने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने श्रीमती घोष कोई ऐसी जिम्मेदारी दी है। श्रीमती घोष ने कहा कि पूर्वोत्तर से लेकर पूरब और पश्चिम से लेकर दक्षिण भारत तक में बंगाली समाज से संपर्क करूंगी और पहले दौर में मैं सिर्फ इनकी बातों को सुनना चाहूंगी उनके सुझावों को लेना चाहूंगी। उन्होंने कहा की बंगाली समाज के हर बात को मैं दिल्ली में सही जगह पर सही तरीके से रखूंगी या मैं यह मेरी ओर से समाज को वादा है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द वह हजारीबाग फिर लौट के आएंगे और जहां बंगाली समाज को छोटे-छोटे समूह में मिलना चाहेंगे ताकि उनसे और विस्तार से वह बात कर सके और उनकी बातों को समझ सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हजारीबाग बंगाली संगठन के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कहा श्रीमती भारती घोष को हजारीबाग में बंगालियों से बात करने के लिए भेज कर भारतीय जनता पार्टी ने एक अनुपम पहल किया है। हम इसका स्वागत करते हैं। डॉ मोइत्रा ने श्रीमती भारती घोष को हजारीबाग के बंगालियों के इतिहास से परिचित कराया। अन्नदा कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री मनोज सेन ने श्रीमती भारती घोष का स्वागत किया। महाविद्यालय में बंगाल के विभाग अध्यक्ष श्री राजेशश्री राय ने श्रीमती भारती घोष का अतिथि परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ सुचारिता घोष ने किया। मौके पर अन्नदा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलमणि मुखर्जी के साथ हजारीबाग के बंगालियों द्वारा संचालित अलग-अलग संगठन एवं संघ के सदस्य बड़ी संख्या में श्रीमती भारती घोष को सुनने के लिए आए। कार्यक्रम के बाद श्रीमती घोष के साथ तस्वीर खींचवाने में भी लोगों ने काफी उत्साह दिखाया।

# पूनम बरनवाल के संयोजन में भव्य आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महोत्सव सम्पन्न

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** विश्वनाथ मंदिर, बरगंडा के पवित्र प्रांगण में आज एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव का सफल आयोजन हुआ। यह आयोजन माता अहिल्या बाई होलकर संघ द्वारा किया गया, जिसकी मुख्य संयोजिका पूनम बरनवाल रहीं यह अनूठा कार्यक्रम पूरी तरह निशुल्क था, जिसमें स्थानीय समाज की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महोत्सव की मुख्य झलकियाँ रही 308 महिलाओं का सामूहिक दुर्गा चालीसा पाठ, जिसने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया हनुमान चालीसा का पाठ, जिसने श्रद्धा और ऊर्जा का अद्भुत संचार किया परंपरा से ओत-प्रोत गरबा नृत्य, जिसने सांस्कृतिक विविधता को एक सूत्र में पिरोया विधिवत सम्पन्न हुआ शस्त्र पूजन, जो शक्ति और श्रद्धा का प्रतीक रहा इस आयोजन के माध्यम से महिलाओं में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का गहरा संदेश प्रसारित हुआ। यह महोत्सव केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं रहा बल्कि सामाजिक सहयोग और महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण भी बना मंदिर प्रांगण उपलब्ध कराने और हर स्तर पर सहयोग देने के लिए मंदिर प्रबंधन समिति का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। समिति के सहयोग और अनुमति से ही यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं गरिमामय रूप से सम्पन्न हो सका मुख्य संयोजिका पूनम बरनवाल ने कहा भारतीय संस्कृति की जड़ें हमारी आस्था और परंपराओं में छिपी हैं। इस सामूहिक सहभागिता ने दिखाया कि जब समाज एकजुट होकर आगे बढ़ता है, तो नई ऊर्जा और प्रेरणा का निर्माण होता है इस महोत्सव ने गिरिडीह के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन में एक नया आयाम जोड़ दिया। श्रद्धालु महिलाओं ने इसे जीवनभर याद रखने योग्य क्षण बताया और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की आशा व्यक्त की।

# डीजल टैंकर पलटा

## डीजल लूट की मची होड़, बाल्टी लेकर दौड़े लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाटगम्हरिया (पश्चिमी सिंहभूम)**। पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया-जैतगढ़ मुख्य मार्ग पर मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब एक डीजल टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

टैंकर पलटते ही उसमें भरा हजारों लीटर डीजल खेतों और सड़क पर फैल गया। देखते ही देखते गांव वालों में डीजल लूटने की होड़ मच गई। लोग बाल्टी, ड्रम, डेकची, बोतल और अन्य बर्तन लेकर मौके पर दौड़ पड़े।

स्थानीय ग्रामीणों ने डीजल बटोरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस पूरे घटनाक्रम को कुछ लोगों ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दर्जनों लोग डीजल भरते हुए नजर आ रहे हैं, जिससे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है।

गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। टैंकर चालक को केवल हल्की चोटें आईं हैं और वह सुरक्षित है। विशेषज्ञों के अनुसार, इतनी बड़ी मात्रा में डीजल का फैलना अत्यंत खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता था। एक मामूली चिंगारी भी बड़े विस्फोट का कारण बन सकती थी।



घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने डीजल भर रहे लोगों को सख्ती से हटाया और चेतावनी दी कि इस तरह की लापरवाही से जान का खतरा हो सकता है। सुरक्षा के मद्देनजर सड़क पर फिसलन को रोकने के लिए तत्काल रेत और मिट्टी डलवाई गई।

प्रशासन की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने भी माना कि यदि समय पर अधिकारी नहीं पहुंचते, तो स्थिति भयावह हो सकती थी। फिलहाल, टैंकर मालिक को सूचना देकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# हत्या मामले में तीन को उम्रकैद की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर**। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पांच पलामू की अदालत ने प्रेम प्रसंग में युवक की हुई हत्या मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि सभी दोषी छतरपुर थाना कांड संख्या-254/2020 के आरोपित थे। दोषियों में सुनील राम, आलोक राम उर्फ नेपाली और धमेंद्र सिह उर्फ गुड्डु पांडेय शामिल हैं। अदालत ने प्रत्येक को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये जुमार्ना और धारा 201 में तीन वर्ष कारावास व पांच हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। बता दें बीते वर्ष 2020 के 23 अक्टूबर को सेमरी गांव निवासी हेमंत कुमार की प्रेम प्रसंग के कारण चाकू मारकर हत्या कर दिया गया था। हत्या करने के बाद शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया था। वहीं मृतक के भाई गोपी कुमार के आवेदन पर छतरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

# डांडिया नाइट के टिकट की बढ़ती मांग से बढ़ा आयोजकों का हौसला

## 27 को यूट्यूबर व बॉलीवुड स्टार अंजलि अरोड़ा व 28 को बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह करेंगी कार्यक्रम प्रस्तुत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स की लेडीज विंग के तत्वावधान में आयोजित होने वाले डांडिया नाइट के लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। साथ ही टिकट की बढ़ती मांग से आयोजकों में उत्साह का माहौल है। उक्त बातें लेडीज विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने कही। वे मंगलवार को स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रही थी। उन्होंने कहा की टिकट की मांग को देखते हुए इस बार कुछ बदलाव किया गया है। इस बार दो केटेगरी के टिकट उपलब्ध हैं। एक हजार रुपए के टिकट में चार दर्शक को एक दिन के लिए व पांच सौ रुपए में दो लोगों को एक दिन के लिए प्रवेश की अनुमति मिलेगी।

ज्ञात हो कि चेंबर की लेडीज विंग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय डांडिया नाइट के पहले दिन 27 सितंबर को यूट्यूबर व बॉलीवुड स्टार अंजलि अरोड़ा व 28 सितंबर को सलमान खान के साथ कई फिल्मों में काम कर चुकी बॉलीवुड की एक्ट्रेस डेजी शाह कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। इनके साथ ही



देश की महशूर डीजे प्लेयर मिस श्रेया भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी।

लेडीज विंग की जेनरल सेक्रेटरी शिखा अग्रवाल ने कहा कि इस बार बाहर से आए कलाकारों के साथ स्थानीय प्रतिभागियों को भी डांडिया करने का मौका मिलेगा। डांडिया कार्यक्रम के साथ बेस्ट डांस, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट किड्स, बेस्ट कपल आदि के पुरस्कार दिए जाएंगे। दोनो दिन संध्या सात बजे से रात 11 बजे तक कार्यक्रम चलेगा। डांडिया सीखने वाले प्रतिभागियों के लिए चार दिवसीय डांडिया डांस वर्कशॉप शिवाय ब्लू होटल में चलाया जा रहा है। जो डांडिया नाइट का टिकट प्राप्त किए हैं वे ही वर्कशॉप में भाग ले सकती हैं। प्रेस कांफ्रेंस में कोषाध्यक्ष पूजा भिमानिया, संध्या अग्रवाल, आरती आनंद, गुंजन अग्रवाल, कोमल सर्राफ, अंजू वर्मा आदि कई मौजूद थीं।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दारोगा दोषी करार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रांची**। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश बीके श्रीवास्तव की अदालत ने मंगलवार को पड़ोस की 13 वर्षीय नाबालिग को धमकी देकर एक साल तक दुष्कर्म करने के अभियुक्त एएसआइ नीरज कुमार खोसला को दोषी करार दिया है।

अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। पुलिस ने अभियुक्त को 17 नवंबर 2023 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

तब से वह न्यायिक हिरासत में ही है। झारखंड हाई कोर्ट ने भी अभियुक्त को जमानत देने से इन्कार कर दिया था। घटना को लेकर महिला थाना में 14 नवंबर 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

आरोप है कि 15 अगस्त 2022 की रात नाबालिग घर पर अकेली थी, तभी पड़ोस में रहने वाला नीरज खोसला उसे अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने माता-पिता को जान से मारने की धमकी दी। आरोपित ने फोटो और वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी और अगस्त 2022 से 2023 तक लगातार शोषण करता रहा।

घटना का खुलासा तब हुआ जब बच्ची को पेट दर्द की शिकायत हुई। परिजनों द्वारा पूछताछ करने पर पीड़िता ने पूरी घटना बताई। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई और पुलिस ने जांच शुरू की। सबूतों और गवाही के आधार पर अदालत ने अभियुक्त एएसआइ को दोषी पाया।

# सदर अस्पताल में "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" कैंप की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी**। सदर अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल प्रांगण में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित जांच शिविर लगाए गए, जिसमें प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, सर्वाइकल कैंसर, सिकल सेल, रक्तदान, मानसिक स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन से संबंधित स्टॉल लगाकर मरीजों की जांच एवं परामर्श दिया गया।

भारतीय स्वास्थ्य प्राधिकरण से डॉ. राजलक्ष्मी दास एवं राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकाय मिंज ने कैंप का निरीक्षण किया। उपाधीक्षक डॉ. आनंद उरांव ने बताया कि कैंप का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाना है, जिसमें प्रतिदिन 500 से 600 मरीजों की जांच की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक मधुमेह के 57, रक्तचाप के 57,



टीबी के 25, परिवार नियोजन के 33 तथा किशोर-किशोरी स्वास्थ्य के 23 मामलों की जांच एवं काउंसलिंग की गई है।

निरीक्षण के दौरान डॉ. लक्ष्मी दास ने कैंप में उपस्थित सभी कर्मियों को ह्लस्वस्थ नारी, सशक्त परिवार ऐपह्व में डाटा एंट्री करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन स्वास्थ्य संस्थानों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां विशेष कैंप के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाए जाएँ। इसी क्रम में उन्होंने सदर अस्पताल के अन्य वार्ड, लेबर रूम, इमरजेंसी, फामेर्सी एवं काउंसलिंग रूम का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक कानन बाला तिर्की, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. उदयन शर्मा, बड़ा बाबू राजेश प्रसाद, संजय पासवान, काउंसलर निशांत झा, आशीष कुमार, चंद्रिका तिर्की समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# ढुकू प्रथा में रह रही नाबालिग हुई गर्भवती

## परिजन ने अस्पताल में कराया भर्ती

*नवबिहार टाइम्स संवाददाता*



Image credit: istockphoto.com/nelic

*रांची। उग्रवाद से ग्रस्त और पिछड़े जिले खूंटी में मंगलवार को एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने समाज को गहरी सोच में डाल दिया। मुरहू प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को प्रसव पीड़ा के कारण भर्ती कराया गया। जांच में पता चला कि वह सात महीने की गर्भवती है। उसके साथ 16 वर्षीय नाबालिग लड़का भी मौजूद था, जिसके साथ वह आदिवासी समुदाय की ढुकू प्रथा (लिव-इन रिलेशनशिप) के तहत रह रही थी। इस जोड़े की सामाजिक रूप से शादी नहीं हुई है। बच्ची की स्थिति बिगड़ने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया।*

*जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को मुरहू प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को प्रसव पीड़ा के कारण लाया गया। उसे उसकी मां और तीन अन्य महिलाएं अस्पताल लेकर आई थीं। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे भर्ती किया, जब पता चला कि वह सात महीने की गर्भवती है। इस दौरान लड़की का 16 वर्षीय साथी, जिसे उसका नाबालिग पति बताया जा रहा है, भी अस्पताल में मौजूद था। दोनों की सामाजिक रूप से शादी नहीं हुई है और वे आदिवासी समुदाय की ढुकू प्रथा के तहत एक साथ रह रहे थे। बच्ची की हालत ठीक न होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।*

*परिजनों ने बताया कि 14 वर्षीय लड़की मुरहू से 14 किलोमीटर दूर अपने गांव से पढ़ाई के लिए किराए के मकान में रहती थी और स्थानीय स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात पड़ोसी गांव के 16 वर्षीय लड़के से मुरहू बाजार में हुई। दोनों के बीच मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान हुआ और फोन व वाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई। धीरे-धीरे यह रिश्ता गहरा गया और लड़का लड़की के घर आने-जाने लगा। कई बार वह रात में भी वहां रुकने लगा। इस रिश्ते का परिणाम यह हुआ कि नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई।*

*लड़की की गर्भावस्था का पता चलने पर परिजनों ने उसे लड़के के घर भेज दिया, जहां वह उसके साथ ढुकू प्रथा के तहत रहने लगी। सात महीने की गर्भावस्था के दौरान मंगलवार को उसे प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिसके बाद परिजनों ने उसे तुरंत मुरहू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। अस्पताल में उसकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इस घटना ने न केवल परिवार को, बल्कि पूरे समुदाय को स्तब्ध कर दिया। परिजनों और अस्पताल में मौजूद लोगों ने इस स्थिति पर गहरा अफसोस जताया।*

*इस घटना ने समाज में कई सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों ने अफसोस जताते हुए कहा कि गरीबी और अशिक्षा के कारण आज समाज ऐसी स्थिति में पहुंच गया है, जहां 14 साल की बच्ची मां और 16 साल का किशोर पिता बनने की कगार पर है, जिसका भविष्य अनिश्चित है। लोगों ने सवाल उठाया कि इस नाबालिग जोड़े और उनके होने वाले बच्चे का भविष्य क्या होगा।*

## शिक्षा विभाग के सचिव ने जारी किया निर्देश

# स्कूलों की 100 मीटर की परिधि में नहीं बिकेंगे तम्बाकू उत्पाद

### धावादल गठित कर कार्रवाई का आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने सभी स्कूलों की 100 मीटर की परिधि में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश सभी जिलों के उपायुक्तों और वरीय पुलिस अधीक्षकों तथा पुलिस अधीक्षकों को दिया है।

उन्होंने पदाधिकारियों को पत्र लिखकर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के दिशा-निदेशों के तहत त्रिस्तरीय धावादलों द्वारा अभियान चलाकर इसे सुनिश्चित करने को कहा है।

शिक्षा सचिव ने हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा स्वीकृत विधेयक के प्रविधानों का भी हवाला देते हुए कहा है कि इसके तहत शैक्षणिक संस्थानों की 100 मीटर की परिधि में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री दंडनीय अपराध है।

इस अपराध पर एक हजार रुपये दंड का भी प्रविधान है। उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि शैक्षणिक संस्थानों में तंबाकू के प्रतिबंध को लागू कराने में सोशियो इकोनामिक एंड एजुकेशन डवलपमेंट सोसाइटी (सीड्स) का तकनीकी सहयोग लिया जा सकता है।

उन्होंने इसे लेकर पूर्व में जारी मार्गदर्शिका का भी उल्लेख करते हुए उसके अनुपालन का निर्देश दिया है। इस मार्गदर्शिका में स्कूलों में शिक्षकों के तंबाकू के उपयोग पर रोक लगाने की बात कही गई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जून माह में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2021 पर अपनी स्वीकृति प्रदान की थी, जिसके बाद यह संशोधन लागू हो गया है। इसमें प्रविधान किया गया है कि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू या इसके उत्पादों का सेवन नहीं करेगा। साथ ही स्कूल, अस्पताल, सार्वजनिक कार्यालय के 100 मीटर पर बिक्री पर प्रतिबंध होगा।

अधिनियम के उल्लंघन करने पर दंड की सीमा भी पांच गुना बढ़ाकर दो सौ से एक हजार रुपये कर दी गई है। इसमें 21 वर्ष से कम आयु के लोगों को तंबाकू बेचना दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है। साथ ही हुक्का बार पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

स्कूलों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों की 100 मीटर की परिधि में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाना इसलिए भी जरूरी है कि राज्य में 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग के 5.1 प्रतिशत स्कूली छात्र तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं। तंबाकू का सेवन करनेवालों में 55 प्रतिशत लोग तंबाकू सेवन की शुरूआत 20 वर्ष की आयु से पहले कर देते हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इसे चिंताजनक माना है।

# ट्रैक्टर ने अधिकारी की गाड़ी में मारी ठोकर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जामताड़ा**। मंगलवार को हुए एक हादसे में जिले में हो रही बालू तस्करी की पोल खोल दी है। एनजीटी की पाबंदियों के बावजूद अवैध तरीके से बालू लेकर जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जिले के एक अधिकारी की गाड़ी को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसे के दौरान गाड़ी में बैठी अधिकारी की पत्नी, ड्राइवर व अन्य लोग इस हादसे में बाल-बाल बच गए। इस हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया। इधर, इस हादसे की खबर पुलिस व प्रशासनिक हलके में फैलते ही पूरा ही तंत्र रेस हो गया।कुछ ही देर बाद विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर माइनिंग इंस्पेक्टर व जामताड़ा टाउन थाने की पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर और इसके ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी।शाम ढलने से पहले ही पुलिस व माइनिंग अधिकारी की टीम ने बालू लदे ट्रैक्टर को खोज निकाला और पुलिस उसे कस्टडी में लेकर जामताड़ा टाउन थाने ले आई। इस बीच ट्रैक्टर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया।विश्वस्त सूत्रों के अनुसार इस गाड़ी से जिले के एक बड़े अधिकारी की पत्नी धनबाद जा रही थी। जैसे ही गाड़ी चेंगायडीह के रास्ते धोबाना मोड़ से आगे बड़ी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने गाड़ी को टक्कर मारी. लेकिन अधिकारी की गाड़ी चला रहे ड्राइवर की सूझ-बूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया और दोनों गाड़ियां उस वक्त वहां से निकल गई, लेकिन इस बात की सूचना ड्राइवर ने अधिकारी को काल कर दी।जिसके बाद पूरा ही महकमा ट्रैक्टर की तलाश में जुट गई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर गाड़ी के मालिक और इसके ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।मंगलवार को हुई घटना ने भले ही अधिकारिक तौर पर बालू तस्करी पर मुहर लगाई हो, लेकिन सच तो यह है कि बालू तस्करी एनजीटी की पाबंदियों के बावजूद कभी बंद ही नहीं हुआ।

# अनाप-शनाप बिजली बिल से उपभोक्ता परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह**। अनाप-शनाप बिजली बिल की समस्या से उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के मकसद से विभाग एक ओर स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है, तो दूसरी ओर इसी स्मार्ट मीटर से निकला बिल उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन रहा है।

इसका जीता जागता उदाहरण देखने को मिला है। शहरी क्षेत्र के हुट्टी बाजार में एक गरीब परिवार के हाथ में अचानक 1.52 लाख रुपये का बिजली बिल थमा दिया, जिसे देख वह परेशान हो गई।

हुट्टी बाजार की रहने वाली आफरीन खातून ने बताया कि उनकी सास नूरजहां खातून के नाम से दो माह पहले स्मार्ट मीटर लगाया गया था। घर में एक कमरा है, जिसमें दो एलईडी बल्ब व एक पंखा लगा है। इसके बावजूद दो माह में स्मार्ट मीटर से 1.52 लाख रुपये का बिजली बिल आना समझ से परे लग रहा है। ऐसे कई उदाहरण हैं जिनके घरों में एक-दो बल्ब और एक पंखा चलता है, फिर भी उन्हें लाख से डेढ़ लाख का बिल थमाया जा रहा है।

# ड्यूटी के दौरान चौकीदार की तबियत बिगड़ी, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पलामू**। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना में पदस्थापित चौकीदार विनोद राम उर्फ मुन्नी राम सोमवार को ड्यूटी के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। होमगार्ड जवान इस्लामगंज मोड़ के पास तैनात थे। घटना की सूचना मिलने पर थाना के एसआई मुन्ना यादव मौके पर पहुंचे और अन्य चौकीदारों की मदद से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में इलाज के लिए भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें मेदिनीनगर के सदर अस्पताल रेफर किया। रेफर के लिए भेजी गई 108 एंबुलेंस का एसी और पंखा खराब था लेकिन इसके बावजूद चौकीदार को गर्मी में उसी एंबुलेंस में मेदिनीनगर भेजा गया। चौकीदार संघ के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद ने बताया कि विनोद राम लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्थानीय चिकित्सक ने बाहर इलाज कराने की सलाह दी थी लेकिन पिछले पांच माह से वेतन न मिलने के कारण वे इलाज नहीं करा पाए। आर्थिक तंगी की वजह से स्थिति इतनी खराब हो गई है कि स्थानीय दुकानदार भी अब चौकीदारों को उधार में राशन नहीं दे रहे। कहा कि चौकीदारों की हालत काफी बदतर होती जा रही है। फिर भी वे अपनी ड्यूटी ईमानदारी से कर रहे हैं लेकिन उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है।

# मंत्री की अनुशंसा के बाद भी नहीं मिला अनुदान, टूटा तिरंदाजी का सपना

## धनुष की कमी बन रही है सफलता में बाधक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिसरा**। कहते है मेहनत के साथ इरादे मजबूर हो और चाहत सफलता की ऊंचाई छूना चाहे तो हर कायनात उसे उसकी मंजिल तक पहुंचाने में जुट जाती है। ऐसी ही कहानी दोबारी बस्ती की दो बहनों की है।

दो बहनों के पिता शिवकुमार भुइयां ने अपने जिन आंखों ने तीरंदाजी का सपना देखा उन सपनों को साकार करने के लिए उनकी दोनों बेटियां अब उड़ान भर रही है। 13 वर्षीय तनीषा कुमारी व नौ वर्षीय सिमरन कुमारी विश्व चैंपियनशिप रहे दीपिका कुमारी को अपना आइडल मानती है। तनीषा राज्य स्तर पर खेल चुकी है। वही नौ वर्षीय सिमरन वर्ष 2023 में आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी है।

सिमरन और तनीषा कई बार जिला व राज्य स्तर पर भी अपना परचम लहरा चुकी है, लेकिन आधुनिक धनुष नहीं होने के कारण अब इनका प्रतिभा धीरे-धीरे साथ छोड़ता जा रहा है।

सिमरन और तनीषा के पिता एक चाय की दुकान चलाते हैं। उसी दुकान से अपना परिवार का भरण पोषण करता है। दोनों बेटियों को तीरंदाजी भी सीखा रहे है। धनुष पुराना हो चुका है और नए धनुष के लिए शिवकुमार अपने दोनों बेटियों के साथ पूर्व में जिले के अधिकारी से लेकर खेल मंत्री तक गुहार लगाया चुके है।

पूर्व खेल मंत्री हाफिजुल हुसैन ने वर्ष 2023 में खेल डायरेक्टर को आधुनिक धनुष के लिए अनुशंसा भी की, लेकिन यह अनुशंसा महज कागज में ही सिमट के रह गई। आज भी सिमरन व तनीषा अपने पुराने धनुष से ही अभ्यास कर रही हैं।तनीषा व सिमरन की मां रचना देवी गृहिणी है। दोनों भाई अभी छोटा है वह पढ़ाई कर रहे है। तनीषा व सिमरन इंडियन पब्लिक स्कूल में पढ़ाई कर रही है। उनकी प्रतिभा व घर के माली स्थिति को देख स्कूल निशुल्क शिक्षा दे रहा है।

तनीषा और सिमरन के पास आधुनिक धनुष नहीं है। प्रत्येक दिन तनीषा और सिमरन 12 किलोमीटर की सफर तय करके अभ्यास करने अपने घर से टाटा के जामाडोबा ग्राउंड जाती है। जहां आर्चरी के कोच मो. शमशाद उन्हें प्रशिक्षण देते हैं। राष्ट्रीय स्तर के खेल में किराए के धनुष से सिमरन वर्ष 2023 में गोल्ड मेडल दिलाकर राज्य का नाम रौशन की। घर की स्थिति अब धनुष का किराया देने का भी नहीं है। आधुनिक तकनीक का धनुष नहीं होने के कारण वर्ष 2025 के मार्च माह में आयोजित आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में सिमरन खेल से बाहर हो गईं।

सिमरन के पिता ने कहा कि बेटी को आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन मदद कोई नहीं कर रहा। अधिकारी, विधायक से लेकर मंत्री तक सब से मिले गुहार लगाए, लेकिन सब ने सिर्फ आश्वासन ही दिया। आज चाय के दुकान के सहारे परिवार का भरण पोषण के साथ-साथ बेटी का तीरंदाजी भी करवा रहे हैं। लेकिन हिम्मत अब जवाब दे रहा है।

# इलाज के दौरान प्रसूता की मौत, हंगामा

**मेदिनीनगर**। मेदनीराय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान एक प्रसूता की मौत हो गई। प्रसूता पलामू जिले के मनातु थाना क्षेत्र के जसपुर गांव निवासी 27 वर्षीय चंपा देवी बताई जाती है। बताया जाता है कि चंपा को प्रसव के बाद तबीयत बिगड़ने पर मेदनीराय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था परंतु समय पर रक्त उपलब्ध नहीं हो सका और उसकी मौत हो गई। इधर प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाकर मामला शांत कराया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराए परिजनों को सौंप दिया।

CMYK

## वेस्टइंडीज के खिलाफ

# टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं ऋषभ पंत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं। यह टेस्ट सीरीज 2-14 अक्टूबर के बीच खेली जानी है। ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत के उप-कप्तान रहे थे, लेकिन मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के दौरान उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया। वह इस मैच में लंगड़ाते हुए बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन ओवल में खेले गए आखिरी टेस्ट में नहीं खेल सके। पंत के स्थान पर सीरीज के अंतिम मैच में एन जगदीशन को टीम में शामिल किया गया था। वह फिलहाल बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस समय ऋषभ पंत स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग से गुजर रहे हैं। बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग शुरू करने से पहले बीसीसीआई की मेडिकल टीम की ओर से अपडेट का इंतजार किया जा रहा है। पंत की वापसी के लिए कोई निश्चित समय-सीमा तय नहीं की गई है। पंत की अनुपस्थिति में, ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज के विरुद्ध सीरीज में भारत के विकेटकीपर होंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के अंतिम दो टेस्ट मैच में विकेटकीपिंग की थी। अगर चयनकर्ता वेस्टइंडीज सीरीज के लिए दूसरे विशेषज्ञ विकेटकीपर का चयन करते हैं, तो एन जगदीशन बैकअप विकल्प हो सकते हैं। यह भी माना जा रहा है कि चयनकर्ता टेस्ट सीरीज के लिए नितीश कुमार रेड्डी और देवदत्त पडिक्कल के नाम पर विचार कर सकते हैं। भारत-वेस्टइंडीज के बीच यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा है। भारत-इंग्लैंड के बीच पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी, जिसके बाद भारत वर्तमान में डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर मौजूद है। वहीं, दूसरी ओर वेस्टइंडीज तीन मैचों में तीन हार के बाद छठे स्थान पर है। भारत-इंग्लैंड की टीमें 2-6 अक्टूबर के बीच अहमदाबाद में पहला टेस्ट मैच खेलेंगी, जिसके बाद 10-14 अक्टूबर के बीच दिल्ली में सीरीज का दूसरा मुकाबला आयोजित होगा।



## उन्हें आईपीएल में भी अंपायरिंग करनी है, फखर जमां को आउट देने पर अफरीदी ने उगला जहर

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने भारत के विरुद्ध सुपर-4 मुकाबले में फखर जमां को आउट दिए जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने एशिया कप 2025 में अंपायरिंग के मानकों पर फिर से बहस छेड़ दी है। फखर जमां इस फैसले से नाखुश दिखे। उनका मानना था कि विकेटकीपर के दस्तानों में जाने से पहले गेंद जमीन को छू चुकी थी। समा टीवी पर शाहिद अफरीदी ने अंपायर पर तंज कसते हुए कहा, उन्हें आईपीएल में भी अंपायरिंग करनी है। पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज मोहम्मद यूसुफ ने अफरीदी का समर्थन करते हुए फखर जमां को आउट दिए जाने पर अफसोस जताया है। यूसुफ ने कहा, फखर जमां हमारे प्रमुख खिलाड़ी थे, उन्होंने विश्वस्तरीय गेंदबाजों (जसप्रीत बुमराह) के खिलाफ कुछ चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी। पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा ने भी थर्ड अपंयार के इस फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि गेंद बाउंस हुई है। अंपायर गलतियां कर सकते हैं, और यह समझ में आता है। मुझे तो ऐसा लगा कि गेंद बाउंस हुई है, लेकिन मैं गलत भी हो सकता हूं। अगर फखर जमां खेलते रहते, तो हम 190 के आसपास पहुंच सकते थे।

# पीएसजी स्टार डेम्बेले ने बैलन डीओर जीता

### महिलाओं में बोनमाटी की हैट्रिक

28 वर्षीय डेम्बेले ने पेरिस में आयोजित समारोह में बार्सिलोना के किशोर प्रतिभाशाली खिलाड़ी लामिन यमाल को पछाड़कर यह खिताब अपने नाम किया। ओस्मान डेम्बेले ने इस सीजन पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के लिए 53 मुकाबलों में 35 गोल और 16 असिस्ट किए। हालांकि, चोट के चलते वह मार्सिले में पीएसजी के लीग मुकाबलों में नहीं खेल पाए थे।



ओस्मान डेम्बेले ने बैलन डीओर जीतने पर खुशी जताते हुए कहा, सचमुच मेरे पास शब्द नहीं हैं। पीएसजी के साथ यह एक शानदार सीजन रहा। यह एक व्यक्तिगत ट्रॉफी है, लेकिन असल में इसे सामूहिक रूप से जीता गया। मेरे करियर में बैलन डीओर मेरा लक्ष्य नहीं रहा है, लेकिन मैंने टीम को चैंपियंस लीग जिताने के लिए कड़ी मेहनत की। इसके साथ ही ओस्मान डेम्बेले अपनी मां का जिक्र करते हुए भावुक हो गए, जो उस समारोह में मौजूद थीं।

18 वर्षीय लामिन यमाल उपविजेता रहे। स्पेन और बार्सिलोना के इस फॉरवर्ड ने कोपा ट्रॉफी अपने नाम की। लगातार दूसरी बार यह पुरस्कार जीतते हुए, उन्होंने विश्व फुटबॉल के सबसे चमकते युवा सितारों में अपनी पहचान पुख्ता कर दी।

दूसरी ओर, ऐताना बोनमाटी लगातार तीन बार गोल्डन बॉल जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इस उपलब्धि में बोनमाटी ने लियोनेल मेस्सी और मिकेल प्लेटिनी जैसे दिग्गज फुटबॉलर के साथ शामिल हुईं। 27 वर्षीय बोनमाटी ने हमवतन और आर्सेनल स्टार मारियोना काल्डेन्टे को पीछे छोड़ा, जिन्होंने विमेंस चैंपियंस लीग फाइनल में गोल दागकर टीम को खिताब दिलाया था। बोनमाटी को यूरो 2025 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था, हालांकि फाइनल में स्पेन इंग्लैंड से पेनाल्टी शूटआउट में हार गया।

# बहुत सारी कमजोरियां हैं..., भारत से लगातार दो मैच हारने पर वसीम अकरम ने पाकिस्तान टीम को लताड़ा

**दुबई, एजेंसी।** अकरम ने पाकिस्तान की बल्लेबाजी को भी निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि टीम 10 ओवरों में 91/1 के स्कोर पर अच्छी स्थिति में थी, लेकिन सिर्फ 171 रन ही बना पाई। अकरम ने कहा कि ऐसी स्थिति में टीम को 200 रन तक पहुंचना चाहिए। पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने एशिया कप 2025 सुपर फोर में भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान टीम की कड़ी आलोचना की है। अकरम ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान को टीम इंडिया ने हर विभाग में मात दी। उन्होंने पाकिस्तान की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और रणनीति सभी पर सवाल उठाए। अकरम ने कहा, भारत ने पाकिस्तान को हर विभाग में पछाड़ दिया और यह पिछले चार-पांच वर्षों से होता आ रहा है। हम (पाकिस्तान) केवल एक-दो बार ही जीत पाए हैं।



### बल्लेबाजी में सुधार की आवश्यकता

अकरम ने ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए पाकिस्तान की बल्लेबाजी को भी निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि टीम 10 ओवरों में 91/1 के स्कोर पर अच्छी स्थिति में थी, लेकिन सिर्फ 171 रन ही बना पाई। अकरम ने कहा कि ऐसी स्थिति में टीम को 200 रन तक पहुंचना चाहिए था। उन्होंने खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट और विशेषकर रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर जोर दिया। अकरम ने कहा, बहुत सारी कमजोरियां हैं। खिलाड़ियों को एक निश्चित मात्रा में रेड-बॉल क्रिकेट खेलनी चाहिए। यही तरीका है जिससे आप स्पिनर्स को समझ पाएंगे और बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

## श्रेयस अय्यर ने अचानक छोड़ी कप्तानी

**● तुरंत ही लौट आए मुंबई, जानिए क्या है पूरा मामला**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच चल रही चार दिवसीय अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज में भारत को बड़ा झटका लगा है. सीरीज के दूसरे मुकाबले से ठीक पहले श्रेयस अय्यर, जो इंडिया ए टीम के कप्तान और मध्यक्रम के बल्लेबाज हैं, ने अचानक कप्तानी छोड़ते हुए टीम से अपना नाम वापस ले लिया और मुंबई लौट गए हैं. इस अचानक फैसले ने टीम प्रबंधन और फैंस दोनों को हैरान कर दिया है.



अभी तक अय्यर के अचानक लौटने का आधिकारिक कारण सामने नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उनके इस तरह से लौटने का कारण व्यक्तिगत बताया जा रहा है. उनके जाने के बाद उप-कप्तान ध्रुव जुरेल टीम की कमान संभालेंगे.अय्यर की जगह किसी दूसरे खिलाड़ी को टीम में जगह नही दी गई है. अय्यर ने बीसीसीआई से भी पर्सनल कारण बताते हुए छुट्टी मांगी है. टाइम्स ऑफ इंडिया के एक सूत्र के अनुसार अय्यर ने पहले ही सिलेक्टर्स को दूसरे मैच में अपनी अनुपस्थिति के विषय में जानकारी दे दी थी और टीम चयनकर्ता उनका भविष्य वेस्टइंडीज सीरीज में खेलने के संदर्भ में देख रहे हैं.

### श्रेयस अय्यर का हालिया फॉर्म

श्रेयस अय्यर का प्रदर्शन इस सीरीज में उतना शानदार नही रहा. पहले अनऑफिशियल टेस्ट में वो सिर्फ 8 रन ही जोड़ पाए. वहीं, दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भी उनका प्रदर्शन औसत रहा, और उन्होंने क्रमशः 25 और 12 रन की पारी खेली, लेकिन इसके बाद भी चयनकर्ताओं उनपर नजर बनाए हुए हैं. अय्यर ने इस साल की शुरुआत में भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में भी शानदार पारियां खेली थी. उन्होंने टूर्नामेंट में 48.60 की औसत से 243 रन बनाए थे. इसके अलावा आईपीएल में भी पंजाब की टीम को वह फाइनल तक लेकर गए थे.

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इतिहास रचने से चूकी भारतीय महिलाओं को एक और झटका

## अब 10% काटी गई मैच फीस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम (पूर्व में फिरोजशाह कोटला स्टेडियम) में शनिवार 20 सितंबर 2025 को इतिहास रचने से चूकी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को एक झटका लगा है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर मंगलवार 23 सितंबर 2025 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। शनिवार को फिरोजशाह कोटला मैदान पर स्मृति मंधाना की 125 रन की धमाकेदार पारी के बावजूद मेजबान भारत को 43 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से सीरीज जीत ली, जबकि भारतीय महिला टीम कंगारुओं के खिलाफ पहली बार वनडे सीरीज अपने नाम करने से चूक गई। आईसीसी के मैच रेफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल की जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया, क्योंकि समय सीमा को ध्यान में रखते हुए भारत को निर्धारित समय से दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। आईसीसी की ओर से जारी बयान में कहा गया, खिलाड़ियों और प्लेयर्स सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर गति से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा कम फेंके जाने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद भी खुश नहीं स्मृति मंधाना, कहा- विश्व कप से पहले हमें ताकत और कमजोरियां दिखा गई यह सीरीज बयान में यह भी कहा गया, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित जुर्माना स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। धीमी ओवर गति की रिपोर्ट मैदानी अंपायर लॉरेन एजेनबाग और जननी नारायणन ने की थी। इसमें थर्ड अंपायर गायत्री वेणुगोपालन और फोर्थ अंपायर वृंदा राठी की भी सहमति शामिल थी।



### ऑस्ट्रेलिया को भी लगा झटका

इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के लिए भी एक बुरी खबर आई। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस का वनडे विश्व कप में जगह बनाने का इंतजार और बढ़ गया, क्योंकि पिंडली में खिंचाव के कारण वह भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी 50 ओवरों के टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। ग्रेस हैरिस को शनिवार 20 सितंबर 2025 को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में चोट लगी थी।

### स्वदेश लौटेंगी ग्रेस हैरिस, हीथर ग्राहम खेलेंगी

ग्रेस हैरिस अब 9 नवंबर से शुरू होने वाली महिला बिग बैश लीग से पहले स्वास्थ्य लाभ और पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट जाएंगी। ऑस्ट्रेलिया ने हैरिस की जगह हीथर ग्राहम को टीम में शामिल किया है। हीथर ग्राहम महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग में बुधवार और गुरुवार (24 और 25 सितंबर) को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के पहले दो मुकाबलों में हिस्सा लेने के बाद भारत में ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगी।

## राहुल द्रविड़ के बेटे समित पर भारी पड़ा सचिन तेंदुलकर का लाल अर्जुन, सिर्फ नौ रन पर कर दिया आउट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के अलूर में सोमवार (22 सितंबर) को दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के बेटे के. थिमप्पिया मेमोरियल टूर्नामेंट में आमने-सामने हुए। गोवा के लिए अर्जुन तेंदुलकर ने कर्नाटक सेक्रेटरी इलेवन के समित द्रविड़ का विकेट लेकर इस मैच को यादगार बना दिया। समित द्रविड़ ने 26 गेंदों पर 9 रनों की अपनी पारी के दौरान दो चौके लगाए। एक शॉट लॉन्ग ऑफ की ओर गया जबकि दूसरा कवर्स में गया। हालांकि, अर्जुन तेंदुलकर ने उन्हें काशब बाकले के हाथों कैच करा दिया। इस टूर्नामेंट में कर्नाटक के कुछ शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा हैं। इनमें हाल ही में इंग्लैंड का दौरा करने वाले खिलाड़ी करुण नायर और प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल हैं। करुण इस मैच में खेल रहे हैं और वह 3 रन बनाकर आउट हुए।

**कर्नाटक की बल्लेबाजी** - कर्नाटक ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 8 विकेट पर 245 रन बनाए। कृतिक कृष्णा 89 रन बनाकर क्रीज पर हैं। लोचन गौड़ा ने 88 रन बनाए। फैजान खान ने 29 और राजवीर वाधवा ने 14 रन बनाए। समित द्रविड़ 9, माधव बजाज 4 और करुण नायर 3 रन बनाकर आउट हुए। निकिन जोस और ध्रुव पी बगैर खाता खोले आउट हुए। अभिषेक अहलावत बगैर खाता खोले क्रीज पर हैं।

# क्यों हो रहीं विनेश फोगाट वाली गलतियां?

### WFI ने पेरिस ओलंपिक के मेडलिस्ट को जारी किया कारण बताओ नोटिस, 27 तक देना होगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने सोमवार 22 सितंबर 2025 को पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत को विश्व चैंपियनशिप में स्वीकार्य वजन सीमा पर खरा नहीं उतर पाने को लेकर सोमवार को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया। अमन पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती 57 किलोग्राम स्पर्धा में पदक के प्रबल दावेदारों में से एक थे, लेकिन प्रतियोगिता के दिन उनका वजन स्वीकार्य सीमा से 1.7 किलोग्राम अधिक निकला, जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया।

**4-4 कोचों के बावजूद क्यों हुआ ऐसा** - डब्ल्यूएफआई ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि जगरेब में चार कोच मौजूद थे, लेकिन वे वजन प्रबंधन पर नजर नहीं रख पाए और इसके मद्देनजर उन्हें भी 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के एक पदाधिकारी ने बताया, 'यह स्वीकार्य नहीं है। हमें इसके पीछे के कारणों का पता लगाना होगा। दो महीने से भी कम समय में हमारे दो अच्छे पहलवानों को अयोग्य घोषित कर दिया गया। हमें इसकी जांच करनी होगी, इसलिए हमने अमन को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है।'



### कोचों की भी जिम्मेदारी थी: डब्ल्यूएफआई

डब्ल्यूएफआई के पदाधिकारी ने बताया कि मुख्य कोच जगमंदर सिंह, विनोद, वीरेंद्र और नरेंद्र को भी स्पष्टीकरण देना होगा। उन्होंने बताया कि अमन और चारों कोच से 27 सितंबर तक जवाब देने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया, 'वहां 10 पहलवान और चार कोच थे। उन्हें इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए था। वे प्रतियोगिता से 15 दिन पहले वहां थे। यह उनकी भी जिम्मेदारी थी, इसलिए उन्हें भी स्पष्टीकरण देना होगा।

### क्या कहता है WW का नियम?

साल 2023 में जारी यूडब्ल्यूडब्ल्यू नियमों के अनुसार, विश्व कप, यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए दो किग्रा तक अधिक वजन तक की मंजूरी है। हालांकि, विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक जैसे टूर्नामेंटों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। पेरिस ओलंपिक 2024 में स्वीकार्य वजन सीमा पर खरा नहीं उतर पाने के कारण ही विनेश फोगाट स्वर्ण पदक मुकाबले (महिला 50 किग्रा वर्ग) में हिस्सा नहीं ले पाईं थीं। तब विनेश फोगाट का वजन 50 किलोग्राम से कुछ ग्राम अधिक था।

### पहले विनेश फोगाट अब अमन सहरावत

विनेश फोगट के पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित होने के बाद, किसी स्टार भारतीय खिलाड़ी (अमन सहरावत) के ज्यादा वजन का यह पहला मामला है। हालांकि, एक महीने से भी कम समय में विश्व चैंपियनशिप में किसी भारतीय के साथ यह अयोग्यता की दूसरी घटना है। अगस्त 2025 में बुल्गारिया के समोकोव में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप से नेहा सांगवान (महिला 59 किग्रा) को स्वीकार्य सीमा से 600 ग्राम अधिक वजन होने के कारण बाहर कर दिया गया था। इसके बाद डब्ल्यूएफआई ने नेहा सांगवान को दो साल के लिए निलंबित कर दिया था।

# अमृत भारत Express

## तेज रफ्तार, किफायती किराया




अमृत भारत एक्सप्रेस भारतीय रेल की आधुनिक पहल है। जो आम यात्रियों को कम किराए में बेहतर सुविधा, आराम और स्वदेशी तकनीक का अनुभव देती है। इस ट्रेन को विशेष रूप से मिडिल क्लास और अंत्योदय के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके कोच पूरी तरह से भारत में बने हैं और आत्मनिर्भर भारत की भावना को और मजबूती देते हैं।

अमृत भारत एक्सप्रेस सुविधाजनक है। इसका लुक और डिज़ाइन भी अत्यंत आकर्षक है। ये किसी प्रीमियम ट्रेन जैसा अनुभव देती है। रेलवे की यह कोशिश है कि आम आदमी भी शान और आराम के साथ यात्रा कर सके और इसी सोच के साथ यह ट्रेन शुरू की गई है। देश में आज कुल 11 अमृत भारत ट्रेनें संचालित हैं, जिसमें सबसे अधिक 10 ट्रेनें बिहार के हिस्से में आई हैं।

पर्यावरण के प्रति सजगता, ऊर्जा की बचत और यात्रियों की सुविधा- ये तीनों पहलू इस ट्रेन की पहचान हैं। यह नॉन एसी ट्रेन देश के विकास की नई रफ्तार और बदलते भारत की झलक है।

### तकनीक से बढ़ी सुरक्षा

अमृत भारत एक्सप्रेस में सुरक्षा और तकनीकी दृष्टिकोण से कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कपलर में क्रैश ट्यूब और EP-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम की सुविधा दी गई है, जिससे तेजी से ब्रेक लग सकेगा। ये पूरी तरह से सील्ड गैंगवे और वैक्यूम एवैक्यूशन सिस्टम से लैस है। हर कोच में टॉक बैक यूनिट तथा गार्ड रूम में रिस्पॉन्स यूनिट से यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत किया गया है। गैर-एसी कोचों में पहली बार फायर डिटेक्शन सिस्टम की सुविधा यात्रियों की सुरक्षा में नई क्रांति है।

### रफ्तार के सारथी 2 इंजन

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को विशेष रूप से भारतीय रेलवे की नई तकनीकी क्षमताओं का उदाहरण बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह एक एलएचबी पुश-पुल ट्रेन है, जिसका तात्पर्य यह है कि इसके दोनों सिरों पर शक्तिशाली इंजन लगे होते हैं। यह विशेष तकनीक न केवल ट्रेन को अधिक तेज़ी से गति पकड़ने में मदद करती है, बल्कि कठिन मार्गों और ढलानों पर भी बेहतर नियंत्रण बनाए रखने में सहायक होती है। दो इंजनों की उपस्थिति से ट्रेन को ब्रेक लगाने में कम दूरी की आवश्यकता होती है, जिससे सुरक्षा भी बेहतर होती है।

इस प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह ऊर्जा की खपत को कम करती है। पारंपरिक ट्रेनों की तुलना में, पुश-पुल तकनीक वाली यह ट्रेन कम ईंधन का उपयोग करती है और इंजन पर लोड भी संतुलित रहता है। इससे न केवल परिचालन लागत में कमी आती है, बल्कि पर्यावरण के प्रति भी ज़िम्मेदारी दिखाई देती है।

> “अमृत भारत एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है जो एकदम लो कॉस्ट पर वर्ल्ड क्लास सर्विसेस प्रोवाइड करती है इसमें 11 जनरल क्लास कोच है 8 स्लीपर क्लास कोच है।”
>
> **अश्विनी वैष्णव,** रेल मंत्री



### एक नजर में

| | |
|---|---|
| गति अधिकतम 130 किमी/घंटा | पूरी तरह सील गैंगवे |
| अधिक गद्देदार बर्थ | 22 कोच वाली ट्रेन |
| मिडिल क्लास और अंत्योदय को तोहफा | |



### पहली बार

- LHB कोच में इमरजेंसी टॉकबैक सिस्टम
- भारतीय रेल में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर टाइप 10 हेड
- नॉन एसी कोच में फायर डिटेक्शन सिस्टम
- भारतीय रेल में बाहरी इमरजेंसी लाइट्स
- नॉन एसी कोच में EP-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम

### यात्री सुविधाओं की सौगात

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को ‘सबका साथ, सबका विकास’ की भावना के साथ इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह हर वर्ग के यात्री को एक सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक रेल यात्रा का अनुभव प्रदान करे। यह ट्रेन भारतीय रेलवे की उन्नत सोच और तकनीकी नवाचार का बेहतरीन उदाहरण है। इसके कोचों में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई अत्याधुनिक बदलाव किए गए हैं। इसमें फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बॉटल होल्डर, और फास्ट मोबाइल चार्जिंग पोर्ट जैसी व्यक्तिगत सुविधाएँ शामिल हैं। यात्री रात के समय में भी आसानी से रास्ता देख सकें, इसके लिए कोच में रेडियम इल्यूमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप्स लगाई गई हैं। बोगियों में 160KN एयर स्प्रिंग बोगी सिस्टम लगाया गया है, जो यात्रा को झटकों से मुक्त और अत्यधिक आरामदायक बनाता है। यह सिस्टम यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में थकान से बचाता है।

शौचालयों में इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमेटिक सोप डिस्पेंसर, और एरोसोल-आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम जैसी सुविधाएँ दी गई हैं, जो स्वच्छता व सुरक्षा को नई ऊँचाइयों पर ले जाती हैं। इसके अलावा, दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालय, पेन्ट्री कार की उपलब्धता, बेहतर व गद्देदार सीटें, और साफ-सुथरा वातावरण यह सुनिश्चित करते हैं कि हर यात्री को बिना किसी भेदभाव के एक समान, सम्मानजनक और संतुलित यात्रा का अनुभव प्राप्त हो।

यात्रियों की मानसिक और शारीरिक सुविधा का ध्यान रखते हुए ट्रेन के इंटीरियर को अत्यधिक उपयोगी और आकर्षक बनाया गया है। सीटों की डिज़ाइन इस प्रकार की गई है कि लंबे समय तक बैठने के बावजूद शरीर को थकावट महसूस न हो। पेंट्री कार में गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था की गई है जिससे यात्रियों को सफर के दौरान स्वादिष्ट और पौष्टिक खाना मिल सके। साथ ही, कोच में बेहतर रोशनी, वेंटिलेशन, और तापमान नियंत्रण की व्यवस्था की गई है ताकि हर मौसम में यात्रा आरामदायक बनी रहे।



### हर स्थिति में आरामदायक यात्रा

अमृत भारत ट्रेन के साथ भारतीय रेल में पहली बार ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर का उपयोग किया गया है। इससे ट्रेन जुड़ते या अलग होते वक्त झटका नहीं लगता और ना ही आवाज आती है। इसमें लगा डिफॉर्मेशन ट्यूब किसी टक्कर की स्थिति में झटका कम कर देता है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ती है। लोकोमोटिव के साथ यह रेक न केवल स्थिरता प्रदान करता है, बल्कि उच्चतम गति एवं बेहतर संचालन की क्षमता भी सुनिश्चित करता है।

### देश में संचालित अमृत भारत एक्सप्रेस

- दरभंगा-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस
- सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस
- राजेन्द्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
- बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस
- दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
- मालदा टाउन-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
- सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
- गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
- जोगबनी-ईरोड-जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस
- सहरसा-छेहरटा (अमृतसर)-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस
- मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस

